

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद मनु भाकर ने कहा ...

डोनाल्ड ट्रंप का भारतवंशी नेता पर वार- राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन से ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 110 | नई दिल्ली, बुधवार, 31 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

# मनु ने दूसरा पदक जीतकर रचा इतिहास, सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य

## ओलंपिक के एक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

प्रात : किरण

शेटराउ/एजेंसी। आत्मविश्वास से भरी मनु भाकर ने स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया जिन्होंने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16.10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया। यह उपलब्धि उनकी पिछली सफलता के बाद आई है, जहां उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था, जो भारतीय शूटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। भाकर की डबल पोडियम फिनिश ने न केवल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत की पदक तालिका खोली, बल्कि उन्हें भारतीय एथलीटों के एक विशिष्ट समूह में भी शामिल किया। वह पीवी सिंधु से जुड़ती है जो दो ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं। तोक्यो ओलंपिक में मनु पिस्टल में खराबी आने के कारण फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी लेकिन यहां दो पदक जीतकर उन्होंने हर जख्म पर मरहम लगा दिया। मनु को अभी 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी उतरना है और उनके पास तीसरा पदक जीतने का भी मौका है। सरबजोत 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में 577 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में जगह नहीं बना सके थे। मनु और सरबजोत ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 स्कोर करके कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। मनु ने जीत के बाद कहा, मैं बहुत ही गर्व महसूस कर रही हूं। सभी को शुभकामनाओं के लिये धन्यवाद। उन्होंने कहा, हम विरोधी टीम के प्रदर्शन पर नियंत्रण नहीं कर सकते लेकिन अपना प्रदर्शन तो अपने साथ में है। मैने और मेरे जोड़ीदार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अंत तक जुझारूपन नहीं छोड़ा।



**पीएम मोदी ने दी बधाई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाजों मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है।

**मनु और सरबजोत को सीएम ने दी बधाई :** पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पेरिस ओलंपिक 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर एवं सरबजोत सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अद्भुत कौशल और प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है और देशवासियों को गौरवान्वित किया है। सुश्री मनु भाकर ने एक ही ओलंपिक में लगातार दो पदक जीते हैं, यह हम सभी के लिये गौरव की बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### शाह ने केरल के मुख्यमंत्री से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बात कर वायनाड में भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा केन्द्र की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि श्री शाह ने श्री विजयन के साथ टेलीफोन पर बात कर हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी ली है। मंत्रालय ने कहा है कि श्री शाह ने केरल के मुख्यमंत्री को संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि वायनाड जिले के मेप्पाडी के नजदीक पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गयी।

### राहुल ने सरकार से वायनाड में राहत एवं बचाव कार्य तेज करने का आग्रह किया

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड में हुई विनाशकारी भूस्खलन की घटना के बाद मंगलवार को सरकार से राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया। श्री गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान केरल के वायनाड में कई भूस्खलन की घटना के बारे में कहा, आज सुबह-सुबह वायनाड में कई विनाशकारी भूस्खलन हुए। 70 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। मुंडकाई गांव का संपर्क टूट गया है और त्रासदी के पैमाने के कारण लोगों की जान और व्यापक क्षति का आकलन अभी किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, मैंने रक्षा मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री से बात की है। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि बचाव और चिकित्सा देखभाल के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाए, मृतकों को तत्काल मुआवजा दिया जाए।

### राजनाथ ने वायनाड में बचाव अभियान के लिए सेना प्रमुख से बात की

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से बात कर केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की बड़ी आपदा से निपटने के लिए चलाये जा रहे बचाव अभियान के बारे में जानकारी ली है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि श्री सिंह ने जनरल द्विवेदी से बचाव अभियान में सेना की तरफ से हर संभव मदद पहुंचाने को कहा है। सेना की ओर से बताया गया है कि राज्य सरकार की ओर से मदद का अनुरोध मिलने पर सेना ने तत्काल चार टुकड़ियों को वहां रवाना कर दिया। सेना ने करीब ढाई सौ सैनिकों को बचाव अभियान में मदद के लिए भेजा है।

### पुंछ में संदिग्ध आतंकी गतिविधि के बाद सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जिले में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के एक दूरदराज गांव में दो आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली। इसके बाद घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया गया। कथित तौर पर काले कपड़े पहने दो हथियारबंद संदिग्धों को सोमवार देर रात देहरा की गली के पास सलामपुरा गांव में घूमते देखा गया। अधिकारियों ने बताया, पुलिस ने सूचना मिलने पर कोई देर न करते हुए राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की मदद से संयुक्त अभियान शुरू किया। संदिग्ध आतंकवादियों को निचले पंगई इलाके की तरफ बढ़ते देखा गया। तलाशी अभियान जारी है। लेकिन अभी तक संदिग्ध आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

**वायनाड के चूरलमाला में रात करीब 2 बजे हुआ भूस्खलन, तबाही का आलम**

# केरल: भूस्खलन से 63 की मौत, 100 घायल!



प्रात : किरण

वायनाड। केरल में वायनाड जिले के वेल्लारीमाला गांव में मंगलवार सुबह दो बड़े भूस्खलन की घटना में 63 लोगों की मौत हो गयी और 70 अन्य घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आठ महिलाओं सहित 43 शवों को वायनाड जिले के मेप्पाडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है जबकि आठ अन्य शव वायनाड जिले के मेप्पाडी में निजी अस्पताल में रखे गये हैं। मलप्पुरम जिला पुलिस अधीक्षक एस शशिधरन ने संवाददाताओं को बताया कि पोथुकल में चलियार नदी में तैरते हुए मिले आठ शवों को नीलांबुर के सरकारी जिला अस्पताल में रखा गया है। जिले में पांच स्थानों पर पीड़ितों के कई शवों के अंग भी बरामद किए गए हैं।

पीड़ितों को बचाने के लिए आपातकालीन बल और पुलिस ने चलियार नदी में तलाशी अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने भारी बारिश के बावजूद वायनाड जिले के कलपेट्टा शहर से 08 किलोमीटर दूर चूरलमाला नदी को पार किया और बचाव अभियान चलाया। रक्षा कर्मियों की एक टीम दोपहर करीब दो बजे चूरलमाला पहुंची और वहां फंसे 250 लोगों को बचाने के लिए चूरलमाला और मुंदकई को जोड़ने वाला एक अस्थायी पुल बनाया। उन्होंने बताया कि मुंदक्कई के पहाड़ी इलाकों में करीब 150 लोग फंसे हुए हैं और करीब 100 लोग एक रिसॉर्ट में फंसे हुए हैं। मलबे से शवों को निकालने के लिए डॉग स्क्वायड को भी लगाया गया है।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने घटना पर जताया दुःख

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केरल के वायनाड में हुई भूस्खलन की घटना पर दुःख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल एक्स पर लिखा, केरल के वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन में लोगों की मौत से दुःखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केरल के वायनाड में भारी वर्षा और भूस्खलन से जानमाल की क्षति पर दुःख जताया है। उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री से टेलीफोन पर बात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स लिखा कि वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और जो घायल हुए हैं। मैं उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वायनाड में बचाव अभियान चल रहा है। इस संबंध में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से टेलीफोन पर बातचीत की है। उन्होंने केंद्र की ओर से केरल के मुख्यमंत्री विजयन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

**झारखंड के जमशेदपुर से लगभग 80 किमी दूर बड़ाबम्बू के पास हुआ हादसा**

# मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरे; दो लोगों की मौत, 20 घायल

प्रात : किरण

जमशेदपुर/रांची/कोलकाता/एजेंसी। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के कम से कम 18 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर डिवीजन के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बू के पास हुई। एसईआर के प्रवक्ता ओम प्रकाश चरण ने बताया कि पास में एक मालगाड़ी के भी पटरी से उतरने की सूचना है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये दोनों दुर्घटनाएं एक साथ हुई हैं या नहीं। दुर्घटनास्थल पर मौजूद पश्चिम सिंहभूम जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा, बड़ाबम्बू के पास हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। बचाव अभियान जारी है।



एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की एक टीम मौके पर पहुंच रही है। दुर्घटनास्थल पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों की सीमा के पास है। एसईआर प्रवक्ता ने कहा, तड़के पौने चार बजे 22 डिब्बों वाली मुंबई-हावड़ा मेल के कम से कम 18 डिब्बे एसईआर की चक्रधरपुर डिवीजन के अंतर्गत बड़ाबम्बू रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इन डिब्बों में 16 यात्री डिब्बे, एक पावर कार और एक पैंट्री कार शामिल है। एसईआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दुर्घटना में घायल यात्रियों को बड़ाबम्बू में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के बाद बेहतर इलाज के लिए चक्रधरपुर ले जाया गया। अधिकारी के मुताबिक, बचाव अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन सोमवार रात हावड़ा से रवाना हुई थी और मंगलवार तड़के बड़ाबम्बू रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि रेल दुर्घटना सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां ब्लॉक के पोटोबेड़ा में हुई। उन्होंने कहा, मुंबई-हावड़ा मेल और एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई। अधिकारी प्रभावित यात्रियों की संख्या के बारे में पता लगा रहे हैं। अधिकारी के अनुसार, दुर्घटना के मद्देनजर एसईआर ने मंगलवार को कुछ यात्री और एक्सप्रेस ट्रेन रद्द कर दीं, जिनमें 22861 हावड़ा-टिटलागढ़-कांतबांजी इस्पात एक्सप्रेस और 12021 हावड़ा-बारबिल जनशताब्दी एक्सप्रेस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बड़ाबम्बू स्टेशन के पास हुई दुर्घटना के कारण कुछ अन्य ट्रेन की यात्रा या तो गंतव्य स्टेशन से पहले समाप्त कर दी गई है या फिर उनके मार्ग में बदलाव किया गया है। एसईआर ने एक बयान में बताया कि हादसे के बाद मुंबई, भुसावल, नागपुर, टाटा, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, हावड़ा, शालीमार और खड़गपुर के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

# देश के सभी हिस्सों में विकसित किये जा रहे हैं अन्न भंडारण केंद्र : शिवराज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाने और उनके लिए ढांचागत सुविधा विकसित करने के लिए देश के सभी हिस्सों में सरकार अन्न भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था कर रही है ताकि किसान को खेती का पर्याप्त लाभ मिल सके। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि किसान अन्नदाता है, वह हमें अन्न देता है इसलिए किसान जीवनदाता भी है। सरकार के लिए किसान सेवा भगवान सेवा जैसी है इसलिए किसान का उत्पादन बढ़ाना भी एक सेवा है। किसान पर्याप्त अन्न उत्पादन कर देश का पेट भर रहे हैं इसलिए अन्न के भंडारण जैसी ढांचागत सुविधा के लिए सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था की है और देश के हर हिस्से में अन्न भंडारण की व्यवस्था की जा रही है।



उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को बेकार भूमि पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा दी है। इससे वह बिजली बेचकर लाभ भी अर्जित कर सकता है और अपना सोलर पैनल लगाकर, वह इससे प्राप्त ऊर्जा से अपनी खेती को बढ़ाने का काम भी कर सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जल्दी खराब होने वाली फसलों के रखरखाव के लिए कोल्ड स्टोरेज का तेजी से निर्माण किया जा रहा है और हर जगह के किसान को यह सुविधा मिले, इसके लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं।

### मनरेगा के तहत 100 दिन दिया जाएगा काम : मंत्री

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने मनरेगा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा है कि मनरेगा को बढ़ाने के लिए हर कदम उठाए जाएंगे और हर गांव में इसके तहत 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि 100 दिन का रोजगार देना सरकार की प्रतिबद्धता है। मनरेगा के लिए मोदी सरकार ने तीन गुना प्रावधान किया है और जरूरत पड़ी तो इसे और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोजगार की योजना है और ग्रामीण क्षेत्र के लिए इसे हर हाल में जारी रखा जाएगा। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का फंड कई गुना बढ़ाया है। सरकार मनरेगा के तहत हर गांव में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है और यह काम तेजी से किया जा रहा है।

# 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे : सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा-विकसित भारत के लिए है ये बजट 2024-25

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। भौगोलिक विकास के हिसाब से यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि



विकसित भारत सरकार का विजन है इस इस वित्त वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपये खर्च होने जा रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि सरकार का व्यय तेजी से बढ़ा है, जो 48.21 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इसमें 7.3 फीसदी और 2023-24 के पूर्व वास्तविक व्यय की तुलना में 8.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25, विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि इससे मुझे और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाएंगे। विपक्षी दलों के आरोपों पर बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मैं ये साफ कर देना चाहती हूं कि अगर किसी राज्य का बजट में नाम नहीं लिया गया, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि उस राज्य को पैसे जारी नहीं किए गए। विपक्ष को लोगों के बीच ऐसी धारणा नहीं बनानी चाहिए।

# स्वदेश में उपकरण निर्माण कर देश बन रहा है आत्मनिर्भर: मंत्री

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और जिन उपकरणों का पहले विदेश से आयात होता था, उनका घरेलू स्तर पर ही निर्माण हो रहा है तथा जरूरत पूरा होने के बाद उनका निर्यात भी किया जा रहा है। लोकसभा में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में कहा कि योजना थी कि बड़ी कंपनी आएंगी तो छोटे उद्योग भी विकसित होते रहेंगे। छोटे उद्योगों को बढ़ाने की योजना को और महत्वपूर्ण बनाया जा रहा है और बड़ी संख्या में इसमें तेजी से निवेश आ रहा है। कई राज्यों में इसको लेकर अच्छा काम मिल रहा है और मेक इन इंडिया के तहत विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। पहले जो उपकरण विदेश से आते थे, वे अब देश मे बन रहे हैं और घरेलू बाजार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**सम्मेलन** | **विकसित भारत की यात्रा: बजट 2024-25 के बाद का सम्मेलन को पीएम ने किया संबोधित**

# बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन में विकसित भारत की यात्रा: केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। यह कार्यक्रम कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, मेरा देश कभी पीछे नहीं हट सकता। भारत बहुत ही जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत किस ऊचाई पर है। आज भारत 8 प्रतिशत की रफ्तार से ग्रो कर रहा है। आज हम सभी डिस्कस कर रहे हैं, जर्नी टुवार्ड विकसित भारत। यह बदलाव सिर्फ सेंटिमेंट का नहीं है यह बदलाव कॉन्फिडेंस



का है। आज देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रहा है। बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। हम देश के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ पर ध्यान दे रहे हैं। हमने कौशल विकास और रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया है। इसमें मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया युवाओं की मदद कर रही है। मुद्रा योजना की मदद से आठ करोड़ से ज्यादा साथियों ने पहली बार कोई बिजनेस शुरू किया है। स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं, लोगों युवाओं को इनमें काम मिला है। बजट में हुई पीएम पैकेज की घोषणा से चार करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा।

**भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा :** पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है। और वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़े इकोनॉमिक पावर बन जाएगा। पीएम ने कहा, हमैं जिस बिरादरी से आता हूं उस बिरादरी की पहचान बन गई है चुनाव से पहले जो बातें करते हैं चुनाव के बाद भुला देते हैं। मैं वैसा नहीं हूं। इसलिए मैं याद दिला देता हूं मैंने कहा था मेरे तीसरे टर्म में देश तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

**हम भारत को महासंकट से निकालकर इस ऊंचाई पर लाए:** पीएम ने दावा किया कि हम भारत को उस महासंकट से निकाल कर इस ऊंचाई पर लाए हैं। बजट 16 लाख से 48 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कैपेक्स जिसे रिसोर्स इन्वेस्टमेंट कहा जाता है यूपीए सरकार के पहले बजट में कैपेक्स के लिए 90 हजार करोड़ था, इस साल सरकार चलाने के बाद 2014 में यह बजट 2 लाख करोड़ रुपये था। आज कैपेक्स 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। हमारी सरकार में कैपेक्स 5 गुना की रफ्तार से बढ़ा है। बात सिर्फ बजट बढ़ाने की नहीं है बात गुड गवर्नेंस की है। पहले बजट की घोषणाएं भी जमीन पर नहीं उतार पाते थे। ऐसी अनिश्चितता के समय में भी विदेशी मुद्रा भंडार में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। हाई ग्रोथ लो इन्फ्लेशन वाला इकलौता देश है। इतनी बड़ी महामारी के बावजूद भारत का फिस्कल प्रूडेंस पूरी दुनिया के रोल मॉडल है।

# दिल्ली कोचिंग हादसे पर हाई कोर्ट में याचिका, आज सुनवाई

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राव आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में तीन यूपीएससी परीक्षार्थियों की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग वाली याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई करेगा। मंगलवार को याचिकाकर्ता कुटुंब की ओर से वकील रुद्र विक्रम सिंह की ओर से कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच से जल्द सुनवाई की मांग की गई। इसके बाद कोर्ट ने 31 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। कुटुंब नामक संस्था की ओर से याचिका दायर कर कहा गया है कि इस मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाए। याचिका में मांग की गई है कि दिल्ली में चल रहे कोचिंग संस्थानों के अनधिकृत व्यावसायिक निर्माण और बिना किसी मानक के चलाए जाने की जांच का दिशा-निर्देश जारी किया जाए। याचिका में कहा गया है कि विभागों के अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से पिछले कुछ सालों में कई जानें चली गईं। याचिका में दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली फायर सर्विस को पक्षकार बनाया गया है। वकील सत्यम सिंह ने कार्यकारी चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर मांग की है कि दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरीज का सुरक्षा आडिट कराया जाए। पत्र में मांग की गई है कि दिल्ली नगर निगम के सभी नियमों, आग से सुरक्षा संबंधी नियमों और बिल्डिंग से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। पत्र में कहा गया है कि बाढ़ से सुरक्षा से उपकरण स्थापित किए जाएं और नालियों की उचित व्यवस्था हो खासकर बेसमेंट के लिए। पत्र में मांग की गई है कि इस पत्र पर हाई कोर्ट स्वतः संज्ञान ले और कार्यवाही करे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 31 जुलाई, 2024




## संक्षिप्त समाचार

### टनकपुर डिपो की बस खराब यात्री परेशान



**चंपावत, एजेंसी।** रोडवेज डिपो की बसों में लोगों के लिए सफर करना आसान नहीं हो रहा है। रविवार को टनकपुर डिपो की एक बस चलते-चलते अचानक रास्ते पर खराब हो गई। इससे लोहाघाट, बेड़ीनाग जा रहे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार को टनकपुर रोडवेज स्टेशन से यूके07पी ए 3121 यात्रियों को लेकर लोहाघाट जा रही थी। इस दौरान स्वाला क्षेत्र में बस खराब हो गई जिससे यात्री परेशान हो गए। इसके बाद चालक परिचालक बस को ठीक करने में लग गए। बस में सवार करीब 10 यात्री घंटों इंतजार करते रहे। फिर पीछे से आ रही पिथौरागढ़ डिपो की बस के चालक ने किसी तरह एक घंटे की मशक्कत के बाद बस को ठीक किया। बस ठीक होने तक पिथौरागढ़ के यात्रियों को भी इंतजार करना पड़ा। टनकपुर के एआरएम पवन मेहरा ने बताया कि बसों को जांच के बाद ही संचालित किया जाता है।

### अधिक सवारी ढोने पर नेपाल की मिनी बस सीज

**बनबसा (चंपावत), एजेंसी।** नेपाल से भारत को मैत्री बसों के नाम पर आने वाले कई वाहन नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। रविवार को बनबसा शारदा बैराज पुलिस चौकी ने तय से काफी अधिक सवारी ढोने के आरोप में एक नेपाल की बस को सीज कर दिया। बस में सवार नेपाली नागरिकों को रोडवेज की बस में गंतव्य तक रवाना किया गया। रविवार को बनबसा शारदा बैराज पुलिस चौकी कर्मी सीमा पर आवागमन करने वाले वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी बीच नेपाल के लुंबनी स्थित तुलसीपुर से शिमला जा रही एक मिनी बस संख्या आरए 01 केएचए 2825 बनबसा बैराज पहुंची। चैक करने पर 42 सवारियों वाली बस में 56 सवारियां मिली। शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई ललित मोहन पांडेय ने बताया कि बस चालक जायज कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखा पाया। इस कारण बस को सीज कर लिया गया। बैराज चौकी प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा उक्त बस के परिचालक से सवारियों के पैसे वापस करा उन्हें टनकपुर डिपो से रोडवेज बस मंगवाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### रामनगर में 14 साल की नाबालिग लड़की ने खाया जहर

**नैनीताल, एजेंसी।** रामनगर में नौवीं की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगल लिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम है। रामनगर में नौवीं की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ निगल लिया। सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम है। पुलिस के अनुसार टांडा मल्लू चिलकिया रामनगर निवासी मो. हासिम की 14 वर्षीय पुत्री कक्षा नौ की छात्रा थी। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे उसने कोई विषैला पदार्थ निगल लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। किशोरी को पहले सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, वहां से उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों न छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

### आईटीआई गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नुमाइश में 20 जुलाई को पार्किंग शुल्क को लेकर हुई लड़ाई में पुलिस ने आईटीआई गैंग के एक और सदस्य को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। 20 जुलाई को एमबी इंटर कॉलेज के पास नुमाइश में आईटीआई गैंग ने जमकर अराजकता की। युवकों ने पार्किंग को लेकर कार सवारों के ऊपर तलवार से जानलेवा हमला किया था।

## नहीं थमा तेंदुए का आतंक! अब 13 साल की किशोरी को किया जख्मी, गांव में दहशत का माहौल

**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में लगातार तेंदुए का आतंक देखने को मिल रहा है। जनपद में तेंदुए आबादी वाले क्षेत्रों में घुस रहे हैं, जहां पालतू जानवरों के साथ लोगों को भी अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला जनपद के बाजपुर क्षेत्र का है, जहां लगातार तेंदुए की दस्तक देखने को मिल रही है। क्षेत्र के कई जगह के सीसीटीवी में तेंदुए की तस्वीरें कैद हुई हैं। वहीं वन विभाग इन घटनाओं पर एक दम सुस्त रवैया अपना रहा है। ऐसा लगता है कि जैसे वन विभाग मूकदर्शक बन मदारी का तमाशा देख रहा हो।

दरअसल, यह घटना बाजपुर क्षेत्र की है, जहां बीती रात गोबरा ज्वाला वन निवासी दर्शन सिंह की पुत्री 13 वर्षीय संदीप कौर घर से कुछ दूरी पर खेत में शौच करने के लिए गई थी। इसी बीच तेंदुए ने बच्ची के सिर पर अपने पंजा मारकर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। किशोरी की चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग काफी संख्या में मौके पर पहुंच गए। इसके बाद तेंदुआ वहां से भाग निकला। इसी के साथ घायल बच्ची को आनन-फानन में परिजनों की मदद से उपचार के लिए बाजपुर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बता दें कि काफी लंबे समय से क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी बनी हुई है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल के सामने स्थित न्यू सूद कालोनी में बंद पड़े खंडहर में पिछले कई दिनों से रोजाना तेंदुए की दस्तक देखने को मिल रही है, जो कि बड़े आराम से घर की चारदीवारी व छत पर भी चढ़कर घंटों बैठे रहते हैं। दोनों तेंदुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं।

# सीएमआरएफ से स्वीकृत चेक पर 3 हजार कमीशन मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार



**उधम सिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद में एक ऐसी ऑडियो वायरल हुई है, जिसमें पुलिस प्रशासन से लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा हो गई। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन में आई और मामले को पंजीकृत करते हुए आरोपी युवक को पकड़ लिया। इसके बाद राजनीतिक जुबानी जंग छिड़ गई और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति ने मामले को तूल दे दिया। रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मौजूदा विधायक शिव अरोड़ा ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। हालांकि पुलिस ने मामले को पंजीकृत करते हुए आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया और पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी।

दरअसल, बीते दिनों बारिश से आई दैवीय आपदा में मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत पांच हजार रुपए के चेक पर 3 हजार रुपए कमीशन मांगने वाले के मामले में पुलिस ने राजस्व विभाग के अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। इसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं इस मामले में जिले के एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि एक आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इस मामले में राजस्व विभाग के एक अधिकारी की तहरीर पर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने जावेद नाम के युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी ने बताया कि ओडियो की जांच की जाएगी। कमीशन मांगने वाला और जिस व्यक्ति को चेक मिलना था, इस पर भी जांच होगी।

वहीं इस मामले को लेकर मौजूदा विधायक शिव अरोड़ा एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखाई दिए है। बता दें कि रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने इस पूरे मामले को विरोधी पक्ष द्वारा रचा षड़यंत्र बताया। उन्होंने कहा कि ऑडियो की गंभीरता से जांच की जाएगी।

### मेट्रोपोल में बहुमंजिला पार्किंग बनाने की मांग

**नैनीताल, एजेंसी।** मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने मल्लीताल स्थित मेट्रोपोल में बहुमंजिला पार्किंग बनाने की मांग की है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने विधायक सरिता आर्या से मुलाकात कर नगर की प्रमुख मांग को उनके समक्ष रखा।

रविवार को हुई मुलाकात में टंडन ने कहा कि मेट्रोपोल में भूतल पार्किंग के बजाय बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कराया जाए। इससे पार्किंग की समस्या दूर होगी। बीते दिनों डीएम वंदना ने केंद्रीय शत्रु संपत्ति संरक्षण कमेटी के सदस्यों के साथ उक्त परिक्षेत्र का निरीक्षण किया था।

अगर बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण हुआ तो विभिन्न राज्यों से पहुंचने वाले पर्यटकों को काफी सहूलियत होगी। साथ ही स्थानीय लोगों और कारोबारियों को भी सहूलियत मिलेगी। विधायक सरिता आर्या ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की जाएगी।

### अल्मोड़ा से चयनित होंगे 200 उदीयमान खिलाड़ी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सीडीओ आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जिले से 200 खिलाड़ियों का चयन होना है। खेल और शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय के साथ योजना में अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराना होगा ताकि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ ने कहा कि योजना को सफल बनाते हुए विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। जिला खेल अधिकारी माहेश्वरी आर्य ने बताया कि ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं पांच से आठ अगस्त के बीच कराई जाएंगी।

## श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश पर्व पर सजाए गए धार्मिक दीवान



**केलाखेड़ा, एजेंसी।** श्री गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सिखों के आठवें गुरु बाला प्रीतम श्री गुरु हरकृष्ण साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक दीवान सजाए गए। आरंभ हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के भोग के बाद गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी भाई कुलदीप सिंह और भाई मनमीत सिंह के रागी जत्थे ने शबद कीर्तन कर गुरु महिमा का गुणगान किया। इस दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के उत्तराखंड प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने श्री गुरु हरकृष्ण साहिब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1661 में गुरु गद्दी मिलने के बाद गुरु साहिब ने राजा जय सिंह की विनती पर कीरतपुर साहिब से दिल्ली पहुंचकर राजा जय सिंह के बंगले पर निवास किया था। जिसे आज के समय में गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब के नाम से जाना जाता है। गुरुद्वारा साहिब में अरदास के बाद श्रद्धालु संगत ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। वहां गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, नरेश सिंह, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेस अस्पताल बीमार, इलाज की दरकार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** अगर आप बेस अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ के लिए जा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। वजह है बेस अस्पतालों की दीवारों को सीलन का रोग। सीलन के कारण मरीज से लेकर अस्पताल स्टाफ संक्रमण का शिकार हो सकता है। ऐसे में अस्पताल स्वस्थ करने के बजाय आपको और ज्यादा बीमार बना सकता है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन जल्द समस्या के हल का दावा कर रहा है।

बेस अस्पताल लगातार अपनी दुश्वारियों के चलते सुर्खियों में बना हुआ है। बीते दिनों अस्पताल में चल रहे डायलिसिस केंद्र में पानी के संकट के चलते मरीजों को जूझना पड़ा था। बरसात के मौसम में बेस अस्पताल की दीवारों में सीलन की दिक्कत पैदा हो गई है। खासकर दो मंजिल में हड्डी रोग विभाग और निचले तले में महिला सर्जिकल वार्ड की दीवारों में आ रही सीलन से मरीजों के साथ तीमारदारों के भी बीमार होने का खतरा बना हुआ है। उमसभरी गर्मी में पंखे भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। कुछ वार्डों में कूलर नहीं चलने से दिक्कतें और बढ़ जाती हैं। अस्पताल में बिजली जाने पर जेनरेटर नहीं चलने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। अस्पताल के अधिकारी समस्या हल नहीं करा पा रहे हैं।



### छात्रवृत्ति पोर्टल पर बार-बार पंजीकरण से मिलेगी मुक्ति, एक बार रजिस्ट्रेशन में ही सेव हो जाएगा छात्रों का डाटा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति पाने के लिए छात्र-छात्राओं को अब राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (एक बार पंजीकरण) करना अनिवार्य हो गया है। इससे यह सुविधा रहेगी कि विद्यार्थियों को हर साल छात्रवृत्ति के आवेदन के दौरान पोर्टल पर दोबारा प्रमाणपत्र अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पंजीकरण के बाद एनएसपी में छात्र-छात्राओं का डाटा लाइफटाइम के लिए सेव हो जाएगा। शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन करने वाले एससी, ओबीसी व ईबीसी वर्ग के लोगों को अब राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) में वन टाइम पंजीकरण करना होगा। पहले भी पोर्टल में इसका आप्शन होता था, लेकिन यह विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य नहीं किया गया था, लेकिन इस बार इसे अनिवार्य कर दिया गया है।

दरअसल, पूर्वदशम या दशमोत्तर छात्रवृत्ति की सुविधा लेने के लिए विद्यार्थियों को हर साल पोर्टल खुलने के बाद आवेदन करना होता है, जिसमें आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो समेत शैक्षिक योग्यता के सभी दस्तावेज अपलोड करने पड़ते थे, लेकिन अब विद्यार्थियों को सिर्फ हर साल पोर्टल में जाकर पंजीकरण नंबर डालना पड़ेगा, जिसके बाद उनकी छात्रवृत्ति का आवेदन का नवीनीकरण हो जाएगा।

समाज कल्याण आईटी सेल के नोडल अधिकारी गोरधन सिंह ने बताया कि सोमवार को सभी जिला समाज कल्याण अधिकारी को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) का प्रशिक्षण दे दिया गया है। इनके माध्यम से जिलेभर के स्कूलों, कालेजों व संस्थानों के प्राचार्यों व अधिकारियों को इसके बारे में बताया जाएगा।

## छात्राओं से छेड़छाड़ में प्राध्यापक निलंबित, जांच बैठाई; कमेटी सात दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** पंतनगर के जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एक प्राध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच विवि की सेक्सुअल हैरेसमेंट एंड जेंडर जस्टिस कमेटी को सौंपी गई है। पंतनगर के जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एक प्राध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच विवि की सेक्सुअल हैरेसमेंट एंड जेंडर जस्टिस कमेटी को सौंपी गई है। कमेटी विस्तृत जांच कर सात दिन में अपनी रिपोर्ट निदेशक प्रशासन के माध्यम से कुलपति को सौंपेगी। कृषि महाविद्यालय स्थित पादप रोग विज्ञान विभाग और मॉलीक्यूलर बायोलॉजी एंड जेनेटिक इंजीनियरिंग विभाग की एमएससी द्वितीय वर्ष की कुछ छात्राओं ने 26 जुलाई को पादप रोग विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सत्य कुमार पर छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए थे। सोमवार को हुई मामले की सुनवाई के बाद कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की संस्तुति पर डॉ. सत्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। कार्यालय आदेश में प्रकरण की विस्तृत जांच विवि स्तर पर गठित सेक्सुअल हैरेसमेंट एंड जेंडर जस्टिस कमेटी (अध्यक्ष डॉ. सुनीता टी पांडेय) को सौंपी है। निलंबन अवधि में डॉ. सत्य कुमार कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार से संबद्ध रहेंगे। निलंबन अवधि में उन्हें वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियम संग्रह खंड-दो, भाग-दो से चार के मूल नियम 53 के प्रावधानों के तहत जीवन निर्वहन भत्ता दिया जाएगा। कमेटी प्रकरण की नियमानुसार गहनतापूर्वक जांच करते हुए अपनी जांच आख्या सात दिन के अंदर निदेशक प्रशासन के माध्यम से कुलपति को प्रस्तुत करेगी।

## रुद्रपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर कलेक्ट्रेट गेट पर कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मटकोटा मार्ग के निर्माण के साथ ही बंगाली भाषी, अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों को छात्रवृत्ति देने की मांग की। रुद्रपुर कलेक्ट्रेट गेट पर कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मटकोटा मार्ग के निर्माण के साथ ही बंगाली भाषी, अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों को छात्रवृत्ति देने की मांग की। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि लंबे समय से 16 किलोमीटर सड़क जर्जर हालत में है। इस सड़क पर अभी तक कई लोगों की जान जा चुकि है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। सत्ताधारी नेता कुछ नहीं कर रहे हैं।

## कमिश्नर दीपक रावत ने नहर कवरिंग का किया निरीक्षण

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी में आयुक्त दीपक रावत ने सोमवार शाम नगर निगम के पास नहर कवरिंग के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नगर निगम के बराबर में स्थित गूल को भी कवर करने को कहा।

दरअसल आयुक्त रावत शाम को नैनीताल से हल्द्वानी लौट रहे थे। जैसे ही वह नगर निगम के समीप पहुंचे तो उन्होंने गाड़ी रुकवा ली और सिंचाई विभाग की ओर से कराए गए नहर कवरिंग कार्य का निरीक्षण करने लगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बराबर में गूल काफी गहरी है और यहां कभी भी हादसा हो सकता है। लिहाजा सिंचाई विभाग इसे भी कवर कराए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से समस्याएं भी जानी। इसी दौरान मल्ला गोरखपुर क्षेत्र से हारमोनियम और गिटार की आवाज सुन आयुक्त वहां चल रही संगीत की क्लास में पहुंच गए।

कुछ देर उन्होंने वहां मौजूद बच्चों के साथ भक्ति संगीत का आनंद भी लिया। बच्चों ने आयुक्त के साथ सेल्फी भी ली। इस मौके पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा मौजूद रहे।

# लकड़ी व्यापार घोटाले के मास्टरमाइंड को हाईकोर्ट से झटका

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने लकड़ी व्यापार घोटाले के मास्टरमाइंड की जमानत नामंजूर कर दी है। अभियोजन के अनुसार करीब 20 करोड़ की कर चोरी मामले में आरोपित मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने कथित तौर पर ऊधम सिंह नगर के जसपुर क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी फर्म संचालित की।

कमीशन के आधार पर राज्य के भीतर और बाहर विभिन्न खरीदारों को लकड़ी के फर्जी चालान जारी किए। जिससे राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र को भी राजस्व का भारी नुकसान हुआ।

जीएसटी विभाग की ओर से गहन जांच के बाद 22 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। सत्र न्यायालय से जमानत याचिका खारिज होने के बाद शाहनवाज ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ की ओर से याचिका पर विस्तृत आदेश पारित किया है, जो 26 जुलाई 2024 को अपलोड हुआ है। कोर्ट ने कहा कि आवेदक निश्चित रूप से अपराध करने में लिप्त है, जिसके कारण उसने सरकारी खजाने को 20 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व और कर हानि पहुंचाई है। आरोपित ने तथ्यों को छिपाकर जमानत हासिल करने का प्रयास किया। सुनवाई के दौरान राज्य के अधिवक्ता ने तर्क दिया है कि याचिकाकर्ता गवाहों को धमका रहा था। जीएसटी विभाग ने तब जांच शुरू की, जब 26 फरवरी, 2021 और 12 अगस्त, 2021 को दो शिकायतें मिलीं। जिसमें आरोप लगाया गया था कि ऊधम सिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी फर्म पंजीकृत और संचालित की गई थीं। यह लोग बिना माल की वास्तविक आपूर्ति किए कमीशन के आधार पर राज्य के भीतर और बाहर विभिन्न खरीददारों को लकड़ी के फर्जी चालान जारी करने और बेचने में लिप्त थे।



राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 31 जुलाई, 2024



# विश्व हिन्दी परिषद का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन: हिन्दी के स्वर्णिम भविष्य एवं महर्षि अरविंद के विचारों पर मंथन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




विश्व हिन्दी परिषद द्वारा 25-26 जुलाई 2024 को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका विषय युगपुरुष श्री अरविंद: हिन्दी भाषा और विकसित भारत रहा। इस सम्मेलन की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय शांतिदूत श्री प्रेम रावत जी के शांति संदेश से हुई। वीडियो के माध्यम से उन्होंने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। इसके बाद वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

उद्घाटन सत्र की शुरूआत श्री विपिन कुमार, महासचिव विश्व हिन्दी परिषद ने अतिथियों का संक्षिप्त परिचय और स्वागत भाषण से की और महर्षि अरविन्द के ग्रंथों और भारतीयता को एक दूसरे का पूरक बताते हुए हिन्दी भाषा को संपूर्ण भारत को जोड़ने वाली सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने इस सत्र की शुरूआत विशिष्ट अतिथियों के स्वागत से की जिनमें श्री आर. के. सिन्हा, पूर्व सांसद और उद्योगपति और श्री रामचंद्र जांगड़ा, राज्यसभा सांसद, शामिल थे। डॉ. विपिन कुमार ने आगे कहा यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महर्षि अरविंद के विचारों और हिन्दी भाषा के महत्व को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक अनूठा प्रयास है। जैसा कि श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है, ह्यविद्या विनय संपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥ अर्थात विद्या और विनय से सम्पन्न व्यक्ति सभी को समान दृष्टि से देखते हैं। इसी भावना को समर्पित इस सम्मेलन ने हिन्दी भाषा प्रेमियों को एकजुट किया है। हमें गर्व है कि हमने इस मंच के माध्यम से हिन्दी को एक सशक्त और समृद्ध भाषा के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जो संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोती है।

सम्मेलन संयोजिका प्रो. संध्या वात्स्यायन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व हिन्दी परिषद की भूमिका को स्पष्ट किया और श्री अरविंद के संघर्ष, दर्शन और जीवन यात्रा का परिचय दिया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं श्री चिंतामणि महाराज, माननीय सांसद, लोक सभा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. अर्पणा राय ने श्री अरविंद के जीवन, महत्त्वपूर्ण ग्रंथों, आश्रम और साहित्य के बारे में विस्तार से बताया। दीक्षित जी ने श्री अरविन्द के शरीर से परे चेतना, विकासवादी दृष्टिकोण के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। माननीय सांसद जी ने भी अपने गुरु के प्रति श्रद्धा को संजोये रखने पर बल दिया। आरम्भ सत्र के अंत में श्री देवी प्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्व हिन्दी परिषद, ने भारत को जानने के लिए महर्षि अरविंद के विचारों को जानने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, अंग्रेज गए, अंग्रेजी जाए, भारतीय भाषाओं का शासन आए और हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिन्दी परिषद के योगदान का उल्लेख किया।

श्री आर. के. सिन्हा ने हिन्दी भाषा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यदि व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ना है, तो हिन्दी भाषा की शब्दावली का स्पष्ट ज्ञान आवश्यक है। श्री के. सी. त्यागी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव, जदयू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों के लिए पूर्व विदेश मंत्री स्व सुषमा स्वराज जी के योगदान की सराहना की। इसके बाद श्री पी. सी. टंडन, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, वरिष्ठ पत्रकार श्री अमन चोपड़ा, श्री जयप्रकाश द्विवेदी और अन्य गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, पंचायती, मत्स्य पालन एवं डेयरी, प्रोफेसर सत्यपाल सिंह बघेल ने हिन्दी के ऐतिहासिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नवजात शिशु को अंग्रेजी के बजाय हिन्दी में शिक्षा दी जानी चाहिए। कार्यक्रम के पहले दिन का समापन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि सम्मेलन के साथ हुआ। कत्थक नृत्य प्रस्तुति के बाद, राहुल कुमार रजत और अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे दिन के पहले सत्र में प्रमुख अतिथियों में रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी सर्वलोकानंद, विश्व हिन्दी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ डॉ. विपिन कुमार, एनडीएमसी के चीफ इंजीनियर प्रो. सुदर्शन कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रवि कुमार अय्यर, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य के राजदूत डॉ. रोजर गोपाल शामिल थे। स्वामी सर्वलोकानंद ने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया और अपने जीवन में हिन्दी को अपनाने के अनुभव साझा किए। राजदूत रोजर गोपाल ने बताया कि टोबैगो में हिन्दी का प्रभाव कैसे बढ़ रहा है और वहाँ के विद्यालयों में हिन्दी में पाठ पढ़ाए जाते हैं। उन्होंने भाषा और संस्कृति के आधार पर टोबैगो को उन्होंने दूसरे भारत की संज्ञा दी। प्रो. सुदर्शन कुमार ने कारगिल विजय दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने महर्षि अरविन्द के दार्शनिक चेतना का महत्व रेखांकित करते हुए भारत की प्रतिष्ठा एवं हिन्दी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग के लिए यहाँ उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संकल्पबद्ध करवाया। प्रो. कुमुद शर्मा, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. हर्षबाला, उप प्राचार्या, आईपी महाविद्यालय, डॉ. दीनदयाल, जेडीएम महाविद्यालय, एवं डॉ. प्रतिभा राणा, श्रद्धानन्द महाविद्यालय ने भी महर्षि अरविन्द और राष्ट्रीय चेतना विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अभिनंदन एवं सम्मान सत्र में मुख्य अतिथि मिजोरम के राज्यपाल श्री कंभमपाटी हरी बाबू, वरिष्ठ संघ प्रचारक श्री रवि कुमार अय्यर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिन्दी परिषद, पद्मश्री पद्मभूषण आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद, सांसद श्रीमती कमलेश सिंह जागड़े और अन्य प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। निदेशक, एनसीईआरटी श्री दिनेश प्रसाद सकलानी ने मातृभाषा के महत्व और हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए उठाए गए कदमों की चर्चा की। राज्यपाल श्री कंभमपाटी हरी बाबू ने हिन्दी प्रेमियों, चिंतकों, कवियों और विचारकों के निरंतर प्रयासों की सराहना की और महर्षि अरविंद के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। इस दौरान कई पुस्तकों का विमोचन और प्रमुख अतिथियों को गणेश शंकर विद्यार्थी और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सम्मान भी दिया गया। प्रो. पी. सी. टंडन को राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रकोष्ठ के संयोजक एवं प्रो. संध्या वात्स्यायन को राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। सम्मेलन के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्मारिका एवं स्मृति चिन्ह वितरित किए गए और भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सभी एजेंसियां आपसी तालमेल मजबूत कर आतंकी इको-सिस्टम को खत्म करें - शाह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नईदिल्ली-भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है। तब से जीरो टॉलरेंस की नीति को आधार बनाकर आतंकियों का चुन चुनकर सफाया कर रही है। यही वजह है कि, आज भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में भी आतंकवादी गतिविधियां न के बराबर रह गई है। जबकि, एक वक्त था जब कांग्रेस राज में भारत के हर हिस्से में आए दिन बम ब्लास्ट, आतंकी वारदात हुआ करती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और अमित शाह जी के अभेद रणनीतियों के चलते आज संपूर्ण भारत में आतंकवाद दम तोड़ रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। जिसमें सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल मजबूत करने और आतंकी इको-सिस्टम को खत्म करने पर जोर दिया है। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए रणनीतिकार अमित शाह जी ने सुरक्षा एजेंसियों सहित अन्य खुफिया और कानून प्रवर्तन संगठनों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति होल ऑफ द गवर्मेंट अप्रोच अपनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह जी ने बिग डेटा और एआई/एमएल संचालित एनालिटिक्स और तकनीकी प्रगति का उपयोग करके आतंकी इकोसिस्टम को खत्म करने की बात पर जोर दिया। जिससे बचे कुचे आतंकवाद पर पूर्ण विराम लगाया जा सके।

जाहिर है कि, आज आतंकवादी आए दिन नए तौर तरीकों से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करते हैं, हमले की घात लगाते हैं। ऐसे में अमित शाह जी ने कहा कि, नई और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर हमें इन सबसे एक कदम आगे रहने की जरूरत है। ताकि बचे हुए आतंकवादियों का खात्मा किया जा सके। साथ ही दम तोड़ रहे आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकी जा सके। इसी रणनीति का कमाल है कि, आज देश के किसी हिस्से में आतंकवाद का भय नहीं है। जिसकी सबसे बड़ी वजह मोदी और शाह के कुशल नेतृत्व में आतंकी इको सिस्टम को आने वाले टेरर फंडिंग पर पूरी तरह से रोक है। जिसने आतंकवादियों के इको सिस्टम को न सिर्फ ध्वस्त किया है। साथ ही उनके अनेकों मनसूबों पर पानी फेरने का काम किया है। यही वजह है कि, आज मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादी घटनाओं में 60 फीसदी की कमी आई है। जबकि सीमा पर घुसपैठ में 42 फीसदी तक की कमी दर्ज की गई है। इसके साथ-साथ नए कानूनों में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या की गई है। जिसमें आतंकवाद को रोकने के लिए, आतंकवादियों की मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं।

जाहिर है हमारा भारत लंबे समय से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। ऐसे में मोदी-शाह की कुशल रणनीति से आतंकवाद पर चौतरफा प्रहार अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। क्योंकि मोदी सरकार का मानना है कि, जब तक देश और दुनिया से आतंकवाद खत्मा नहीं होती तब तक शांति, न्याय और भय मुक्त समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

# सीनियर सिटीजन लेडी का मर्डर दिन दहाड़े चाकू मारकर की हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में आज दिनदहाड़े 22 साल के एक युवक ने एक सीनियर सिटीजन महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसे बुरी तरह घायल कर दिया जब वह जान बचाकर भागी और दूसरी महिला उसके बीच बचाव में आगे आई तो उसपर भी चाकू से हमला कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात में बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला को रघुवीर नगर के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिलाओं पर हुए जानलेवा हमले के मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिला के डीसीपी, एसीपी, तिलक नगर थाने की पुलिस टीम, आपरेशन सेल और क्राइम ब्रांच की टीम के अलावा जांच के लिए फॉरेस्टिंग टीम भी पहुंची। जिस महिला की मौत हुई है, उसकी पहचान 60 साल की वीना के रूप में हुई है। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में रखवा दिया गया है। जबकि दूसरी घायल महिला 35 साल की तान्या की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपी 22 साल का युवक राहुल मौके से फरार हो चुका है। पुलिस टीम पड़ोसी से और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। उसके आधार पर यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर पूरा मामला क्या था। मौके पर पहुंचे जिला की डीसीपी ने किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया देने से साफ इनकार कर दिया। वहीं इस मामले में पड़ोसियों ने बताया कि उन्हें पता तब चला जब मकान की ऊपरी मंजिल पर शोर शराबा सुनाई दिया। बुजुर्ग महिला जिसके पेट में चाकू लगा हुआ वह जान बचाकर नीचे गली में भागी। लेकिन किसी ने भी राहुल को पकड़ने के लिए या फिर महिला को जान बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। वारदात को अंजाम देकर राहुल जब भाग गया फिर किसी ने पुलिस के मामले की सूचना दी।

# दो महिलाओं को युवक ने चाकू से गोदा, एक की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके में मंगलवार दोपहर 22 साल के एक युवक ने एक सीनियर सिटीजन महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसे बुरी तरह घायल कर दिया, जब वह जान बचाकर भागी और दूसरी महिला उसके बीच बचाव में आगे आई तो युवक ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात में बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी महिला को रघुवीर नगर के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो महिलाओं पर हुए जानलेवा हमले के मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिले के डीसीपी, एसीपी, तिलक नगर थाने की पुलिस टीम, ऑपरेशन सेल और क्राइम ब्रांच की टीम के अलावा जांच के लिए फॉरेस्टिंग टीम को मौके पर बुलाया गया। महिलाओं की पहचान 60 साल की वीना व 35 साल की तान्या के रूप में हुई है। आरोपित 22 साल का युवक राहुल मौके से फरार हो चुका है। पुलिस टीम पड़ोसी और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। उसके आधार पर यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर पूरा मामला क्या था। मौके पर पहुंचे जिला की डीसीपी ने किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया देने से साफ इनकार कर दिया। घटना मंगलवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# फर्म के 60 लाख हड़पने के लिए लूट की कहानी गढ़ी

नई दिल्ली। गुलाबी बाग में एक शख्स ने फर्म की 60 लाख रुपये की रकम हड़पने के लिए लूट की झूठी कहानी रच डाली। हालांकि पुलिस की जांच में मामला सामने आ गया और आरोपी को रविवार को रुपये समेत गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिराज खान गांधी नगर स्थित कपड़े की फर्म में काम करता है। वह शुक्रवार को फर्म मालिक अशोक कुमार के निर्देश पर किशनगंज स्थित फर्म से 60 लाख रुपये लाने के लिए गया था। मिराज खान ने पुलिस को बताया कि जब वह लौट रहा तो कार सवारों ने उसे जबरन बैठा लिया। फिर रुपये लूटकर बर्फखाना चौक पर छोड़ दिया। मिराज खान की शिकायत पर एसआई निशांत कुमार की टीम ने जांच शुरू की, लेकिन मिराज खान बार बार बयान बदल रहा था और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से लूट का कोई सबूत भी नहीं मिल रहा था। फिर पुलिस ने मिराज के फोन की लोकेशन के आधार पर उससे पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया। फिर पुलिस ने कांति नगर स्थित मिराज के जानकार के घर से 60 लाख रुपये बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रकम को देखकर मन में लालच आ गया और रुपये हड़पने की योजना बनाई।

# चार फीट पानी निकालने के बाद शुरू हुआ राहत-बचाव कार्य

नई दिल्ली। कोचिंग हादसे को लेकर मंडलायुक्त ने मजिस्ट्रेट की अंतरिम जांच रिपोर्ट सरकार को भेज दी है। अंतरिम जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि उस बेसमेंट की ऊंचाई 15 फीट है। चूंकि पूरा पानी भर चुका था तो एनडीआरएफ के गोताखोरों को उसमें घुसने के लिए पहले चार फीट पानी निकालना पड़ा। उसके बाद 10.40 बजे पहले छात्र का शव निकाला गया। अंतरिम रिपोर्ट में बताया गया कि बहुत ही कम समय में बेसमेंट में पानी भर गया। पानी भरने का कारण रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। पूरे घटना की विस्तृत जांच रिपोर्ट के लिए सरकार से सात दिन का समय मांगा है। अंतरिम रिपोर्ट के मुताबिक, एसडीएम करोल बाग को 27 जून की शाम 7.20 बजे फोन पर सूचना दी गई कि बड़ा बाजार रोड स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया है। बताया गया कि कुछ छात्र उसमें फंस गए हैं। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन टीम के अधिकारी, सिविल डिफेंस वालंटियर्स मौके पर पहुंचे। वहां पाया कि बेसमेंट पूरा पानी से भरा हुआ है। दिल्ली फायर विभाग के लोग वहां राहत बचाव कार्य शुरू कर चुके थे। पांच पंप लगाकर बेसमेंट से पानी निकाला जा रहा था। बेसमेंट करीब 500 वर्गमीटर में था जिसकी ऊंचाई 15 फीट थी। जांच के लिए सात दिन का समय मांगने पर मंत्री नाराज दिल्ली सरकार की राजस्व मंत्री आतिशी ने मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट 24 घंटे में देने के बाद भी 40 घंटे बाद अंतरिम रिपोर्ट मिलने पर नाराजगी जताई है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-33-T-R1-24-25-E3 ''दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन के डॉरमेट्री मे स्थापित एयर कंडीशनिंग सिस्टम के प्रावधान के सबंध में विद्युत कार्य अन्य कार्यों के साथ–साथ सीएएमसी के साथ वीआरएफ प्रकार के एयर कंडीशनिंग प्लांट का प्रावधान''। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 99.16 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 198300.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 26.08.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 26.08.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2306/24

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय – मंडल रेल प्रबंधक, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-37-T-2024-25-E3, डक्टेबल एसी प्लांट माइक्रोवेव वी–सैट हब थॉम्पसन रोड, नई दिल्ली की मरम्मत के संबंध में विद्युत कार्य, कैसेट एसी का प्रतिस्थापन और वाटर कूलर की सुरक्षा से संबंधित अन्य संबद्ध कार्य, दिल्ली डिवीजन में स्थापित एसी प्लांट (एसएसई/एसीएसपी–एनडीएलएस, डीएलआई, बड़ौदा हाउस, रेल भवन और एसएसई/पीएस/एनआरसीएच के अंतर्गत) एसी यूनिट विंडो/स्प्लिट के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के साथ |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू. 256.38 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू. 2,78,200.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 21.08.2024, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 21.08.2024, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2307/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इंडी गठबंधन का जंतर मंतर पर प्रदर्शन, नेता बोले-तानाशाही कर रही केंद्र सरकार

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल में उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ के आरोप में मंगलवार को इंडी गठबंधन ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के अनुसार इस प्रदर्शन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, टीएमके, सीपीएम, सीपीआई, झारखंड मुक्ति मोर्चा, एनसीपी शरद पवार गुट, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट, सीपीआईएमएल समेत अन्य पार्टी के नेता शामिल हुए। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एनसीपी शरद पवार गुट के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भारी बहुमत से सत्ता की बागडोर जिनके हाथ में दी थी, आज उन केजरीवाल को तानाशाह सरकार ने जेल में डाल दिया है। केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों पर हमला किया। देश के अन्य राज्य अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के साथ हैं।

सपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। मुश्किल की घड़ी में आम आदमी पार्टी के नेता टूटे नहीं, जो काबिले तारीफ है। मैं संसद में संजय सिंह को हमेशा केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाते हुए देखता हूं। आम आदमी पार्टी को जब भी जैसे भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी। समाजवादी पार्टी हमेशा मदद के लिए खड़ी रहेगी। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से संजय राउत ने कहा कि मैंने दिल्ली में देखा आई लव केजरीवाल, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया लव केजरीवाल। संजय सिंह 6 महीने जेल में रहे, मैं खुद 4 महीने जेल में रहा। यह अन्याय जल्द खत्म हो जाएगा। तानाशाह सबसे डरपोक आदमी होता है। कल हमारी सरकार आएगी तो दिखाएंगे, ईडी व सीबीआई क्या होती है। यही ईडी सीबीआई उन्हें गिरफ्तार करके ले जाएगी। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सेनापति हैं। वह जेल में हैं और लड़ाई जारी है। उनके जेल से छूटने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। हम सब साथ खड़े रहेंगे। केंद्र की भाजपा सरकार अल्पमत में है।

# झपटमारी के दौरान बाइक से गिरकर महिला घायल

नई दिल्ली। सुभाष प्लेस में सोमवार को बदमाशों ने बाइक से जा रही महिला की सोने की झपटी। इस दौरान महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक से गिर गई। बदमाश सोने की चेन लेकर फरार हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, 59 वर्षीय विजय लक्ष्मी परिवार सहित पीतमपुरा एलपी ब्लॉक में रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने बेटे के. वेंकटरमन के साथ सोमवार को शकूरपुर स्थित काली मंदिर में पूजा करने के लिए गई थीं। दोनों मां बेटे पूजा संपन्न होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। अभी वह पीतमपुरा टीवी टावर के पास पहुंचे थे कि तभी बाइक सवार दो बदमाश आए। उन्होंने महिला के गले से करीब 25 ग्राम की सोने की चेन झपटी और वह बाइक से नीचे गिर गई। बेटे ने हादसे में घायल मां को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को घटना की सूचना दी। अभी तक वारदात में शामिल बदमाशों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मैं भगवान की शुक्रगुजार हूं कि उनके साथ कुछ भी अप्रिय नहीं हुआ : सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली**। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में जंतर-मंतर पर आयोजित रैली को सुनीता केजरीवाल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेल में अरविंद केजरीवाल की जान खतरे में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एनडीएक सांसद के झूठे बयान पर ईडी ने गिरफ्तार किया है। जब ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत दी तो ईडी ने हाईकोर्ट में जाकर जमानत रुकवा दी। फिर सीबीआई ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। जेल में अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 50 से नीचे चला जाता है जो उनकी जिंदगी के लिए खतरनाक है। वह पिछले 22 सालों से मधुमेह से पीड़ित हैं, लेकिन हमें उन्हें इंसुलिन दिलाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। एलजी कहते हैं कि केजरीवाल जान-बूझकर इंसुलिन नहीं ले रहे हैं। क्या कोई जान खुद खतरे में डालता है? ये अरविंद केजरीवाल को साजिशन गिरफ्तार कर, दिल्ली के काम रोकना चाहते हैं, क्योंकि वो इनसे लड़कर दिल्ली के लोगों के कामों को करवा लेते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी राजनीति नफरत और राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के काम को ह्यरोकनेह्न की है। ईडी ने केजरीवाल को क्यों गिरफ्तार किया? यह एक साजिश और दबाव के कारण था। मैं भगवान की शुक्रगुजार हूं कि उनके साथ कुछ भी अप्रिय नहीं हुआ। उनकी जान को खतरा है। हाल ही में एलजी साहब ने एक पत्र लिखा था जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री जानबूझकर अपना भोजन कम कर रहे हैं। सुनीता केजरीवाल ने कहा, यह क्या मजाक है! उन्होंने यह भी कहा कि वे इंसुलिन कम ले रहे हैं। जब शुगर का स्तर बढ़ जाता है, तो इंसुलिन दिया जाता है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, क्या यह भाजपा की तानाशाही और साजिश नहीं है? उन्होंने दिल्ली के लोगों के काम को रोकने के लिए उन्हें फर्जी मामले में फंसाया है। वे हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ेंगे कि लोगों के काम प्रभावित न हों।

**क्लासिफाइड**

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
फोन न. 011- 4909 4643
8130691217

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती शीला देवी श्री धर्मपाल सिंह उर्फ ब्रिजपाल वाल्मीकि जो कि पता मकान न. के-537-ए, तराचंद कलोनी, पार्ट-2, महीपाल पुर, दिल्ली-110037 के निवासी हैं। मेरी मुवक्किला व उनके पति वृद्ध है तथा दिल की बीमारी, रक्तचाप, शूगर, थाईरायड जैसी बीमारियों से ग्रस्त हैं, जिनका बेटा अनिल कुमार और बहु नीति अपनी शादी के बाद से ही नीति के दहेज का सामान गहनें आदि लेकर मेरे मुवक्किला व उनके पति से लड़-झगड़ कर उनके उपरोक्त मकान के दूसरे तल पर रह रहे हैं। अनिल कुमार व नीति काफी झगड़ालू व हिंसक प्रवृति के हैं जो कि मेरी मुवक्किला व उनके पति की सेवा नहीं करते हैं और उन्हें खाना-पीना भी नहीं देते हैं तथा वे दोनों उनके के मकान के बिजली-पानी का बिल भी नहीं देते हैं तथा बिल मांगने पर लड़ाई-झगड़ा करते हैं। नीति मेरी मुवक्किला के मकान को अपने नाम करवाने के लिए उन पर अनुचित दबाव देकर धमकी देती है कि या तो तुम अपना मकान मेरे नाम कर दो नहीं तो मैं आत्महत्या कर लूंगी या तुम पर दहेज मांगने व मारपीट करने का आरोप लगा कर तुम्हें बंद करा दूंगी। नीति के माता-पिता भी नीति को उकसाते व भड़काते हैं। अनिल कुमार शराब पीकर मेरी मुवक्किला व उनके पति से लडाई-झगड़ा करता है। अनिल कुमार व नीति मेरी मुवक्किला की बेटियों के आने-जाने पर एतराज करते हैं और धमकी देते हैं कि वे मेरी मुवक्किला की सबसे छोटी बेटी को बदनाम करके उसकी शादी भी नहीं होने देंगे। अनिल कुमार व नीति के अत्याचारों से तंग आकर मेरी मुवक्किला ने उन दोनों से अपने सम्बंध विच्छेद करके उसे अपनी चल-अचल संपत्ति में से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरी मुवक्किला की किसी भी चल-अचल सम्पत्ति में कोई अनिल कुमार व नीति का हिस्सा नहीं होगा और मेरी मुवक्किला व उनके परिवार वालों व रिश्तेदारों का अनिल कुमार व नीति से कोई सम्बंध नही होगा। अनिल कुमार व नीति अपने सभी कृत्यों के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। कोई भी व्यक्ति उन दोनों से अपनी ही जिम्मेदारी पर सम्बंध रखे, लेन-देन व आहर-व्यवहार करे।

अनिल कुमार शर्मा
अधिवक्ता
दिल्ली उच्च न्यायालय, दिल्ली

# मेयर शैली ओबेरॉय एक्शन में, प्रीत विहार में बेसमेंट में चल रहे अवैध कोचिंग को किया सील

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




अगर एमसीडी के अफसरों की लापरवाही पाई जाएगी तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी- डॉ. शैली ओबेरॉय राजेंद्र नगर में हुए दुखद हादसे के बाद दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को वो खुद जमीन पर उतरीं और प्रीत विहार का दौरा कर नियमों को ताक पर रखकर बेसमेंट में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटरो का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर संस्कृति अकादमी का निरीक्षण करने पहुंची तो पाया कि वो बेसमेंट के अंदर संचालित हो रहा है। उन्होंने कोचिंग सेंटर से बेसमेंट में कक्षाएं चलाने की अनुमति के पेपर मांगे तो वो दिखाने में विफल रहा। इसके बाद उनके निर्देश पर एमसीडी के अधिकारियों ने अकादमी को सील क दिया। रविवार से चल रही कार्रवाई के तहत अब तक अवैध रूप से संचालित हो रहे 19 कोचिंग सेंटर को सील किया जा चुका है। मेयर ने कहा कि पूरी दिल्ली में कई सारे कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बॉयलॉज की धज्जियां उड़ा कर रख दी है। एमसीडी इन सब पर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है।

दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित हो रही लाइब्रेरी में अचानक पानी भरने से तीन बच्चों की जान चली गई। पूरी दिल्ली में ऐसे बहुत सारे कोचिंग सेंटर हैं, जो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बॉयलॉज की धज्जियां उड़ा कर रख दी है। अब अवैध रूप से संचालित हो रहे सभी कोचिंग सेंटर्स पर कड़ी कार्रवाई करने जा रहे हैं। नियमों और बिल्डिंग बॉयलॉज का उल्लंघन कर संचालित हो रहे किसी भी कोचिंग सेंटर को बक्शा नहीं जाएगा। अगर किसी अधिकारी की इसमें मिलीभगत पाई जाएगी तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि मैंने प्रीत विहार में संस्कृति अकादमी का निरीक्षण किया। यहां बेसमेंट में कोचिंग सेंटर चल रहा है, जो कि अवैध है। कोचिंग संस्थान ने एमसीडी के नियमों का उल्लंघन किया है। बेसमेंट में कोई कोचिंग सेंटर चलता है तो दो तरफ से प्रवेश और निकास होता है। लेकिन पूरी दिल्ली में बहुत सारे कोचिंग सेंटर ऐसे हैं, जो एक भी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमों का पालन नहीं करने वाले कोचिंग सेंटरों के खिलाफ एमसीडी एक्शन मोड में आ चुकी है। एमसीडी उन सभी कोचिंग सेंटरों को सील करने जा रही है। जिस प्रकार से राजेंद्र नगर में बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हुई है, हमें उसका दुख और अफसोस है। आने वाले समय में कई अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई होगी।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-39-T-2024-25-E3 डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली में विद्युत विश्वसनीयता और सुविधाओं के सुधार के साथ अन्य संबद्ध कार्यों के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.86.33 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 172700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 02.09.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 02.09.2024 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2314/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति : 30-Elect-42-T-2024-25-E3
रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2021/ईईएम/180/11 दिनांक 09.11.2021 के अनुसार एसएसई/पीएस/रोहतक, जींद और जाखल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे क्वार्टरों की रिवायरिंग के संबंध में विद्युत कार्य।
निविदा की अनुमानित लागत : रु. 290.07 लाख
कार्यालय का पता : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि : रु. 2,95,000.00
निविदा निवेदन की दिनांक व समय : 28.08.2024, 12.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय : 28.08.2024, 12.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली
2312/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 31 जुलाई, 2024

# आप सांसद संजय सिंह ने पीएम को लिखा पत्र, कोचिंग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए कानून बनाने की मांग

- कोचिंग संस्थान लाखों रुपए फीस वसूलने के बाद भी जर्जर बिल्डिंग में क्षमता से अधिक छात्रों को बैठने के लिए मजबूर करते हैं- संजय सिंह
- भवन मालिकों से किराए पर बिल्डिंग लेते वक्त सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जाता है और इसके लिए कोई फिक्रमंद भी नहीं है- संजय सिंह



नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कोचिंग संस्थाओं की खुली लूट को रोकने और इनके नियमित संचालन के लिए कानून बनाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। मंगलवार को लिखे पत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि कोचिंग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए उचित कानून तत्काल बनाया जाए, ताकि ओल्ड राजेंद्र नगर में हुई दुःखद घटना की पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा है कि पेपर लीक में कोचिंग माफियाओं की बड़ी भूमिका पाई गई है। सरकारी तंत्र से इनकी मिलीभगत ने लाखों युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया है। ये लाखों रुपए फीस ले रहे हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जर्जर बिल्डिंग में क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाते हैं। इसी तरह, छात्रों से आवास के लिए भी मोटा किराया वसूला जाता है, लेकिन सुविधाएं देने के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है। लिहाजा, इसे रोकने के लिए एक केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए।

सांसद संजय सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले कुछ सालों से देश में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकारी तंत्र और कोचिंग माफियाओं की मिलीभगत ने देश में लाखों युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। देश में हो रहे पेपर लीक में कोचिंग माफिया की बड़ी भूमिका पाई गई है। चाहे नीट का पेपर हो या फिर रिट का पेपर। चाहे सरकारी भर्ती का एग्जाम हो या यूनिवर्सिटी में एडमिशन का एग्जाम हो। चाहे गुजरात हो या उत्तर प्रदेश या बिहार हो, सभी जगह एस्जाम के पेपर लीक में कोचिंग माफियाओं की मिलीभगत रही है।

संजय सिंह ने आगे लिखा है कि दूसरी तरफ आज देश में कोचिंग संस्थान नोट छापने की मशीन बन चुके है। मेडिकल और आईआईटी में एडमिशन के नाम पर पेरेंट्स से लाखों रुपए मांगे जा रहे हैं। कोई अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी लगाकर, तो कोई अपनी जमीन जायदाद को कौड़ी के मोल स्वाहा करके कोचिंग की नाजायज फीस को भर रहा है। जिस पर सरकारी नियम बनाना आवश्यक है। बेतहाशा फीस वसूली के बावजूद भी कोचिंग संचालकों की कोशिश रहती है कि कम से कम खर्च में अधिक से अधिक कमाई कैसे की जाए। इसलिए जर्जर बिल्डिंगों में क्षमता से अधिक छात्रों को बैठने के लिए मजबूर करते हैं। इन कोचिंग संस्थाओं में न तो ठीक से निकासी द्वार हैं और न ही प्रवेश द्वार। भवन मालिकों से किराए पर जगह लेने के वक्त न तो सुरक्षा से संबंधित पहलुओं का ध्यान दिया जाता है और न ही इसके लिए कोई फिक्रमंद है।

जिसके चलते अपना भविष्य संवारने के लिए संस्थानों पर पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं पर लगातार हादसों का खतरा बना रहता है। यही हालत छात्रों के आवास सुविधाओं की भी है, जिसके लिए मोटा किराया वसूला जाता है और सुविधाओं के नाम पर केवल खाना पूर्ति होती है। कोचिंग संस्थानों के संचालक छात्रों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। वह नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से पेपर लीक को अंजाम दे रहे हैं। वही मोटी फीस वसूल कर पैरैंट्स को ठगने का काम कर रहे हैं। इस मामले में तमाम सरकारो का रवैया निराशापूर्ण रहा है। इसके रोकथाम के लिए एक उचित केंद्रीय कानून बनाना चाहिए।

अतः छात्रों के भविष्य को देखते हुए आपसे विनम्र निवेदन है कि कोचिंग माफियाओं पर नकेल कसने के लिए उचित कानून तत्काल बनाया जाए, ताकि ओल्ड राजेंद्र नगर में हुई दुःखद घटना की पुनरावृति न हो।

## कोचिंग सेंटर हादसाः उपराज्यपाल ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि ओल्ड राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। सक्सेना ने 320 इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह एक दुखद घटना है। जो भी उचित कार्रवाई होगी, वह की जाएगी। मैं जल्दबाजी में फैसले लेने में यकीन नहीं करता। धीरे-धीरे बातें सामने आ रही हैं। जो भी कदम उठाने की जरूरत होगी, उठाए जाएंगे। सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली में कोचिंग का केंद्र कहलाने वाले ओल्ड राजेंद्र नगर का दौरा किया और एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने तीनों मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की। राज निवास की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सक्सेना ने प्रदर्शनकारी छात्रों को आश्वासन दिया कि घटना के लिए जिम्मेदार दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

## नीदरलैंड में पंडोखर सरकार के दिव्य दरबार में गूंजा भारत माता की जय

### एम्सटर्डम के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर की गई आगवानी

भरत पांडेय, नई दिल्ली

यूरोप के देश नीदरलैंड में संत गुरु शरण जी महाराज पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार लगा। विश्व प्रसिद्ध हिन्दू सेंटर सेवा धाम मंदिर द हेंग में 24 से लेकर 26 जुलाई तक आयोजित दिव्य सरकार से सनातन धर्म को मजबूती दी गई। साथ ही दरबार में भारत माता और सनातन धर्म के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम से पूर्व नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पंडोखर सरकार की आगवानी कार्यक्रम संयोजक एवं अंतरराष्ट्रीय सेवा धाम मंदिर के संस्थापक ब्रह्मर्षि सुरेंद्र तिवारी जी महाराज ने किया।

दिव्य दरबार में सैकड़ों-हजारों लोगों ने पंडोखर सरकार से अपनी समस्याएं एवं उनके निदान की बात से रूबरू हुए। दरबार में विभिन्न दैविक, शारीरिक एवं भौतिक समस्यायों का लोगों ने समाधान पाया। इस अवसर पर प्रवचन एवं सत्संग का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पंडोखर सरकार ने कहा कि हनुमत कथा की बड़ी महिमा है। इससे अचूक लाभ प्राप्त होता है। लोगों से उन्होंने इसे जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती के लिए भी वे यूरोप के दौरे पर है। यूरोप में सराहनीय आयोजन के लिए उन्होंने मंदिर आयोजन समिति को धन्यवाद दिया है। वहीं पंडोखर सरकार के यूरोप के देशों में शिष्य एवं श्रद्धालु ने भी उनके दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किए। दिल्ली समेत अन्य राज्य व देश के भारतवंशी भी इसमें शामिल हुए।

इस संबंध में सेवा धाम मंदिर के संस्थापक पूज्य ब्रह्मर्षि सुरेंद्र तिवारी जी महाराज ने बताया कि पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार नीदरलैंड में काफी सफल रहा। काफी लोग लाभान्वित हुए। आगे भी बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीदरलैंड देश के द हेंग में 5,6,7 सितंबर को विश्व आध्यात्मिक और ज्योतिष शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। पूरे विश्व से प्रतिभागी इसमें शामिल होंगे।

## दिल्ली के सरकारी, पब्लिक स्कूल, कालेजों में कक्षाएं लगाने की अनुमति देने की मांग की

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत के शिक्षा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान, दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की शिक्षा मंत्री सुश्री आतिशी से दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए दिल्ली में असुरक्षित भवनों में चल रहे उनके कोचिंग संस्थानों को किराया लेकर दोपहर बाद दिल्ली के सरकारी ओर पब्लिक स्कूल, कालेजों में कक्षाएं लगाने की अनुमति देने की मांग की है।

वत्स ने कहा कि दिल्ली में हजारों की संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश के सभी राज्यों से विद्यार्थियों का आना होता है।

कोचिंग संस्थानों के पास कोई वैध ओर सुरक्षित भवन कक्षाएं लगाने के लिए नहीं होता। मजबूरी में वह दिल्ली विभिन्न इलाकों में

असुरक्षित भवनों में कक्षाएं लेने पर मजबूर हैं।

राजेन्द्र नगर कोचिंग बेसमेंट जलभराव हादसे में तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों की दुखद मृत्यु हो गई। इससे पूरा देश गमगीन है। मुखर्जी नगर के कोचिंग में भी आगजनी हो चुकी है।

विद्यार्थियों की इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए वत्स ने सभी माननीय मंत्रियों से मांग की है कि राजधानी दिल्ली में बड़ी संख्या में दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आई.पी यूनिवर्सिटी के बड़े बड़े कैंपस ओर कालेज ओर दिल्ली सरकार के हजारों सरकारी ओर पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विधालय, नई दिल्ली नगर पालिका, दिल्ली नगर निगम ओर छावनी बोर्ड के स्कूलों ओर कालेजों के हजारों भवन दोपहर बाद खाली रहते हैं। वत्स ने कहा कि सरकार इनके उपयोग की इजाजत उन कोचिंग संस्थानों को किराए पर देने की अनुमति यदि केंद्र ओर दिल्ली की सरकार दे देती है तो सिविल सर्विसेज के विद्यार्थियों को सुरक्षित भवनों में अपनी तैयारी करने का अवसर मिल सकेगा। वत्स ने कहा कि इससे सरकार का बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए छात्रों को सुरक्षित शैक्षिक वातावरण मिल जाएगा। इसलिए इस बारे में दिल्ली ओर केंद्र की सरकार गंभीरता से विचार कर इसे चुनिंदा स्कूलों ओर कालेजों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू करें।

## दिल्ली को मिली 320 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मंगलवार को बांसेरा में 320 नई इलेक्ट्रिक बसों को झंडी दिखा कर रवाना किया। इन बसों को मिला कर अब शहर में ऐसी बसों की संख्या बढ़कर 1,970 हो गई है। कार्यक्रम में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत भी उपस्थित थे। वर्ष 2025 के अंत तक दिल्ली में कुल 10,480 बसें चलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से 80 फीसदी बसें इलेक्ट्रिक होंगी।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल में हो रहे जुर्म के खिलाफ आप कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन

प्रातः किरण संवाददाता




अमरोहा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख/ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल मे प्रताड़ित करने से नाराज होकर आम आदमी पार्टी जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष रूपचंद चौहान के नेतृत्व इंडिया गठबंधन के बैनर तले महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को आप कार्याकताओं ने जिला मुख्यालय पर पहुंच कर आप प्रमुख/दिल्ली के मुख्यमंत्री पर जेल में हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रर्दशन करते हुए रहे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष मोहम्मद आमिर ने कहा की दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पिछले कई महीनों से दिल्ली शराब घोटाले के नाम पर राजनैतिक षड़यन्त्र के तहत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया हैं। जबकि आजतक उनके खिलाफ कोई भी सबूत ई.डी. और सी.बी.आई. कोर्ट में रख नहीं पायी। अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से परेशान होकर उनको और आम आदमी पार्टी को खत्म करने की कोशिश में जुटी। जिला अध्यक्ष रूपचंद्र चौहान ने कहा के

भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करतें हुए अरविंद केजरीवाल जी को जेल के अंदर भी प्रताड़ित कर रहें हैं, उनको शुगर हैं, और केजरीवाल जी को सही ईलाज नहीं दिया जा रहा हैं, जबकि उनका शुगर लेवल कई बार 50 तक चला जा रहा हैं जो कि जानलेवा हैं। जबकि अरविन्द केजरीवाल जी का दोष इतना ही हैं कि वो जनता के हित में दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा जैसे क्षेत्र में लगातार बेहतरीन कार्य कर रहें हैं, और आम आदमी पार्टी की सम्पूर्ण देश में निरंतर बढ़ती लोकप्रियता हैं। मोहम्मद आमिर ने कहा आम आदमी पार्टी की इस ज्ञापन के माध्यम से मांग हैं कि इस प्रकरण में न्याय हों और केजरीवाल जी की अवैध गिरफ्तारी को तुरंत खारिज करके उन्हें ससम्मान रिहा किया जाये और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें ईलाज की मुक़म्मल व्यवस्था दी जायें। साथ ही आम आदमी पार्टी मांग करती हैं कि संवैधानिक संस्थाओ का दुरूपयोग बंद हों। इस मौके पर अमर सिंह खागी, अब्दुल समद, कुशल चौधरी, डॉक्टर नफीस, डॉ जावेद खान, भूपेंद्र सिंह, शाहिद हुसैन, कविता कांत, रविकांत, राजीव यादव, समाजवादी पार्टी से अतीक अहमद, धीरेंद्र सिंह, मकसूद आलम, तंजीम हुसैन, अमर सिंह फौजी, वकील अहमद, मुरारी लाल मौर्य, सुरेंद्र सिंह, सोमपाल सिंह चौहान, निरंजन सिंह, विजयपाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोचिंग सेंटर हादसा: जांच समिति गठित करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई कल

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय राष्ट्रीय राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर की इमारत के ह्वबेसमेंटद्ध में पानी भरने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच के लिए उच्च-स्तरीय समिति बनाने के अनुरोध वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमत हो गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मंगलवार को तत्काल सुनवाई के लिए इस याचिका का उल्लेख किया गया था। पीठ ने कहा कि यदि (आपत्तियां दूर करने के बाद) याचिका दोपहर तक सुनवाई के लिए आती है, तो मामले को बुधवार को सूचीबद्ध किया जाए। याचिकाकर्ता वकील ने कहा कि उन्होंने सोमवार को याचिका दायर की और अदालत से मंगलवार को इस पर सुनवाई करने का आग्रह किया था। हालांकि, अदालत ने कहा कि यदि कोई आपत्ति है, तो वह उसे दूर करें और याचिका को बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। ओल्ड राजेंद्र नगर में पिछले शनिवार को राव आईएएस स्टडी सर्कल की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन आईएएस अभ्यर्थियों-उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव, तेलंगाना की तान्या सोनी और केरल के नेविन डाल्विन की मौत हो गई थी।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस, हल्की बारिश की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। शहर में दिन में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। शहर में सापेक्षित आर्द्रता का स्तर 78 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने दिन में आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और गरज के साथ छींटे पड़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 92 दर्ज किया गया, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता की विदाई एवं नवागंतुक एबीएसए अनिल कुमार का स्वागत

प्रातः किरण संवाददाता



रहरा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय चंदनपुर खादर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया और साथ ही नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार को बुकें भेंट कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का लगभग डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है। उन्होंने विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ-साथ शिक्षकों के साथ भी अच्छे ढंग से कार्य किया। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में ब्लॉक को बेसिक शिक्षा विभाग में नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अनेकों बेहतर कार्य किए हैं। ब्लॉक को निपुण घोषित कराने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षकों की समस्याओं का समय से गुणवत्तापूर्ण तरीके से निदान किया गया। उनके गजरौला ब्लॉक स्थानांतरण पर प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों द्वारा आज उनका फूलमाला पहनकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षक साथियों की आंखें नम हो गई।

इसके उपरांत खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार को बुकें भेंट कर स्वागत किया गया। और विभागीय सूचनाओं के आदान-प्रदान में पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया गया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार, वैभव गुप्ता, विकास राहुल, संजय सिंह,सतपाल सिंह, तूफान सिंह कटारिया,जयवीर सिंह, गौरव नागर, देवेंद्र शर्मा, करनपाल, गौतम सिंह, प्रमोद कुमार, हरिओम सिंह,डा. विनोद कुमार, संदीप कुमार अनिल कुमार, सर्वेश कुमार,विजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, संजय सिंह, नितिन तोमर, योगराज सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, रोशनलाल,सचिन मलिक, भुवनेश वर्मा, करणवीर सिंह, देशराज सिंह, प्रशांत कुमार, बिजेंद्र सिंह,पवन कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, मनोज कुमार शर्मा,मौहम्मद शहजाद, चन्द्रपाल सिंह, नरदेव सिंह, सुभाषचन्द्र,प्रमोद कुमार,नाजिर अली, फैजान हस्मत आदि मौजूद रहे।

## कोचिंग सेंटर घटना : एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त को नोटिस भेजा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने यहां एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के संबंध में दिल्ली सरकार, पुलिस आयुक्त और नगर निगम आयुक्त को नोटिस भेजे हैं।

एक बयान में कहा गया है कि एनएचआरसी ने उनसे दो सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

एनएचआरसी की ओर से जारी बयान के अनुसार, दिल्ली के मुख्य सचिव से पूरे शहर में निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करके संचालित हो रहे ऐसे संस्थानों और कोचिंग सेंटर की सटीक संख्या का पता लगाने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कराने के लिए भी कहा गया है।

इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट में ऐसे संस्थानों के हर विवरण का उल्लेख होना चाहिए, जिसमें उनके खिलाफ लंबित शिकायतें और संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई भी शामिल है।

एनएचआरसी ने कहा कि उसने मीडिया में आई उन खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है कि दिल्ली में 27 जुलाई को सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग देने वाले एक प्रतिष्ठित संस्थान की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई। आयोग ने कहा कि ये खबरें दिखाती हैं कि प्राधिकारियों से जलभराव के संबंध में कई शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए आयोग ने कहा कि खबरों से संबंधित प्राधिकारियों की ओर से लापरवाही बरते जाने का पता चलता है।

उसने दिल्ली के पटेल नगर इलाके में सिविल सेवा के एक अन्य अभ्यर्थी की मौत पर भी संज्ञान लिया है।

बयान में गया है कि यह पता चला है कि कुछ दिन पहले प्राधिकारियों की लापरवाही की एक अन्य घटना में जलभराव वाली एक सड़क को पार करते हुए करंट लगने के कारण सिविल सेवा की तैयारी कर रहे एक अन्य विद्यार्थी की मौत हो गई थी।

## आप सांसदों का संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन, केंद्र से एलजी की बर्खास्तगी व कोचिंग संस्थानों को रेगुलेट करने की मांग

### संजय सिंह, डॉ. संदीप पाठक, एनडी गुप्ता समेत आप के अन्य सांसदों ने भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के सांसदों ने राजेंद्र नगर की दुखद घटना के लिए जिम्मेदार एलजी की बर्खास्तगी और देश भर में कोचिंग संस्थानों को रेगुलेट करने के लिए बिल लाने की मांग को लेकर संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य संजय सिंह, डॉ. संदीप पाठक, एनडी गुप्ता समेत अन्य सांसदों ने नारेबाजी करते हुए राजेंद्र नगर की कोचिंग में हुए दुखद हादसे के जिम्मेदार दिल्ली के एलजी और भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सांसद संजय सिंह का कहना है कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों के बार-बार निर्देश देने के बावजूद एलजी के अधीन अधिकारियों ने नालों की डीसिल्टिंग नहीं कराई, जिसके कारण राजेंद्र नगर में यह दुखद हादसा हुआ। दिल्ली सरकार को बदनाम करने और दिल्लीवालों का जीवन नर्क बनाने के लिए जानबूझ कर भाजपा के एलजी के अधीन अधिकारियों ने नालों की सफाई नहीं की। वहीं, बार-बार मांग करने के बाद भी केंद्र सरकार कोचिंग संस्थानों को रेगुलेट नहीं कर रही है। इसलिए ये मनमानी कर रहे हैं।

गत शनिवार को राजेंद्र नगर में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की दुखद मौत से आक्रोशित आम आदमी पार्टी के सांसदों ने संसद परिसर में जमकर प्रर्दशन किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में नारे लिख तख्ती लेकर आप सांसद संसद परिसर में पहुंचे थे। इस दौरान सांसदों ने देश भर में कोचिंग संस्थानों की लूट को रोकने के लिए उनको रेगूलेट करो, पेपर लीक कराने वाले कोचिंग मालिकों को जेल भेजो, तानाशाही बंद करो, दिल्ली का काम रोकने वाले एलजी को बर्खास्त करो, इंकलाब जिंदाबाद, मोदी सरकार मुदार्बाद, दिल्ली में हस्तक्षेप करना बंद करो, एलजी के डंडे से दिल्ली को चलाना बंद करो, सुप्रीम कोर्ट का आदेश लागू करो समेत अन्य नारे लगाए।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन ली गईं और एलजी के डंडे से दिल्ली को चलाने का प्रयास किया गया। केंद्र सरकार से बार-बार मांग करने के बावजूद कोचिंग सेंटर्स को रेगुलेट नहीं किया गया। राजेंद्र नगर की यह घटना उसका नतीजा है। हमारे मंत्रियों ने प्रयास किया कि दिल्ली के नालों की सफाई और डीसिल्टिंग का काम बारिश से पहले हो जाए। इसका एक वीडियो भी आया है जिसमें सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन मौजूद हैं। लेकिन अधिकारी इसलिए बिंदास घूम रहे हैं क्योंकि उन्हें भाजपा और एलजी का समर्थन प्राप्त है। राजेंद्र नगर की घटना के लिए केंद्र की वह तानाशाही जिम्मेदार है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच के फैसले के बावजूद दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार छीन लिया।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार कोचिंग सेंटर्स को भी रेगुलेट नहीं कर रही है। आज कोचिंग सेंटर्स को खुली छूट है। पेपर लीक में भी इनका नाम आता है और ये बेसमेंट में भी अवैध तरीके से क्लास चला रहे हैं। यह घटना बेहद दुखद है, लेकिन इसके लिए जो जिम्मेदार हैं, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। हमारे मंत्री पहले से ही नालों की सफाई की बात कर रहे थे, फिर भी उसे जानबूझकर नहीं होने दिया गया, ताकि दिल्ली सरकार को बदनाम किया जा सके और दिल्ली वालों का जीवन नर्क बनाया जा सके। इसके लिए सीधे-सीधे प्रधानमंत्री मोदी और एलजी जिम्मेदार हैं।

## गोहावर में सजेगी सुरों के बादशाह मौ.रफी के नाम महफिल

### बिजनौर की महान हस्तियों को किया जाएगा कार्यक्रम में यादः सुरेंद्र सिंह

- होगा तुम मुझे भुला ना पाओगे म्यूजिकल शो का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



नूरपुर/ गोहावर। भारत की धरती पर जन्में आवाज और सुरों के बादशाह महान गायक मरहूम मुहम्मद रफी साहब की याद में ऐतिहासिक जिला बिजनौर की धरती पर 31 जुलाई 2024 दिन बुधवार को हरि मंगलम बैंक्विट हॉल मुरादाबाद रोड गोहावर जिला बिजनौर (यूपी) में शाम 7:00 बजे एक शानदार महफिल सजेगी। जिसमे तुम मुझे यूं भुला न पाओगे के नाम से एक भव्य म्यूजिकल शो होने जा रहा है। जिसका आयोजन सिंह बंधु एंटरटेनमेंट कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। सिंह बंधु एंटरटेनमेंट कंपनी के संस्थापक सुरेंद्र सिंह एक मायनाज गायक एवं वरिष्ठ लेखक हैं तथा मौ. रफी साहब के बहुत बड़े फैन हैं। यह म्यूजिकल शो सिंह बंधु एंटरटेनमेंट कंपनी ने स्वर्गीय मौहम्मद रफी साहब की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका अनम आरिफ,प्ले बैक सिंगर अजरा मिर्जा एवं सुनील कुमार सुरेंद्र सिंह का साथ निभायेंगे। मंच का संचालन भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं मायनाज शायर नजर बिजनौर करेंगे। इस कार्यक्रम में लक्ष्य कॉलेज के चेयरमैन तथा पूर्व जिला अध्यक्ष मुरादाबाद भाजपा श्री राजपाल सिंह चौहान बतौर चीफ गेस्ट उपस्थित रहंगे तथा नूरपुर नगर पालिका के चेयरमैन डॉक्टर एमपी सिंह गेस्ट ऑफ ओनर रहेंगे। इसके अतिरिक्त श्री जितेंद्र मलिक वाइस प्रेसिडेंट केन बिंदल शुगर एवं पेपर मिल चांगीपुर विशिष्टअतिथि के तौर पर रहेंगे। इससे पहले सुरेंद्र सिंह 17 फरवरी 2024 को दिल की आवाज के नाम से हम फेस्ट के संस्थापक नजर बिजनौरी के साथ मिलकर एक भव्य एवं सफल म्यूजिकल शो पंचायत भवन मुरादाबाद में कर चुके हैं। नजर बिजनौरी एक प्रसिद्ध शायर एवं मंच संचालक हैं जो पिछले बहुत वर्षों से मुंबई एवं पूरे भारत में बहुत सारे सफल आयोजन कर चुके हैं। बिजनौर की धरती में जन्मे सुरेंद्र सिंह एवं नजर बिजनौरी का उद्देश्य

अपने इन कार्यक्रमों के माध्यम से बिजनौर की धरती पर ही जन्मी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की बहुत सारी ऐसी महान हस्तियों जिनमे कवि स्वर्गीय श्री दुष्यंत, स्वर्गीय प्रकाश मेहरा साहब, एवं स्वर्गीय श्री शाहिद बिजनौरी जैसे लोगों को भी यथोचित सम्मान दिलाना हैं। उनका प्रयास है कि हमारे जिले में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में रुचि रखने वाले नए कलाकारों को एक मंच दिया जाए जिससे यहां की प्रतिभाओं के सपने किसी उचित प्लेटफार्म के अभाव में टूट न जाए। सिंह बंधु एंटरटेनमेंट कंपनी निकट भविष्य में आने वाली कुछ अच्छी और रोचक वेब सीरीज पर भी काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### धान के बिचड़े तैयार,अब बारिश की आशा में पंपिंग सेट से हो रहा पटवन

गिद्धौर ।मानसून के उत्साह का महीना सावन शुरू हो चुका है,मगर मानसून के जमकर बरसना की अब भी लोगों को इंतजार है ।किसान अब भी मुसलाधार बारिश की आशा लगाये बैठे है ।कुछ निचले इलाके के खेतों में पानी जमा हुआ था,जिससे किसानों के बिचड़ा तैयार कर लिया है,लेकिन अब बारिश का इंतजार कर रहे है,ताकि रोपाई का कार्य कर सकें ।हालांकि क्षेत्र में यदा-कदा बारिश हुई है,कही-कही पर नदी, पोखर, अहार, नाला में बारिश के पानी किसी तरह मेहनत से जमा हुई है,जिससें किसान रोपाई का कार्य कर रहे है,लेकिन अधिकांश खेतों में धान की रोपाई नही हो पा रही है ।किसानों अब मानसून की आस छोड़ कर मोटर से पटवन कर धान की रोपनी की शुरूआत कर रहे है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान

जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। नगर सदस्यता प्रमुख नीतिश केशरी के नेतृत्व में झाझा नगर क्षेत्र के निजी कोचिंग संस्थानों में जा जाकर कार्यकताओं ने विद्यार्थियों को सदस्यता रसीद के माध्यम से कार्यकर्ता बनाने का कार्य किया। मौके पर नगर उपाध्यक्ष विक्रम कुमार भारती ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक अनुशासित छात्र संगठन है, विद्यार्थी परिषद आपने स्थापना कल से ही समाज व छात्र के बीच सेवा दे रही है। जब भी छात्रों को समस्या होती है तो छात्र विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता का मदद लेते हैं कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से छात्रों का मदद करते हैं सदस्यता के माध्यम से जो भी कार्यकर्ता बना रहे हैं उन सबों को शुभकामना में प्रेषित करते हैं। मौके पर प्रांत एसएफडी सह संयोजक सूरज बरनवाल ने कहा कि सदस्यता अभियान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का महापर्व है यह प्रत्येक वर्ष कार्यकर्ता निर्माण का माध्यम है वर्तमान के कार्यकर्ता एक लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कॉलेज केंपस सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर सदस्यता करते हैं और छात्रों को विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता बनाते हैं।

# आढा गांव में बिजली की समस्या को लेकर नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग को अक्रोशित ग्रामीणों ने किया जाम

## घंटो जाम से यात्री सहित आम राहगीर परेशान, जाम में फंसा रहा स्कूल सहित कांवरियों का वाहन

● बीडीओ एवं सीओ की पहल से टूटा जाम

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंजः- बिजली की समस्या को लेकर मंगलवार को चंद्रदीप थाना क्षेत्र के आढा.गांव में नवादा सिकंदरा मुख्य सड़क मार्ग को अक्रोशित ग्रामीणों ने जाम कर दिया। वहीं जाम में स्कूल बस सहित दर्जनों कांवरियों का वाहन फंसा रहा। जाम के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं आढ़ा गांव के उपभोक्ता ने बताया की हमलोग बिजली बिल सही समय पर भुक्तान करने के बावजूद बिजली नियमित रूप से नहीं मिलती है। बीते सोमवार से बिजली नहीं रहने से पेयजल की समस्या उत्पन हो गई है। अधिकांश घरों में मोटर समरसेबुल से ही पानी की आपूर्ति होती है । 24 घंटा से बिजली नहीं होने से पूरा गांव का बुरा हाल हो गया है। पानी के लिए हल्कान हो रहे है,इस भीषण गर्मी में बिजली नहीं रहने से बिजली से चलने वाले उपकरण बंद है। जो दैनिक कार्यों के लिए जरूरी है,। बिजलीं विभाग के कर्मी को जब फोन किया जाता है तो कोई जबाब नही दिया जाता है। हमलोग आजिज होकर सड़क जाम किए है। मौके पर बी डी ओ अभिषेक भारती, सीओ दिवाकर रंजन, प्रभारी थानाध्यक्ष रितेश कुमार ने मौके पर पहुचकर लोगों को समस्या के बारे में जानकारी लिए वहीं उपस्थित पदाधिकारी ने विद्युत विभाग से दूरभाष पर बात किए ।वहीं सीओ दिवाकर रंजन ने कहा की आप लोगों का जो बिजली की समस्या है लो वोल्टेज एवं अतिरिक्त टास्फरमर जल्द से जल्द लगाया जाएगा।इसको लेकर बीडीओ साहब, सीओ साहब मुखिया सहित बैठ कर इन कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया, और जाम को बी डी ओ अभिषेक भारती, कि सी ओ दिवाकर रंजन, प्रभारी थानाध्यक्ष रितेश कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि शमशाद आलम की पहल से समझाबुझाकर जाम को हटाया विद्युत विभाग के जेई शैलेश कुमार ने बताया की आढा गांव में लो वोल्टेज एवं अन्य समस्याओं को लेकर पुराना विद्युत तार बदलने का कार्य किया जा रहा,सोमवार को तार बदलने का कार्य से विद्युत बाधित था कुछ जगहों पर पुराना तार दूसरे दिन बदला जाना था, देर शाम में बिजली देने पर पुराना तार में शॉर्ट लगने से गांव में बिजली बाधित हो गया था, जल्द इस कार्यों को पूरा कर बिजली सुचारू रूप से दिया जायेगा।

# बिना बिजली और सड़क के बच्चे पढ़ने को मजबूर- ये विद्यालय नही तबेला है




प्रात : किरण, संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) नव सृजित प्राथमिक विद्यालय मददपुर वासा पुरैनी के प्रभारी प्रधानाध्यापीका पर विद्यालय के मध्यान भोजन एवं स्कूल की विधि व्यवस्था पर ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया। ग्रामीणो ने स्कूल की प्रधानाध्यापिका लीना कुमारी के ऊपर सोमवार को बीओ एवं डीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। विद्यालय के सचिव ने कहा- जबसे लीना कुमारी प्रधानाध्यापिका बनी है तब से स्कूल की स्थिति अत्यंत ही दयनीय हो गई है। हमलोगो का सपना था कि एक समय इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में जाना जाए। दूर-दूर से छात्र-छात्राएं पढ़ने आये मगर उसका उल्टा ही दिखाई दे रहा है, स्कूल का आजतक नाही तो बाउंड्री वॉल हो पाया है और नाही तो स्कूल जाने के लिए सड़क बन पाया है। यहां तक कि स्कूल के सटे एक तालाब भी है जहां बच्चे कभी भी घटना का शिकार हो सकते हैं। हमारी माने तो स्कूल की इतनी स्थिति इतनी खराब है कि मानो कोई तबेला हो, ग्रामीणों का कहना है कि इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रधानाध्यापिका के द्वारा बिजली का भी मुहैया नहीं कराया गया है। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में पढ़ाई के दरमियान बच्चे की तबीयत काफी बिगड़ जाती है, जिसके कारण बहुत से बच्चे स्कूल आना नहीं चाहते। वही ग्रामीणों ने बताया गया कि स्कूल में बने भोजन में कीड़ा भी पाया जाता है एवं साफ सफाई की बिल्कुल ही व्यवस्था नहीं की गई है, साथ ही बैग एवं टीसी देने के नाम पर पैसे वसूली की जाती है यहां तक की रात्रि के वक्त स्कूल के संचालक के माध्यम से चावल की भी चोरी की जाती है। घटना की खबर सुनकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बीओ शशिकांत कुमार अलबेला एवं डीपीएम विमल बिभु, एमडीएम पदाधिकारी सचिन कुमार को विद्यालय बुलाकर अपनी बात रखी, वहीं निरीक्षण पदाधिकारी के द्वरा निरक्षण किया गया तो बहुत सारी खामियां पाई गई। पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की सारी बातों को नोट कर ली गई है एवं निरीक्षण करने के दौरान बहुत सारी त्रुटियां देखी गई है दो दिन के अंदर ही विद्यालय के प्रधानाध्यापिका लीना कुमारी से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा अगर स्पष्टीकरण में खामियां देखी गई तो उनके ऊपर कारवाई भी की जाएगी।। ग्रामीणों ने भी पदाधिकारी की बात से संतुष्टि जाहिर की एवं उन्होंने कहा कि अगर पदाधिकारी दो दिनों के अंदर व्यवस्था को सुधार नहीं करते हैं तो उच्च अधिकारी तक बात रखी जाएगी।

# पंखा का तार लगा रहा व्यक्ति को करंट लगने से हुई मौत



प्रात : किरण संवादाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के रतनपुरा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 5 रतनपुरा गांव में मंगलवार के सुबह 11 बजकर 50 मिनट में पंखा चलाते हुए करंट लगने से 52 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति रतनपुरा पंचायत के वार्ड नंबर 5 रतनपुरा गांव निवासी स्वर्गीय बाबूजी यादव के पुत्र कपिलदेव यादव मंगलवार के दिन करीब लगभग 12 बजे के करीब अपने घर में भीषन गर्मी को लेकर हवा लगाने के लिए घर में स्टैंड पंखा का तार बोर्ड में लगा रहा था। तार में कट था, जिसपर उनका ध्यान नहीं गया। कट पर हाथ लगने से उन्हें करंट लग गया। जिससे उनकी मौत हो गई। गृहस्वामी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर घैलाढ़ ओपी के पुलिस ने गांव पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है। मृतक ने अपने पीछे शादीशुदा दो बेटा, एक बेटी के साथ पूरा भरा पड़ा परिवार को छोड़कर चला गया। गृह स्वामी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही इस संबंध में ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि स्टैंड पंखा के तार बोर्ड में लगाने से कपिलदेव यादव की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत की खबर सुनते ही समिति वीरेंद्र यादव, मुखिया राहुल कुमार एवं कई जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया।

# बुधमा में आयुष्मान कार्ड निर्माण के विशेष अभियान में 12 वें दिन बीतने के बाद बना मात्र 55 लाभुकों का कार्ड

## सीओ ने औराय टोल पहुंचकर दीनाभद्री मेले में आयुष्मान कार्ड निर्माण के प्रति लोगों को किया जागरूक

● सोमवार को निरीक्षण के दौरान सीओ ने लगाई फटकार, कहा बख्शे नही जाएंगे लापरवाह कर्मी, होगी कार्रवाई



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) आयुष्मान कार्ड निर्माण के विशेष अभियान के 12वें दिन सीओ हरिनाथ राम ने उदाकिशुनगंज प्रखंड के बुधमा पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम डीलर मनोज कुमार भगत के पीडीएस दुकान पर पहुंचकर जायजा लिया। जहां वीएलई समेत सभी प्रतिनियुक्त कर्मी गायब मिले। प्रगति रिपोर्ट मांगे जाने पर लाभुकों की संख्या शुन्य पाई गई। सीओ ने कहा कि डीलर समेत अन्य कर्मीयों के उदासीन रवैए के कारण आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति अत्यंत मंद है। वीएलई लगातार अनुपस्थित हैं। सूचना पाकर पहुंची आंगनवाड़ी व आशा कार्यकताओं ने बताया कि ऑपरेटर (वीएलई) नही रहने के कारण कार्ड निर्माण नही हो पा रहा था। हालांकि किसी भी कर्मी द्वारा उच्च अधिकारी को अबतक मामले की सूचना नही दी गई थी। उक्त स्थल पर यकीनन सभी कमीर्यों की उदासीनता के कारण आयुष्मान कार्ड की गति मंद होना मुख्य कारण माना गया। अन्य डीलर टुमन कुमार मेहता, पवन कुमार सहनी, विरेन्द्र मिश्रा की स्थिति संतोषजनक दर्ज की गई। इन्हें भी कार्ड निर्माण की गति तीव्र करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान उन्होंने औराय टोल पहुंचकर दीनाभद्री मेले में आयुष्मान कार्ड निर्माण के प्रति लोगों को जागरूक किया। मौके पर मुखिया पंकज कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जनभर लोग हुए घायल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद को लेकर थानाक्षेत्र के टहवा गांव में सोमवार की देर शाम दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें कुल आधा दर्जनभर लोग घायल हो गया। एक पक्ष से घायल की पहचान नीतीश कुमार, उसका पिता राजेंद्र यादव, चंद देवी,भाई जितेंद्र कुमार तथा दूसरे पक्ष से प्रवीण कुमार और उसका भाई प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां सभी घायलों का इलाज चिकित्सक के द्वारा किया गया। सभी घायलों की स्थिति को नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। एक पक्ष से घायल नीतीश कुमार ने दूसरे पक्ष के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिसका केस भी न्यायलय में चल रहा है जिसको लेकर दूसरे पक्ष के लोग केस उठाने की धमकी दे रहा है

और इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष से लगभग बीस लोग घर पर आकर मारपीट किया। दूसरे पक्ष से घायल के परिजन ने बताया कि जमीन को लेकर पहले पक्ष से दर्जनभर लोग तलवार, लाठी, पिस्तौल लेकर आया और विवाद करते हुए मारपीट करने लगा जिसमें दोनो भाई घायल हो गया। वही मारपीट की घटना को लेकर दोनो पक्षों की ओर से थाना में आवेदन दिया गया।

# एन एच 106 पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 12 वर्षीय बालक की गयी जान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सिंहेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलहसन चौक के समीप एन एच 106 पर सोमवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक 12 वर्षीय बालक को रौंद दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान झिटकिया वार्ड संख्या तीन निवासी मो. टूनमा के 12 वर्षीय बेटे अबुल कैश के रूप में हुई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर भाग निकला। परिजनों ने बताया कि रात करीब 8 बजे अबुल कैश गुलहसन चौक के पास पोखर के सामने रोड पार कर रहा था। इसी दौरान मधेपुरा की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे वह वाहन के लगभग 10 मीटर आगे फेंका गया। इसके बाद वाहन चालक उसके ऊपर वाहन चढ़ाते हुए सिंहेश्वर की तरफ भाग निकला। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल को आनन-फानन में स्थानीय जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी सिंहेश्वर थाने की पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची सिंहेश्वर थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया।

# हेलो निगरानी विभाग का पदाधिकारी बोल रहा किसी गलत केस में आपका बेटा साथियों के साथ पकड़ा गया

## सरपंच पिता से ऐंठे पैसे; ठगी की हैरान करने वाली कहानी

प्रात : किरण संवादाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के श्रीनगर पंचायत के सरपंच सचिंद्र कुमार ने एक फर्जी पुलिस पदाधिकारी के झांसे में आकर 70 हजार रुपए ठगा गए हैं। पीड़ित सरपंच सचिंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिन 25 जुलाई को पुलिस की डीपी लगे हुए वाट्सऐप नंबर से कॉल आया और उसने बताया कि मैं निगरानी विभाग का पदाधिकारी बोल रहा हूं आप सचिंद्र कुमार बोल रहे हैं आपका बेटा पटना में पढ़ता है और आपका बेटा का नाम गौरव कुमार है। आपका बेटा किसी गलत कैस में साथियों के साथ पटना में पकड़ा गया है लेकिन जांच पड़ताल करने के बाद पता चला कि आपका बेटा निर्दोष है लेकिन साथ में है। यदि आप अपने बेटे को बचाना चाहते हैं तो जल्दी पैसों की व्यवस्था कर मेरे बताए खाते में भेज दीजिए, हम उसे बैक डोर से निकाल देंगे, अन्यथा उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। तब तक उसी क्रम में रोने की आवाज सुनाई और रोते हुए उन्होंने बताया कि पापा हो पापा हमरा तू बचा लाए ई लोग हमरा मार देते। इतना सुनते ही सचिंद्र कुमार परेशान हो गए और उनसे गुहार भी लगाया कि मेरे पास अभी एक पैसा भी नहीं है फिर भी उन्होंने एक नहीं माना और बेटे की जान खतरे में होने की बात बताकर फोन काट दिया। इतने में लाचार पिता किसी को बिना बताए हुए बेटे को बचाने के लिए पिता ने सीएसपी पहुंचकर खातों में 70 हजार रुपये भेज दिया। लेकिन पैसा भेजने के बाद अन्य परिजनों को जब इस बात की जानकारी लगी तो गौरव कुमार के मोबाइल पर फोन लगाया तो उन्होंने अपने आप को बिना कोई घटना की जानकारी देते हुए सुरक्षित बताया। लेकिन उसके बाद जब उन्होंने उस व्हाट्सएप नंबर पर फोन लगाने की कोशिश की तो फोन नहीं लगा तो तब ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने अब पुलिस में शिकायत दर्ज करने को लेकर मधेपुरा साइबर थाना का चक्कर लगा रहा है। लेकिन अभी तक ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इस संबंध में एएसपी प्रबेन्द्र भारती ने बताया कि यह साइबर ठगी का मामला इसे नहीं कहते हैं इन्हें ठगी का मामला कहा जाता है उनको बोलिए अपने घैलाढ़ थाना में जाकर लिखित एफआईआर दर्ज करवाए।

# प्रशासनिक मिली भगत से बिचौलिया कर रहे थाना में बैठ कर रुपये की उगाही

## थाना में ऐसे कारनामे से बेहतर पुलिसिंग पर उठ रहे सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के सेवा गांव निवासी कपिलदेव रावत के पुत्र राजन कुमार ने पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर रतनपुर गांव निवासी झाझा प्रखंड प्राथमिक विद्यालय कुबरी यादव टोला प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम कुमार राय के पुत्र विक्रम कुमार विक्रांत उर्फ विक्की कुमार के विरुद्ध मोबाईल पर फोन कर गिद्धौर थाना में शिकायतकर्ता राजन कुमार से पचास हजार रुपये उगाही कर लिए जाने की शिकायत कर मामले में समुचित कारवाई की मांग की है ।मामले से पीड़ित शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती आवेदन के माध्यम से कहा है कि मुझे विक्रम कुमार विक्रांत उर्फ विक्की द्वारा मेरे ऊपर केस होने का हवाला देते हुए मेरे मोबाइल पर फोन कर कहा कि गिद्धौर थाना के बड़ा बाबू आपको बुला रहे हैं, मैं जब गिद्धौर थाना गया,तब मुझे थानाध्यक्ष रीता कुमारी द्वारा डांट फटकार किया जाने लगा,मुझे हाजत के पास बैठा दिया गया व मेरा मोबाईल भी जब्त कर लिया,जब मैंने थानाध्यक्ष से कहा कि मैं कोई चोर बदमाश नहीं हूं, मेरे विरुद्ध थाना में कोई अपराधिक इतिहास भी नही है, मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है, तब दूसरे व्यक्ति से कहवाती है कि तुम्हारे विरूद्ध सोनो थाना में एक केश दर्ज है, पीड़ित ने बताया कि मेरे विरूद्ध सोनो थाना में भी कोई केस दर्ज नहीं है, तभी विक्रम कुमार विक्रात उर्फ विक्की कुमार मेरे पास आया और डांट फटकार कर धमकाने लगा व तुरंत पचास हजार रूपया देने का दबाब बनाना लगा, अपने आप को झूठा केस में फंसा देने के डर से अपने चचेरा भाई धीरज कुमार से पैसे मंगवाया और गिद्धौर थाना में विक्की कुमार को दिया। वहीं शिकायत कर्ता ने इसका साक्ष्य भी जरूरत पड़ने पर पुलिस प्रसासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इधर गिद्धौर थाना में एक व्यक्ति द्वारा केस होने की बात जो थाना का कर्मी भी नही है घटों बैठ कर पचास हजार रुपये ऐंठ लेने के मामले से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठ रहा रहा है, जहां जिला प्रसासन कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की हर मुमकिन कवायद में दिन रात लगी है।

# पीएम श्री योजना - चयनित स्कूलों के भवनों की साज सज्जा व रंग रोगन आधुनिक पद्धति से कराई जाएगी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूल हाईटेक होंगे। दरअसल,पीएम श्री स्कीम में जिला स्तर पर उन विद्यालयों का चयन किया गया है। जिसमें विद्यालय में निर्माण के लिए भूखंड उपलब्ध हो और विद्यालय भौतिक रूप से आदर्श स्थिति में हो। जिला स्तर पर अनुपयुक्त या अपात्र विद्यालयों का चयन नहीं किया जाना है। इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। दरअसल पीएम श्री योजना के तहत चयनित होने वाले स्कूलों में नवीनतम तकनीक के साथ स्मार्ट क्लासरूम और अन्य आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें की स्कीम के तहत जमुई के विभिन्न प्रखंडों से विद्यालयों का चयन किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत पुराने स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। जिसके अंतर्गत स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने के लिए एक आधुनिक तरीका लाया जाएगा। इस योजना के द्वारा आधुनिक शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस योजना की शुरूआत की गई है। जिसके तहत स्कूलों को मॉडिफाइड करते हुए नए स्मार्ट मॉडल स्कूल में बदल जाएगा। पीएम श्री योजना का संचालन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर किया जाएगा। जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों के ढांचे को और भी ज्यादा सुंदर मजबूत एवं आकर्षक बनाया जाएगा। ताकि बच्चों को बेहतर इंफास्ट्रक्चर मिल सके। इस योजना के क्रियान्वयन का सारा खर्च केंद्र सरकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। क्लासरूम आधुनिक स्मार्ट डिजिटल होंगे पीएम श्री योजना के तहत चयनित होने वाले विद्यालयों में प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक की शिक्षा मुक्त में प्रदान की जाएगी। इन विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने का तरीका आधुनिक एवं परिवर्तनकारी होगा। शोध उन्मुख एवं ज्ञान आधारित शिक्षण का जोर दिया जाएगा। क्लासरूम आधुनिक स्मार्ट और डिजिटल होंगे। विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिलेगी। खेलकूद के लिए अच्छा मैदान बनेगा। स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से मौजूद होगी।अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। जहां बच्चों को वैज्ञानिक प्रयोग करने की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगीपीएम श्री योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आधुनिक शिक्षा पाने का अवसर प्राप्त होगा। योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालय में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे गरीब बच्चों को भी स्मार्ट क्लास स्कूल से जुड़ने का मौका मिलेगा। इन स्कूलों के भवनों की साज- सज्जा व रंग रोगन आधुनिक पद्धति से की जाएगी। पारंपरिक शिक्षा पद्धति में बदलाव को लेकर पीएम श्री योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें बच्चों को आधुनिक और बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान की जाएगी ।राजेश कुमार डीईओ ने बताया है कि विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में चयनित विद्यालयों में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करने को लेकर केकेएम कॉलेज के शिक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन




प्रात : किरण संवादाता

जमुईः- मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ समन्वय समिति के आह्वान पर केकेएम कॉलेज में प्रोन्नति की अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी करने को लेकर कॉलेज शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों द्वारा धरना- प्रदर्शन किया गया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं स्नातकोत्तर राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में 9 जुलाई 2024 को ही प्रोन्नति संबंधी प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। फिर भी प्रमोशन का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाना शिक्षकों के साथ अन्याय है। प्रोन्नति पाना शिक्षकों और शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक और नैतिक अधिकार है। संघ के सचिव एवं राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि नियम के अनुसार ससमय प्रोन्नति मिलना ही चाहिए।

शिक्षकों के हित मे प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करना विश्वविद्यालय का परम कर्तव्य है। सभी विषयों के शिक्षकों की प्रोन्नति का नोटिफिकेशन एक साथ होना न्यायोचित होगा। संयुक्त सचिव तथा अर्थशास्त्र के पीजी हेड डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि प्रोन्नति हमारा वास्तविक और संवैधानिक अधिकार है। प्रोन्नति की संपूर्ण प्रक्रिया 21 दिन पूर्व पुरी हो चुकी है। बावजूद इसके नोटिफिकेशन जारी नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षकों की प्रोन्नति की अधिसूचना सभी विषयों की अधिसूचना के साथ जारी होना चाहिए। अन्यथा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ और कॉलेज शिक्षक संघ हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। जिन विषयों में सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, एवं एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोन्नति प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उसे शिक्षक हित में नोटिफिकेशन जारी करने में देरी नहीं होनी चाहिए। केकेएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रमा सिंह ने भी शिक्षकों की मांग को उचित ठहराते हुए उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रमोशन उनका मूल अधिकार है। प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिसूचना जारी करना नियम के अनुकूल है। संघ के शिक्षकों ने इंकलाब जिंदाबाद, संघर्ष हमारा नारा है, प्रोन्नति हमारा अधिकार है आदि शांतिपूर्ण नारे लगाए। मौके पर डॉ अनिंदो सुंदर पोल, डॉ मोहम्मद शफी दानिश (अंग्रेजी) डॉ सत्यार्थ प्रकाश (इतिहास) डॉ विनीता मोंडल, डॉ सुदीप्ता मोंडल (भौतिकी) डॉ श्वेता सिंह (हिंदी, ) डॉ दीपक कुमार (जूलॉजी) प्रो सरदार राम (अर्थशास्त्र) डॉ यूएन घोष (गणित) इत्यादि शामिल थे, जिन्होंने प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करने की मांग की।

# जमुई जिला के 24वें थाना के रूप में मोहनपुर थाना में कार्यारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई लक्ष्मीपुर गृह विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या 64 दिनांक 06.01.2015 के द्वारा मोहनपुर, काकनचौर और काला पंचायतों के कुल 45 गाँवों के लिए एक नए थाना मोहनपुर थाना में आज कार्यारम्भ किया गया। जो जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से अलग कर के बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय डॉक्ट्र शौर्य सुमन द्वारा धर्मेंद्र कुमार, पुलिस निरीक्षक को इस थाना के प्रथम थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त 04 पुलिस अवर निरीक्षक एवं पर्याप्त पुलिस बल के साथ मोहनपुर थाना आज से कार्यरत हो चुका है। मंगलवार 30 जुलाई को मोहनपुर थाना में कार्यारम्भ स्थानीय माननीय विधायक दामोदर रावत एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन जमुई की उपस्थिति में किया गया। मोहनपुर थाना द्वारा अब क्षेत्राधिकार की आम जनता को एक थाना द्वारा दी जाने वाली सभी लोकसेवाएँ स्थानीय स्तर पर सर्वसुलभ रहेगीं। अपराध की स्थिति में क्विक रेस्पोंस, विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण और निवारण में स्थानीय आम जनता को उत्कृष्ट पुलिसिंग की सेवाएं मोहनपुर थाना द्वारा प्राप्त हो सकेगीं। थाना के रूप में कार्यरत होने के फलस्वरूप यहाँ आधुनिक सीसीटीएनएस की सुविधा उपलब्ध होगी। सभी नागरिकों को अन्य सुविधाएं जैसे चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, इत्यादि में सुगमता और अत्यधिक गुणवत्ता मिल सकेगी। जमुई पुलिस शीलता, सहजता और सौजन्यता के साथ नागरिक सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

# सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर के मुख्य बाजार स्थित लॉर्ड मिंटो टावर चौक के निकट का नाली जाम हो जाने के कारण नाली का गंदा पानी बीच सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क पर बह रहे नाली के गंदा पानी के दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं व बीमारी फैलने की संभावना भी बनी है। प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों के उदासीन बने रहने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। गिद्धौर बाजार के दुकानदार राजकुमार ठाकुर,राकेश यादव डब्लू, सुनील गुप्ता,चंदन गुप्ता,दीपक केशरी,जितेंद्र रावत,राजकुमार रावत, गौतम केशरी,टीपू कुमार साव सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि नाली जाम रहने और गंदा पानी सड़क पर बहने से व्यवसाय काफी प्रभावित हो रहा है। सड़क पर गंदा पानी जमे रहने से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दुकानदारों ने कहा कि इसी बाजार में जरूरतों की खरीददारी करने स्थानीय प्रखंड प्रमुख,मुखिया, पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि आते हैं।

सम्पादकीय

## कोचिंग हादसे के सबक

क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, तिहाड़ जेल से ही, अपनी सरकार की जवाबदेही स्वीकार करेंगे? क्या वह यह भी स्वीकार करेंगे कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सरकार और नगर निगम चलाने लायक नहीं है? क्या केजरीवाल अब दिल्ली वालों का आह्वान करेंगे कि चुनाव में आप को बहुमत न दिया जाए? राजधानी दिल्ली में तीन युवाओं की जो दर्दनाक, त्रासद मौतें हुई हैं या ऐसे ही हादसे हो रहे हैं, क्या उनके पीछे भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की साजिश है? दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में निर्वाचित सरकार है। जेल में बंद होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री हैं। सर्वोच्च अदालत के नैतिक संकेत के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया भी जेल में हैं। जो बचे-खुचे मंत्री हैं, वे सिर्फ बयानवीर हैं अथवा उपराज्यपाल पर दोषारोपण करने वाले नेता हैं। वे बेचारगी के प्रतिनिधि हैं, जो बयान देने या जांच की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं कर सकते। तो फिर मंत्री क्यों बने बैठे हैं? इस्तीफा देकर, सड़क पर उतर कर, लोकतंत्र की लड़ाई क्यों नहीं लड़ते? दिल्ली में सरकार आप की है और नगर निगम पर भी वह काबिज है। मेयर शैली ओबरॉय आप की ही नेता हैं। इन जवाबदेहियों का जिक्र इसलिए करना पड़ रहा है या ये सवाल इसलिए उठाए जा रहे हैं कि राजधानी दिल्ली में विधानसभा स्तर पर जो सरकार है, वह गायब है, लिहाजा स्थानीय दिल्ली अनाथ महसूस कर रही है। तीन युवा छात्रों की पानी के तेज बहाव में, एक इमारत के बेसमेंट में फंस कर, मौत हो गई। यह आपदा या हादसा नहीं, हत्याकांड है। उस इमारत में आईएएस की कोचिंग देने वाला प्रख्यात केंद्र चलता है, जिसके बड़े-बड़े विज्ञापन अखबारों में छपते हैं और युवा छात्रों को आकर्षित करते रहे हैं। यह केंद्र कोचिंग देने की फीस लाखों में लेता है, लेकिन सुविधा और सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। उस इमारत के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है, जो कानूनन अवैध है। जो छात्र बच गए हैं, उनकी नियति ही ऐसी थी, अलबत्ता पानी का बहाव किसी बाढ़ से कम नहीं था।

वहां इतना तेज पानी कैसे घुसा? इसी सवाल के गर्भ में तमाम भ्रष्टाचार और कदाचार निहित हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास मुखर्जी नगर की वह घटना आज भी याद आती है, जब आग से बचने के लिए युवा छात्रों ने खिड़कियों से ही छलांग लगा दी थी अथवा किसी रस्सी के सहारे, जलते हुए कमरे से, बाहर कूद पाए थे। कुछ मौतें भी हुई थीं। वहां भी आईएएस, आईपीएस बनने का सपना पाले युवा छात्र पढ़ते हैं। वहां भी बंदइया: कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। अभी 4-5 दिन पहले दिल्ली के पटेल नगर में एक युवा करंट की चपेट में आकर मारा गया। वह भी आईएएस की तैयारी कर रहा था। ये आपराधिक नाकामियों की भयावह कथाएं हैं, लापरवाही को नंगा करती हैं, आखिर दिल्ली में ये हत्याकांड क्यों हो रहे हैं? व्यवस्था और निगरानी की बुनियादी और प्राथमिक जिम्मेदारी किसकी है? जाहिर है कि केजरीवाल की सरकार और आप के नगर निगम की जिम्मेदारी है। ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई कौन देखेगा? दिल्ली में तो इतनी बारिश भी नहीं हुई है कि व्यवस्थाएं ही डूब जाएं। आईएएस कोचिंग सरीखे 550 से अधिक केंद्र दिल्ली में चल रहे हैं, जिनमें से 60-65 ही पूरी तरह वैध हैं। अधिकतर इमारतों में अग्नि-सुरक्षा के न तो बंदोबस्त हैं और न ही प्रमाणपत्र हैं। उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है, क्योंकि ऊपर तक मुंह में दही जमाई हुई है। अब ये नजराने किस स्तर तक दिए जाते रहे हैं, यह जांच का विषय है, जिसका कोई ठोस निष्कर्ष कभी सामने नहीं आएगा। इस हत्याकांड के बाद युवाओं में आक्रोश है, वे विद्रोह पर उतारू हैं, हत्या का केस दर्ज किए जाने के आग्रह कर रहे हैं। अब प्रशासन ने इमारतों के ऑडिट करने का फैसला लिया है। उससे भी क्या होगा, क्योंकि प्रशासन ने ही आंखें मूंदी हुई हैं, कान भी बंद कर रखे हैं, संज्ञान पर सन्नाटा छाया है।

## कोचिंग सेंटर क्यों बन रहे मौत के सौदागर?

डॉ. रमेश ठाकुर

दिल्ली के एक आईएएस कोचिंग सेंटर में पानी भरने से हुई तीन छात्रों की मौत ने शिक्षण संस्थाओं की कार्यशैली पर फिर बड़ा सवाल खड़ा किया है। सवाल ऐसा जिसका जवाब शायद वो कभी न दे पाएं। क्योंकि ऐसे सवाल हर ऐसी घटना के बादवर्षों से पूछे जा रहे हैं। देशभर के छात्र अपना भविष्य बनाने की चाह लेकर कोचिंग सेंटरों में पहुंचते हैं। भारी भरकम फीस भरते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर सिर्फ हादसे और मौत? राजस्थान का कोटा शहर तो हादसों के लिए कुख्यात है ही, उस रास्ते पर अब दिल्ली भी चल पड़ी है। दिल्ली में सिविल सेवाओं की तैयारी का गढ़ माना जाता है। मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर में सालाना हजारों की संख्या में छात्र तैयारी करने जाते हैं। ज्यादातर कोचिंग सेंटर किराये के मकानों में संचालित हैं जिनमें जरूरत की सुविधाएं बिल्कुल भी नहीं होतीं। राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में जिस कोचिंग सेंटर में हादसा हुआ है, वह भी किराये पर था। बेसमेंट में बारिश का पानी हमेशा से भरता रहता था, जिसे सेंटर वालों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। आस-पड़ोस और चश्मदीदों ने बताया कि सेंटर में पानी जमा होने की समस्या पुरानी है। ड्रेनेज की सही व्यवस्था नहीं है और साफ-सफाई भी नियमित रूप से नहीं होती। स्टूडेंट्स के रहने की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी। जगह-जगह पर बिजली के तार भी गिरे रहते हैं, जिससे किसी को भी करंट लग सकता है। पिछले सप्ताह दिल्ली में अच्छी बारिश हुई जिसका पानी हादसे वाली राव कोचिंग में इतना भर गया कि तीन होनहार बच्चे डूबकर मर गए। घटना के वक्त छात्र बेसमेंट में केबिन के भीतर पढ़ाई में मग्न थे, लेकिन उन्हें क्या पता था आज की पढ़ाई उनकी अंतिम होने वाली है। पानी के रूप में बेसमेंट में मौत प्रवेश कर चुकी है। छात्रों को नहीं पता था कि अंदर पानी भर आया है, क्योंकि बेसमेंट में रिसप्शन भी था, सेंटरकर्मी भी कई मौजूद थे, लेकिन अंदर पानी भरता देख वह छात्रों की सहायता करने के बजाय भाग खड़े हुए। घटना के वक्त राव कोचिंग का मुख्य संचालनकर्ता भी मौजूद था, वो भी भाग निकला। अगर ये लोग बच्चों को बचाने का प्रयास करते तो शायद उनकी जान बच जाती। लेकिन उन्होंने ऐसा करना मुनासिब नहीं समझा।

दिल्ली में कुकुरमुत्तों की भांति अब कोचिंग सेंटर संचालित हो चुके हैं। यूपीएससी, बैंकिंग, एनडीए, सैनिक, डिफेंस अकादमी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने विभिन्न राज्यों से बच्चे दिल्ली पहुंचते हैं। दिल्ली में कोचिंग सेंटरों में छात्रों के हताहत होने की ये पहली घटना नहीं है, पूर्व में भी कई ऐसी घटनाएं हुई, लेकिन पूर्ववर्ती घटनाओं से न प्रशासन ने कुछ सीखा और न ही कोचिंग संचालनकर्ताओं ने कुछ सबक लिया। सेंटर छात्रों से मोटी फीस वसूलते हैं, यूपीएससी के छात्रों से तो मुंह मांगा? छात्र और उनके परिजन उज्ज्वल सपनों का ख्याल करते हुए सभी मांगे पूरी करते हैं। पर, कोचिंग वालों को पढ़ाई के अलावा सुरक्षा संबंधित जो सुविधाएं बच्चों को मुहैया करवानी चाहिए, वो नहीं करते। कोचिंग वालों को सिर्फ शिक्षा के नाम पर धंधा करना होता है। इनके तार पुलिस और सफेदपोशों तक होते हैं ताकि कोई अनहोनी घटना होने पर सुलझा लिया जाए। दिल्ली की घटना के बाद हादसा करने वाला कोचिंग सेंटर का मालिक भी इसी के जुगत में है। उसके बचाव विभिन्न राजनीतिक दलों से बताए गए हैं, स्थानीय पुलिस में भी उसकी अच्छी सांठगांठ है। बहरहाल, मन को झकझोर देने वाली घटना ने पूरे देश में कोहराम मचाया हुआ है। घटना से आक्रोशित सैकड़ों छात्र घटनास्थल पर धरने पर हैं। उनका दर्द शायद कोई समझ पाए, क्योंकि उन्होंने अपने तीन साथियों को खोया है। मृतक छात्रों के परिवारों को देखकर रूह कांपने लगती है। परिजन दिल्ली पहुंचकर बिलख रहे हैं। उन्होंने अपने दिल के टुकड़ों को भविष्य बनाने के लिए दिल्ली भेजा था, लेकिन प्रभु की लीला देखो, अपने कलेजे के टुकड़ों के शव लेकर घरों को लौट रहे हैं। हताहतों में एक छात्रा यूपी के अंबेडकरनगर और दूसरी तेलंगाना की तो वहीं तीसरा छात्र केरल के एर्नाकुलम का था। उत्तर प्रदेश की छात्रा श्रेया यादव के पिता दूध बेचते हैं, उनका सपना था बेटी अफसर बने।

दिल्ली सरकार ने घटना के संबंध में बेशक मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हों, लेकिन मृतक छात्रों के साथी चीख-चीख बोल रहे हैं कि घटना कोचिंग वालों की लापरवाही से हुई। घटना की सच्चाई एकदम सामने है। घटना बीते शनिवार को उस वक्त घटी जब कुछ छात्र पढ़ाई में मग्न थे, तभी बेसमेंट में पानी घुसा। बेसमेंट से निकलने का एक ही रास्ता था, जहां से पानी अंदर आया। दूसरा कोई रस्ता नहीं था। पानी घुसता देख कोचिंग कर्मी खुद की जान बचाकर भाग निकले, लेकिन बेसमेंट के केबिन में पढ़ रहे छात्रों को नहीं बताया। मृतकों के नाम श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन हैं, तीनों यूपीएससी की तैयारी करते थे। पुलिस ने कोचिंग सेंटर के संचालकों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और दिल्ली की मंत्री अतिशी ने घटना पर दुख जताते हुए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लेकिन ये सब उस जख्म को कभी नहीं भर सकते जो मृतकों के परिवारों को मिल चुके हैं। कोचिंग सेंटरों को अपनी कार्यशैली बदलनी होगी, सिर्फ कमाई का जरिया सेंटरों को नहीं समझना चाहिए।

# प्रेमचंद की कृतियों का वस्तुगत और वैज्ञानिक मूल्यांकन की आवश्यकता

**अक्सर किसी साहित्यकार या महापुरुष की जयंती मनाने के क्रम में प्रायः यही कहा जाता है कि हमें उनके आदर्शों, गुणों और विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए। उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए , वगैरह वगैरह ।प्रेमचंद को याद करते हुए भी यही बातें दुहरा दी जाती हैं। ऐसा कहने वाले लोग शायद यह नहीं जानते कि कोई भी आदर्श चिरस्थाई नहीं होता बल्कि समय एवं परिस्थिति में परिवर्तन के साथ ही उसमें बदलाव आता है , लाना पड़ता है। अतीत के ऊंचे से ऊंचे आदर्शों का भी वर्तमान में अंधानुकरण करने से लाभ के बदले हानि होने की पूरी सम्भावना रहती है। किसी भी घटना अथवा वस्तुगत परिस्थिति पर तर्क संगत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विचार करने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात को आसानी से समझ सकता है कि महान से महान प्रतिभाशाली व्यक्ति का चिंतन उसके स्थान ,काल , परिस्थिति एवं भौतिक सीमाओं का अतिक्रमण नहीं कर सकता। इसलिए किसी महापुरुष या साहित्यकार की कृतियों के मूल्यांकन में उसके देश ,काल और भौतिक परिस्थितियों को नजर अंदाज करने से उसका सही ,वस्तुगत और वैज्ञानिक मूल्यांकन नहीं हो सकता। प्रेमचंद के साहित्य पर विचार करने के क्रम में हमें उस समय के उन तमाम भौतिक परिस्थितियों पर पहले नजर डालनी होगी , जिसमें उन्होंने अपने साहित्य का सृजन किया है। तभी हमें उनकी कृतियों की सही समझ हासिल हो सकेगी। प्रेमचंद का रचना काल राजनीति, समाज नीति और कला के विभिन्न प्रयोगों तथा संघर्षों का काल है। उस समय हमारे देश में सामंती समाज व्यवस्था की जगह पूंजीवादी व्यवस्था आकार ले रही थी और गांवों में सामंती व्यवस्था के अवशेष कायम थे। विदेशी शासक और देशी जमींदारों के शोषण से गांव की जनता त्राहि -त्राहि कर रही थी। शोषित और उपेक्षित वर्ग के बीच अनेक प्रकार की कुरीतियां , अंधविश्वास और धार्मिक आडम्बर का बोलवाला था। इस काल में देश का युवा वर्ग अनुभव की छोटी-छोटी पगडंडियों से गुजर रहा था और नेतृत्व दिशाहीन था।**





**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

आज 31जुलाई का दिन कथा सम्राट और महान उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद का जन्म दिन है। इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक - सांस्कृतिक संस्थाओं में इस महान साहित्यकार की जयंती मनाई जाती है। अक्सर किसी साहित्यकार या महापुरुष की जयंती मनाने के क्रम में प्रायः यही कहा जाता है कि हमें उनके आदर्शों, गुणों और विचारधारा का अनुकरण करना चाहिए। उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए , वगैरह वगैरह ।प्रेमचंद को याद करते हुए भी यही बातें दुहरा दी जाती हैं। ऐसा कहने वाले लोग शायद यह नहीं जानते कि कोई भी आदर्श चिरस्थाई नहीं होता बल्कि समय एवं परिस्थिति में परिवर्तन के साथ ही उसमें बदलाव आता है , लाना पड़ता है। अतीत के ऊंचे से ऊंचे आदर्शों का भी वर्तमान में अंधानुकरण करने से लाभ के बदले हानि होने की पूरी सम्भावना रहती है। किसी भी घटना अथवा वस्तुगत परिस्थिति पर तर्क संगत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विचार करने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात को आसानी से समझ सकता है कि महान से महान प्रतिभाशाली व्यक्ति का चिंतन उसके स्थान ,काल , परिस्थिति एवं भौतिक सीमाओं का अतिक्रमण नहीं कर सकता। इसलिए किसी महापुरुष या साहित्यकार की कृतियों के मूल्यांकन में उसके देश ,काल और भौतिक परिस्थितियों को नजर अंदाज करने से उसका सही ,वस्तुगत और वैज्ञानिक मूल्यांकन नहीं हो सकता।

प्रेमचंद के साहित्य पर विचार करने के क्रम में हमें उस समय के उन तमाम भौतिक परिस्थितियों पर पहले नजर डालनी होगी , जिसमें उन्होंने अपने साहित्य का सृजन किया है। तभी हमें उनकी कृतियों की सही समझ हासिल हो सकेगी।

प्रेमचंद का रचना काल राजनीति, समाज नीति और कला के विभिन्न प्रयोगों तथा संघर्षों का काल है। उस समय हमारे देश में सामंती समाज व्यवस्था की जगह पूंजीवादी व्यवस्था आकार ले रही थी और गांवों में सामंती व्यवस्था के अवशेष कायम थे। विदेशी शासक और देशी जमींदारों के शोषण से गांव की जनता त्राहि -त्राहि कर रही थी। शोषित और उपेक्षित वर्ग के बीच अनेक प्रकार की कुरीतियां , अंधविश्वास और धार्मिक आडम्बर का बोलवाला था। इस काल में देश का युवा वर्ग अनुभव की छोटी-छोटी पगडंडियों से गुजर रहा था और नेतृत्व दिशाहीन था। आर्य समाज ,हिंदु समाज , हरिजन उद्धार समाज , सर्वोदय जैसी सुधार समितियां राजनीतिक मंच के रूप में सक्रिय थीं। प्रेमचंद की करीब 266 कहानियां तथा 10 उपन्यास तत्कालीन भारतीय समाज के संघर्षमय जिंदगी के दस्तावेज हैं। अपने पूर्ववर्ती साहित्यकारों से विरासत के रूप में काल्पनिक दुनिया में विचरने वाला साहित्य पा कर भी जिस साहित्यकार ने शोषित -पीडित जनता को अपनी संवेदना दी , उन्हें शोषण से मुक्ति की राह दिखाई ,वह आज भी प्रासंगिक हैं। प्रेमचंद भारत के करोड़ों शोषित -पीडितों की जुबान थे, जिनके माध्यम से अशिक्षित किसान -मजदूरों की वेदना बोलती थी। सफल साहित्यकार केवल समस्याओं का चित्रण ही नहीं करता , उसके समाधान का रास्ता भी सुझाता है। गोदान के गोबर तथा झुनियां और मातादीन तथा सिलिया के प्रश्न आज भी हमारे सामाजिक जीवन को झकझोरते है।

प्रेमचंद के समय में तिलक-चंदन , कथा -भागवत ,धर्म - संस्कार ,स्नान -पूजा का रिवाज होते हुए भी उसकी मयार्दाएं झूठी पर चुकी थी। शादी-विवाह ,जन्म -मरण सबकुछ विरादरी के हाथों में था। विरादरी से अलग जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। ब्राह्मण खुद को श्रेष्ठ मान दूसरी जाति वाले को विरादराना भय दिखा कर दबाए रखना चाहते थे। तभी तो गोदान का हरखू कहता है, तुम हमें ब्राह्मण नहीं बना सकते , मुदा हम तुम्हें चमार बना सकते हैं ।तुम हमें ब्राह्मण बना दो ,हमारी पूरी विरादरी बनने को तैयार हैं। जब यह सामर्थ्य नहीं, तो फिर तुम भी चमार बनो, हमारे साथ खाओ -पीओ, उठो -बैठो , हमारी इज्जत लेते हो तो अपना धरम भी हमें दो। मातादीन के मुंह में हड्डी डाला जाना तब के समय में बड़ी बात थी। प्रेमचंद धन-धर्म ,मान -प्रतिष्ठा से किसी भी शर्त पर समझौता करने के पक्ष में नहीं रहे। वे सही मायने में एक जनवादी लेखक थे। वे वैयक्तिक और सृजनात्मक दोनों क्षेत्र में केवल जनता के बने रहे। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन गवर्नर सर मालकम हेली ने 1929 में जब उनको रायसाहबी देने का जब प्रस्ताव भेजा तब आजीवन अभाव में जीने वाले इस साहित्यकार ने अपने स्वाभिमान और जनता के साथ अटूट प्रेम का परिचय देते हुए जवाब में कहा था, तब मैं जनता का आदमी न रह कर एक पिट्ठु बन जाऊंगा, उसी तरह जैसे अन्य लोग हैं ।तब सरकार मुझसे जो लिखवाएगी ,लिखना पड़ेगा ।जनता का तुच्छ सेवक हूं,अगर जनता की रायसाहबी मिली तो सिर आंखों पर , गवर्नमेंट की रायसाहबी की इच्छा नहीं है। प्रेमचंद ने भी मानव जीवन की तमाम समस्याओं को आर्थिक धरातल पर ही तौलने का प्रयास किया है। उन्होंने अपनी कृतियों के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया है कि हमारे जीवन की सारी समस्याओं के पीछे आर्थिक कुव्यवस्था का ही हाथ है। यहां तक कि शिक्षा, राजनीति ,नीति -नैतिकता और न्याय व्यवस्था भी इसी आर्थिक व्यवस्था से नियंत्रित और संचालित होती है। एक जगह वे न्याय व्यवस्था पर चोट करते हुए लिखते हैं, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी की खेत से बालें नोच कर खा लेता है तो कानून उसे सजा देता है और दूसरा अमीर आदमी दिन दहाड़े लूटता है तो उसे पदवी मिलती है ,सम्मान मिलता है। प्रेमचंद के जमाने में रूस में बोलशेविक पार्टी के नेतृत्व में क्रांतिकारी परिवर्तन हो चुका था और प्रेमचंद अपने देश में भी वैसी ही क्रांति चाहते थे। लेकिन अपने देश में आजतक वैसा कुछ नहीं हुआ। आज जरुरत इस बात की है कि प्रेमचंद की कृतियों का वस्तुगत वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए और आज के लेखन को वर्तमान सामाजिक , आर्थिक परिस्थितियों से जोड़ कर प्रेमचंद की परम्परा को और आगे बढ़ाया जाए जिसकी रोशनी में भारत की जनता को शोषण से मुक्ति के संघर्ष को सही दिशा मिल सके।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सैंटर, पीजी और हॉस्टल

**इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दु:खद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते? शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निदोर्षों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निदेर्शों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते?

शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।

विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए।

परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?

वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा। जलभराव के कारण पानी जब बेसमेंट में घुसा तब लाइब्रेरी में 30-35 छात्र थे। यह तो गनीमत रही कि तीन अभागे छात्रों को छोड़कर बाकी सब जैसे-तैसे निकल आए। इस इलाके में बरसात में हर समय जलभराव होता है, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इसका कोई विशेष औचित्य नहीं कि एमसीडी ने एक जांच समिति गठित करने की बात कही है। जांच के नाम पर लीपापोती होने की ही आशंका अधिक है। दिल्ली की घटना इसकी परिचायक है कि जिन पर भी शहरी ढांचे की देखरेख करने और उसे संवारने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही से करने के लिए तैयार नहीं। यही कारण है कि देश की राजधानी के साथ-साथ अन्य महानगरों का भी शहरी ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है। बात हम नया भारत एवं विकसित भारत की करते हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं अभी वैसी नहीं बनी है और हम अनियंत्रित एवं असुरक्षित विकास करते जा रहे हैं। मुंबई हो, दिल्ली हो, चैन्नई या बेंगलुरु या ऐसे ही अन्य बड़े शहर -हर कहीं अनियोजित विकास और शहरी निर्माण संबंधी नियम-कानूनों के खुले उल्लंघन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# जलीय परिस्थितिकीय तंत्र के संरक्षण एवं विकास पर कृषि विज्ञानं केन्द्रों की कार्यशाला

डा. अंजनी कुमार सिंह

भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन, पटना, बिहार के तत्वाधान में एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि विभिन्न कारको की वजह से विहार राज्य के जलीय परिस्थितिकीय तंत्र में हो रहे क्षरण को कैसे संरक्षित एवं विकासत किया जाए तथा इसमें कृषि विज्ञान केन्द्रों की क्या भूमिका हो सकती है। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि डा0 रंजय कुमार सिंह, सहायक महानिदेशक (कृषिप्रसार) मे अपने संबोधनमें राज्य से आये हुए करीब25 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को बताया कि आई०सी०ए०आर० नई दिल्ली (भारत सरकार) काकृषि प्रसार संभाग यार्क विश्वविद्यालय(डॉ इलिनर जीव)के साथ मिलकर जलीय परिस्थितिकीय तंत्र तथा उसके आस-पास रहने वाले समुदायों के साथ समगतिशील जिविका पर एक अनुसंधान कर रहा है। जैसा कि डॉसिंह ने बताया कि भारत सरकार, जो की रामसर अंतर- सरकारी संधि का सदस्य है, जलीय परिस्थितिकीय तंत्र के विकास एवं संरक्षण के लिए विभिन्न विकास योजनाओं तथा नितियों पर कार्य कर रही है। कार्यशाला में कृषि प्रौद्योगिकीअनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह के सानिध्यमें के०वी०केके कुल करीब 23 वैज्ञानिकों ने बिहार राज्य के विभिन्न 18 जिलों के जलीय परिस्थितिकीय तंत्र की स्थिति एवं उससे संबंधित कृषि प्रणाली एवं वहाँ के समुदायों की जिविका की वस्तु स्थिति का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला के दौरान यह ज्ञात हुआ कि बिहार राज्य के विभिन्न जिलों के जलीय परिस्थितिकीय तंत्र जलवायु परिवर्तन, मौगोलिक बदलाव एवं सामाजिक- आर्थिक बदलाव के कारण क्षरण का सामना कर रहे हैं। के०वी०के के वैज्ञानिक, तथा निदेशक एवंमुख्य अतिथि ने इस बात पर जोर दिया कि जलीय परिस्थितिकीय तंत्र के करीब बसे हुए समुदायों की क्षमता का विकास तथा कुछ औपचारिक तकनिकियों के समावेश से संबंधित कार्य प्रणाली एवं संबंधित जलीय तंत्र के क्षरण को रोका जा सकता है। कार्यशाला के प्रतिभागियों के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश के जलीय परिस्थितिकीय पर हुए अनुसंधानं, जो की यार्क विश्वविद्यालय के साथ किया जा रहा है, को मुख्य अतिथि ने प्रस्तुत करते हुए बिहार के लिए के०वी०के की गतिविधियों में सम्मिलित करने के प्रयास के लिए कृ० वि० केन्द्रों से अनुरोध किया। कायार्शाला का समापन इसदृष्टि से किया गया कि सामूहिक सहभागिता बढ़ाते हुए जलीय परिस्थितिकीय तंत्र तथा उससे संबंधित जिविका को नये नजरिए तथा रणनिति के साथ मजबूत किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन शराबी गिरफ्तार

बेतिया।मैनाटांड प्रखंड अंतर्गत भंगहा पुलिस द्वारा सोमवार की संध्या गश्ती के दौरान सीतला माई मंदिर के पास से तीन शराबियों को गिरफ्तार किया गया। भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया कि नरकटियागंज निवासी सुनील कुमार, बिरंची निवासी मनोज कुमार, तिलोजपुर निवासी मनोरंजन मंडल को गिरफ्तार कर थाना लाया। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट ने किया जल शिविर का आयोजन

बेतिया(घनश्याम)।सावन के सोमवार के शुभ अवसर पर रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट ने सागर पोखरा मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल शिविर का आयोजन किया, जिसमें पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित हुए श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया। भीषण गर्मी में, ट्रस्ट की टीम ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया कि सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। यह आयोजन एक विनम्र अनुभव था, जिसमें लोगों के चेहरे पर पानी की चुस्की लेते हुए मुस्कान थी। मौके पर अंकित बरनवाल, विनीत कुमार, सतीश कुमार, रवि पटेल, अंशु पटेल, बिट्टू पटेल, मिथिलेश कुमार, निखिल श्रीवास्तव, धनंजय, सौरव श्रीवास्तव, अंशु कुमारी उपस्थित रहें।

### दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एकमा। सारण पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक टीम गठित कि गई जिसमें एकमा एसडीपीओ राजकुमार स्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष उदय कुमार व महिला व पुरुष सशस्त्र बल के साथ एकमा थाने के हुस्सेपुर गेट से लूटी हुई मोटरसाइकिल के साथ हथियार व गली गोली सहित दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया। फोटो कैप्शन एकमा। बताते चलें कि एकमा थाना क्षेत्र के पचुवां गांव निवासी अब्दुल गफ्फार के पुत्र मंसूर आलम ने 18 जुलाई 2024 को थाने में एक लिखित आवेदन देकर कहा था कि 18 जुलाई को हम अपनी पत्नी का इलाज सिवान जिले के चैनपुर से कराकर अपने घर पच्चुआ लौट के दौरान एकमा थाने के आमडाढी ओवर ब्रिज के समीप हथियार का भय दिखाकर मेरा अपाची मोटरसाइकिल जिसका नंबर बीआर 04 ए,टी, 7730 लूट लिया था।

### माँझी विधायक ने किया वृक्षारोपण

कोपा। माँझी के माकपा विधायक डॉ. सत्येन्द्र यादव ने एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत वन विभाग के कर्मियों के मौजूदगी में किया वृक्षारोपण मंगलवार को सारण वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार वन उप परिसर पदाधिकारी वेंकटेश कुमार सहित वन विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में इस अभियान के तहत माँझी विधानसभा के कोपा में माँझी विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान विधायक एवं उनके समर्थकों द्वारा छायेदार तथा फलदार वृक्ष लगाए गए।इस संबंध में विधायक ने बताया कि वन पर्यावरण के दृष्टिकोण यह अभियान हर किसी के लिए लाभदायक है एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत मेरे विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम बदस्तूर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता से भी आग्रह करता हूँ कि वो भी एक वृक्ष अपने माँ के नाम पर अवश्य लगाये।ताकि भविष्य में पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।श्री विधायक ने कहा कि पेर लगाने से नही होगा पेर को देख रेख करने के लिए हम सभी को संकल्प लेना पड़ेगा।

### हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत

डोरीगंज। गरखा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक जयकिशुन चौधरी का बीती रात हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 34540 कोटि के शिक्षक रूप मे 2012 मे मांझी प्रखंड के मध्य विद्यालय चमरहिया मे बहाल हुए। वे 2014 मे नागेन्द्र कुमार राजीव से मैचुअल ट्रांसफर कराकर मध्य विद्यालय धनौरा मे पदस्थापित हुए। इसके पूर्व चौधरी ईश्वरीय उच्च विद्यालय बसंत मे नियोजित शिक्षक के रूप मे भी अपनी सेवा प्रदान कर चुके है। उनके चार पुत्र ऑर दो लड़की थी जिसकी शादी वे कर चुके थे। उनके अंतिम दाह संस्कार आमी बोधाछपरा गंगा घाट पर किया गया। उनके आकस्मिक निधन से मध्य विद्यालय धनौरा एवं उच्च विद्यालय धनौरा मे शोक सभा का आयोजन गमगीन महौल मे किया गया। दोनो विद्यालय सहित संकुल के शिक्षको एवं बच्चो के प्रति मृदुल स्वभाव एवं उदार प्रवृति के लिए जाने जाते थे। धनौरा संकुल एवं गरखा प्रखंड के कई विद्यालयो मे उनके आकस्मिक निधन पर शोक मनाया गया।

# पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

● लक्ष्य के अनुरूप सभी पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित,निविदा के माध्यम से निर्माण हेतु की जा रही है कार्रवाई



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज पंचायती राज विभाग द्वारा जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। पंचायत सरकार भवन के निर्माण के संदर्भ में वर्ष 2023-24 के लिये 141का लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के अनुरूप सभी पंचायतों में भूमि का चयन किया जा चुका है। यह कार्य भवन प्रमंडल, छपरा द्वारा कराया जा रहा है। इन पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2023-24 से पूर्व की योजना के तहत 64 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का कार्य स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन द्वारा किया जा रहा है। इन सभी पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कर निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का निदेश दिया गया। निर्माण कार्य में जहाँ भी स्थानीय स्तर पर कठिनाई हो, एजेंसी को संबंधित बीपीआरओ के साथ समन्वय करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जिला में 21220 सोलर लाइट का अद्यतन लक्ष्य निर्धारित है। इसके तहत अबतक 11160 सोलर लाइट के लिये कार्यादेश निर्गत किया गया है। जिला में सोलर लाइट लगाने का कार्य दो एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है इन दोनों एजेंसियों द्वारा अब तक लगभग 4 हजार सोलर लाइट का अधिष्ठापन जिला के 10 प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया है। सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को सभी अधिष्ठापित सोलर लाइट के क्रियाशीलता को प्रतिमाह निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। रिपोर्ट में खराबी का कारण तथा मरम्मती करने में एजेंसी द्वारा लिये गये समय को भी दर्ज करने को कहा गया। सभी बीपीआरओ को जन उपयोगिता के आधार पर प्रत्येक पंचायत के लिए पाँच पाँच योजनाओं की सूची तैयार करने को कहा गया। प्राथमिकता के आधार पर इन योजनाओं का क्रियान्वन विभागीय प्रावधान के तहत कराया जा सकेगा। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, प्रशिक्षु सहायक समाहर्त्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एलएईओ, सहायक अभियंता भवन एवं सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मढ़ौरा में फेवर ब्लॉक ईट फैक्ट्री के आर में चलाया जाता था मिनी गन फैक्ट्री

**पुलिस कर रही है अलग-अलग ठिकानो पर छापेमारी**



● पांच लोगों की हुई गिरफ्तारी

प्रात: किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा के रुपराहीपुर स्थित फेवर ब्लॉक बनाने वाली ईट फैक्ट्री में सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। इस मिनी गन फैक्ट्री के उद्वेदन के बाद यह बात काफी जोर-शोर से चर्चा में आ गई है कि इसमें तैयार कि जा रही हथियारों की बिक्री के साथ-साथ संगठित अपराध करने वाले उग्रवादी संगठनों के पास भी बेचे जाते होंगे पुलिस इस बात की भी बड़ी गहराई से तहकीकात करने में जुट गई है कि आखिर यह फैक्ट्री कितने दिनों से यहां संचालित थी और इतने दिनों में कहां-कहां और किन-किन लोगों ने हथियार की खरीद बिक्री की गई है। इस फैक्ट्री का उद्वेदन पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पूछताछ के बाद हथियार निर्माण और तस्करी के एक बड़े रैकेट का पर्दा पास हो सकता है। इस नेटवर्क में कई बड़े-बड़े लोग के भी तार जुड़ने का संकेत मिल रहा है। काफी दिनों से गुपचुप तरीके से चलाई जा रही मिनी गन फैक्ट्री के बारे में जानकारी मिलने पर गुप्त सूचना के आधार पर मढ़ौरा पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से सोमवार की देर शाम छापेमारी कर यहां से भारी मात्रा में अर्ध निर्मित और पूर्ण निर्मित हथियार को बरामद किया है इस दौरान पुलिस ने फैक्ट्री संचालक मढ़ौरा के रूपरहीपुर निवासी अखिलेश कुमार कुशवाहा सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ करने के बाद छपरा जेल भेज दिया। इसमें मुंगेर से यहां आकर आकर हथियार बनाने वाले मिस्त्री भी शामिल हैं पुलिस के द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।और भारी मात्रा में बरामद अर्ध निर्मित व पूर्ण निर्मित हथियारों को एक ट्रैक्टर पर लादकर पुलिस थाने ले गई।

## अगले वर्ष हज पर जाने वाले इच्छुक बनवा लें इंटरनेशनल पासपोर्ट

**अगस्त में शुरू हो सकता है पंजीयन: जावेद**

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। इस्लाम के पांच स्तम्भ में हज भी शामिल है. पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने कहा कि हज का इनाम स्वर्ग है. आम तौर पर लोग खर्च के डर से इस पवित्र यात्रा पर जाने से घबराते हैं. लेकिन पैगंबर मुहम्मद ने फरमाया है कि कहा कि जिस तरह भट्ठी में गल कर लोहा, सोना और चांदी की गंदगी दूर हो जाती है. उसी तरह हज इंसान के गुनाह, चिंता और मजबूरी को दूर करती है. उक्त बातें जिला हज ट्रेनर सह दारुल उलूम मदीनतुल उलूम के नाजिम जावेद आलम ने कहीं. उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ डॉ लियाकत अली अफाकी के मुताबिक अगले हज 2025 की घोषणा अगस्त महीने में होने की उम्मीद है. श्री जावेद ने कहा कि 2025 हज के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म अगस्त की शुरूआत या सितंबर के शुरूआत में आ जाएगा. हज कमेटी ने हज पर जाने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों को जल्द से जल्द अपना अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट प्राप्त करने की सलाह दी है. श्री आलम ने बताया कि इसके साथ ही आवश्यक दस्तावेजों में 15 अगस्त 2026 तक का वैलिड पासपोर्ट, बैंक पासबुक या रद्द चेक की फोटोकॉपी, ब्लड ग्रुप सर्टिफिकेट, कवर हेड का पैन कार्ड, सफेद बैकग्राउंड वाला पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी और दोनों तरफ का पासपोर्ट फोटोकॉपी शामिल हैं. बिहार राज्य के जिन लोगों के पास अभी तक अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट नहीं है. वे जल्द अपना पासपोर्ट बनाएं. उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की सहयता या पासपोर्ट बनाने में मदद के लिए मदरसा से संपर्क किया जा सकता है या 98527511705 पर कॉल भी कर सकते हैं.

## इसुआपुर में झूलसते धान के पौधे देखकर किसानों के चेहरे मुरझाए

प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के किसानों में बिन बारिश के धान की रोपनी किए जाने के बाद अब झूलसते धान के पौधों को देखकर किसानों के चेहरे मुरझाने लगे हैं। प्रकृति की प्रतिकूल स्थिति के चलते सावन के खासकर बरसात के इस महीने में पानी का कहीं नमो निशान तक नहीं है। जिससे प्रखंड में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिससे किसानों के अरमान खेतों में ही झूलसते नजर आ रहे हैं। कृषक मुक्तिलाल साह, बद्री नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, मोगल महतो, हजारी साह, कामेश्वर साह, रंजीत ठाकुर, बालेश्वर सिंह, अमूलाल सिंह ,संतोष सिंह, धुरी सिंह, जीतू ठाकुर, बिट्टू साह, भिखारी सिंह, परमेश्वर सिंह व अन्य का कहना था कि महाजन से कर्ज के रुपए लेकर जैसे तैसे निजी बरिंग मशीन से धान की रोपनी की थी। लेकिन प्रकृति की मार ने हमारे सारे सपनों पर पानी फेर दिया है। अब कर्ज के रुपए लौटाने को लेकर चिंता सता रही है। साथ ही बताया कि एक एकड़ धान की रोकने करने में प्रति कट्ठा 150 रुपए रोटरी हल, 300 रुपए प्रति घंटा सिंचाई, 400 प्रति मजदुर, साथ ही खाद बीज को लकर प्रति एकड़ दस हजार रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक का लागत खर्च आया है। जबकि खेतों में लगे धान के पौधे पानी के बिना सुख रहे हैं तथा खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। समय से बारिश नहीं होने से अभी धान की रोपनी आधे से भी कम हुई है। वही पड़ रही भीषण गर्मी से आम से खास लोग परेशान हैं। इन लोगों का यह भी कहना था कि असाढ़ ,सावन के महीने में सभी जगह खेत खलिहान, चंवर, पोखर, गढ्ढे भर जाते थे। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती थी। वहीं उनका यह भी कहना था कि कई वर्षों से बरसात के महीने में इंद्र भगवान कीं ऐसी नाराजगी देखने को नहीं मिली थी।

## परसा पुलिस ने दिघवारा से लूटे गए लाखो रुपए के समान को बरामद कर किया दिघवारा पुलिस के हवाले

प्रात: किरण, संवाददाता




परसाः-परसा पुलिस ने दिघवारा से लूटी गई ट्रक को लाखो रुपए के समान के साथ 24 घंटे के अंदर परसा थाना क्षेत्र के बलहा शिवमन्दिर के समीप से बरामद कर लिया है । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दिघवारा से लूटी गई समान को मंगलवार को रात्रि बरामद किए जाने के बाद दिघवारा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है ।

वही दिघवारा थानाध्यक्ष के अनुसार गत 29 जुलाई को दरियापुर थाना क्षेत्र के बनवारीपुर निवासी कन्हैया राय ने दिघवारा थाना में ट्रैक्टर पर लदे लाखो रुपए के लोहे का रड सरिया लूट होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।प्राथमिकी में कहा है कि दिघवारा थाना क्षेत्र के शीतलपुर पीरगंज के समीप अज्ञात बोलेरो से तीन चार संख्या में अज्ञात लोग आए और जबरदस्ती मुझे ट्रैक्टर से उतारकर अपने से ट्रैक्टर ड्राइव कर लोहे का रड लेकर फरार हो गए ।

और मुझे बोलेरो गाड़ी में बैठाकर दोनो आंखो पर पट्टी बांध दिया और मेरा कार्बन कम्पनी का मोबाइल छीनते हुए छपरा के समीप उमधा स्थान के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया ।

जिसके आलोक में परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस दल के साथ मोबाइल सर्विलांस के अधार पर त्वरित करवाई करते हुए परसा थाना क्षेत्र के बलहा शिव मंदिर के समीप से सरिया लदा आयशर ट्रेक्टर को बरामद कर लिया ।

थानाध्यक्ष ने बताया कि समान लदे ट्रैक्टर बरामदगी के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है ।

## 30 जुलाई विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस पर प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर द्वारा कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। 30 जुलाई विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण एवम न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन अस्पताल रक्सौल व जिला विधिक सेवा प्राधिकर पूर्वी चम्पारण के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकर पूर्वी चम्पारण सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवम सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी,सी जी एम व्यवहार न्यायालय मनीष कुमार उपाध्याय , ए डी जे मुकुंद कुमार, सुशांत कुमार, बृजेश कुमार, राकेश कुमार तिवारी, आर एन सिंह, एल एन त्रिपाठी, अरुण कुमार सिन्हा,ए सी जी एम रंजन कुमार, हेमंत कुमार, सचिव राजेश कुमार दुबे जिला विधिक सेवा प्राधिकर पूर्वी चम्पारण , जे एम नेहा नायर, गौरव सिंह, मिस सांभवी, अनीश कुमार प्रभात,जिसका उद्देश्य मानव व्यापार ( ट्रेफिकिंग ) रोक थाम एवम बाल यौन शौषण ( लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण ) को लेकर प्रयास संस्था द्वारा एक विशेष कार्यक्रम 2024 में शुरू किया संगठन ने अपनी विशेष परीचालन का विस्तार अलग अलग राज्यों में किया। बाल यौन शौषण पर प्रयास का हस्तक्षेप कार्यक्रम का उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है। जिसमे पीड़ित न्याय पाने के लिए सुरक्षित, संरक्षित और सशक्त महसुस करे। इस कार्यक्रम की दो महत्वपूर्ण केन्द्र बिन्दु हैं ।

सहायक व्यक्तियों की नियुक्ती के माध्यम से पीड़ितो की देख भाल , सुरक्षा और पुनर्वास के लिए की नियुक्ती और न्याय की त्वरित प्राप्ति के लिए अदालत में पीड़िताओं को कानूनी प्रतिनिधित्व प्रदान करना। प्रयास संस्था के राज्य समन्वयक जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन अस्पताल रक्सौल से डाक्टर इमामुल, जुहान थ्रो, प्रणय मोहंत्री, रुबेल, सुमित लीमा, लीगल एडवाइजर संजू सिंह सिंह द्वारा मानव व्यापार ट्रेफिकिंग रोक थाम हेतु सभी अतिथियों को विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। जिला बाल कल्याण समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, दिग्विजय कुमार द्वारा बाल यौन शौषण एवम मानव व्यापार ट्रेफिकिंग जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। मौके पर सेव द चिल्ड्रन से हमीद रेजा, एएचटीयू से दीपक कुमार, योगेन्द्र सिंह, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी उमेश प्रसाद सिंह, एसएसबी 71इँ वाटलियन से एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग इंस्पेटर अभय कुमार, कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा किया गया, प्रयास संस्था से सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, अभिषेक कुमार, उमेश कुमार श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से राजेश कुमार, अरुणेश कुमार, आदि उपस्थित थे।

## माँझी विधायक ने किया वृक्षारोपण



प्रात: किरण, संवाददाता

कोपा । माँझी के माकपा विधायक डॉ. सत्येन्द्र यादव ने एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत वन विभाग के कर्मियों के मौजूदगी में किया वृक्षारोपण मंगलवार को सारण वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार वन उप परिसर पदाधिकारी वेंकटेश कुमार सहित वन विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में इस अभियान के तहत माँझी विधानसभा के कोपा में माँझी विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान विधायक एवं उनके समर्थकों द्वारा छायेदार तथा फलदार वृक्ष लगाए गए।इस संबंध में विधायक ने बताया कि वन पर्यावरण के दृष्टिकोण यह अभियान हर किसी के लिए लाभदायक है एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत मेरे विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम बदस्तूर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्षेत्र की जनता से भी आग्रह करता हूँ कि वो भी एक वृक्ष अपने माँ के नाम पर अवश्य लगाये।ताकि भविष्य में पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।श्री विधायक ने कहा कि पेर लगाने से नही होगा पेर को देख रेख करने के लिए हम सभी को संकल्प लेना पड़ेगा।

## अग्निशमन जागरूकता के लिए पूरे शहर के चौक चौराहे पर मॉक ड्रिल किया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। अग्निशमन जागरूकता अभियान के तहत पुरे बगहा शहर में चौक चौराहों पर मॉक ड्रिल किया गया। एनएच 727 मुख्य सड़क से लेकर बगहा 2 तक अग्निशमन दस्ता कर्मियों ने पूरे दलबल के साथ जागरूकता रैली निकाली और भीड़भाड़ वाले चौक चौराहों पर लोगों से जानकारियां साझा की। इसके तहत अग्निशमन दस्ता की टीम ने लोगों को अचानक घटना के बाद सुरक्षा और बचाव की जानकारी दी। मॉक ड्रिल करते हुए टीम ने बताया की अचानक गैस सिलेंडर में आग लग जाती है तो इसको किस तरीके से बुझाया जाए और आग पर काबू पाया जाए। जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि चारों तरफ जगह जगह आग लगने की संभावना बनी रहती है जिस पर आग पर कैसे काबू पाया जाए इसको लेकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाया जा रहा है। उनको बताया जा रहा है की सावधानी से आग जलाएं और उसको सावधानी से बुझा दें।क्योंकि एक चिंगारी पूरे गांव को तहस नहस कर सकती है। इसलिए छोटी सी छोटी गलती को भी नजरंदाज ना करें और आग से कोई खिलवाड़ नहीं करें।

## डुमरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को लगातार दूसरी बार मिला कायाकल्प पुरस्कार

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )।पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया से 26 किलोमीटर दूर योगापट्टी प्रखंड के डुमरी में स्थित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को लगातार दूसरी बार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यहाँ के सीएचओ दुर्गेश शर्मा के सेवा भाव और कार्य-कुशलता के कारण यह सम्भव हो सका है। मरीजों का तत्परता से इलाज, विभिन्न जाँच के साथ 86 प्रकार की दवाओं की उपलब्धता, अस्पताल परिसर की स्वच्छता एवं प्रकृतिक वातावरण देख राज्यस्तरीय टीम भी दंग रह गयी थी। स्वास्थ्य उपकेंद्र योगापट्टी में सारे कमरे साफ- सुथरे और चमकदार हैं, हवादार खिड़कियां हैं, मरीजों व आमलोगों के लिए पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध है। यहाँ आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से समय-समय पर योगा, बीमारियों से बचाव को जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाता है। सीएचओ दुर्गेश शर्मा ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र पर 14 प्रकार की जांच और 86 प्रकार की दवाओं के साथ बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं आमलोगों का इलाज किया जाता है। गंभीर बीमारियों के लक्षण होने पर टेली मेडिसिन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्वास्थ्य दिवस पर विशेष आयोजन किया जाता है। गर्भवती व अन्य महिलाओं की जाँच व देखरेख आशा व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा की जाती है। परिवार नियोजन के साधन, कंडोम, गर्भ निरोधक गोली, माला, छाया आदि उपलब्ध है। भवन में कम्प्यूटर, दवा स्टोर, लेवर रूम सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। लोगों की छोटी-मोटी बीमारियों के लिए प्राइवेट अस्पताल या मेडिकल कॉलेज जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इससे लोगों का खर्च व समय दोनों की बचत होती है।

## लोहे के सरिया लदे ट्रैक्टर को अपराधियों ने लूटा,चैबीस घण्टे में पुलिस ने किया बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।थाना क्षेत्र के पिरगंज इलाके से रविवार की देर रात अपराधियो द्वारा एक ट्रैक्टर को जिस पर दस टन लोहे का सरिया लदा हुआ था उसे चालक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर सहित उसपर लदे सरिया को लूट लिया गया था।जिसकी सूचना पर त्वरित करवाई करते हुए पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को समान सहित चौबीस घण्टे में बरामद कर लिया।घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि बीते रविवार की रात्रि में दरियापुर थाना क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी कन्हाई राय द्वारा पटना से सरिया लादकर वापस लौटने के दौरान पिरगंज के पास एक बोलेरो पर सवार तीन चार अज्ञात अपराधियो द्वारा ओवरटेक कर गाड़ी रुकवाकर जबरन उसे गाड़ी से उतारकर बोलेरो में बैठा लिया गया तथा आँख पर पट्टी बांधकर हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया तथा एक अपराधी ट्रैक्टर लेकर भागने लगा।थोड़ी देर बाद ट्रैक्टर चालक को छपरा उमधा के पास बोलेरो से बाहर सड़क किनारे फेंक दिया गया।जिसके बाद उक्त चालक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी।जिसपर त्वरित करवाई करते हुए लुटे गए ट्रैक्टर को समान सहित परसा थाना क्षेत्र के बलवा गांव से बरामद कर लिया गया।वही अपराधियो को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सारण की बेटी स्नेहा अमेरिका से करेगी पीएचडी 33000 डॉलर मिलेगा प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति

प्रात: किरण, संवाददाता

डोरीगंज।01 स्नेहा सारण जिले के नगर थाना क्षेत्र के न्यू बस्ती,बड़ा तेलपा निवासी रामेश्वर प्रसाद सिंह की पोती एवं अमृता सिंह व संजय कुमार की पुत्री स्नेहा सिंह पीएचडी अमेरिका के यूटा विश्वविद्यालय से भौतिक शास्त्र एवं ब्रह्माण्ड विषय से करने जाएगी। जहां वह पांच वर्षों में पूरे ब्रह्मांड की जानकारी हासिल करेगी। अमेरिका से पीएचडी करने के लिए आनलाइन आवेदन की थी। जहां वह इंटरेंश परीक्षा पास की और उसका सेलेक्शन हुआ है। स्नेहा मैट्रिक व इंटर केरला पब्लिक स्कूल,पदमा, टाटानगर से की है। जहां मैट्रिक में 90.4 प्रतिशत एवं इंटर में 93.75 प्रतिशत अंक आइसीएसइ बोर्ड से प्राप्त हुआ था। वहीं ग्रेजुएशन एवं एम ए सी बी आई आई टी मेसरा, रांची से की थी। जहां वह अपने कालेज में रैंकिंग द्वितीय स्थान आया था। जिसके बाद वह पीएचडी की पढ़ाई करने के लिए अमेरिका के यूटा विश्वविद्यालय में उसका सेलेक्शन हुआ है। जहां उसे 33000 डॉलर प्रति वर्ष छात्रवृत्ति में मिलेगी। वहीं आने जाने रहने- सहने, खाने पीने की मुफ्त व्यवस्था भी मिलेगी। स्नेहा चार अगस्त को संध्या में दिल्ली से फ्लाइट अमेरिकी के लिए पकड़ेगी। स्नेहा अपनी पढ़ाई पूरी कर वैज्ञानिक बनना उसका अपना सपना है। स्नेहा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादाजी, पिताजी,गुरु और अपने मित्रो का बताया। स्नेहा के दादा व पिता दोनों टाटा कंपनी में कार्यरत थे। दादाजी सेवानिवृत्त होकर गांव में रहने लगे। जबकि पिताजी अभी भी टाटा कंपनी में ही कार्यरत हैं। स्नेहा की इस उपलब्धि को लेकर अपने घर परिवार के साथ साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। स्नेहा के दादाजी ने बताया कि स्नेहा की इस उपलब्धि पर आने वाले समय में पूरे देश को गर्व होगा। ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण रैंक सुधार को ले नगर निगम गंभीर: महापौर

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं वार्ड 22 के पार्षद रामाकांत सिंह उर्फ डब्लू सिंह के नेतृत्व मे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ कैंपेन को ध्यान में रखकर पार्क एंड मोनूमेंट ड्राइव के तहत राजेंद्र पार्क की सफाई की गई। जिसमें स्वछता को देखते हुये इस बार सर्वेक्षण मे अव्वल अंक लाने को लेकर छपरा नगर निगम के महापौर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं, ताकि नगर निगम 2024 के सर्वेक्षण में टॉप टेन में शामिल हो सके ' राजेंद्र पार्क में सफाई अपनाओ,बीमारी भगाओ अभियान के तहत सभी स्थल की साफ सफाई कराई गई । इस कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त अजीत कुमार , सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल, अरविन्द कुमार, सिटी मिशन मैनेजर सुधीर कुमार हिमांशु, स्वछता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार,सफाई निरीक्षक संजय कुमार राम, असगर अली तथा सफाई एजेंसी के प्रतिनिधि एवं सभी सफाई कर्मी शामिल थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच सूत्री मांग को लेकर जिलाधिकारी से मिले प्रिंस बजरंगी



आरा।जनता दल यू के बिहार प्रदेश सचिव प्रिंस बजरंगी भोजपुर जिला अधिकारी से मिले, मांगो मे आरा सलेमपुर मार्ग मे बन रहे सनदिया समीप पुल जो की कई वर्षो से पड़ा है, उसको चालू कराया जाय, रमाना पार्क के चारो तरफ वेंडर जोन समुचित ढंग से बनाई जाय, पार्क के निकासी और प्रवेश जगह पर ३५ कैमरा लगाई जाय, जीरो माइल से एकवना जर्जर संडक पर स्थाई रूप से सडक और नाले का प्रबंध किया जाए, जैन कॉलेज से मिशन स्कूल होते हुए,, महराणा प्रताप नगर होते हुए चन्दवा मुख्य नाले का निर्माण कराई जाय। इस प्रकार के बिभिन्न मांगो को लेकर श्री बजरंगी ने जिलाधिकारी श्री राजकुमार से मुलाकत कर मागो का ज्ञापन जिला अधिकारी को सौपे, जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया की मांगों पर हम विचार करेंगे और इसको पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

### जिले में सुखाड़ की स्थिति, सरकार और जिला प्रशासन बेपरवाह : चन्द्रदीप सिंह

आरा। अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव चन्द्रदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पुनरबस नक्षत्र चल रहा है और अब तक जिले में मात्र लगभग 30 प्रतिशत ही रोपनी हुई है। किसानों के अपने पहल पर हुई रोपनी के खेतों में धान और उसके बीज सुख रहें हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन के लिए सिंचाई प्राथमिकता में नही है, नही तो जल जीवन हरियाली के नाम पर करोड़ो खर्च किया गया लेकिन नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहूचाने तथा बंद पड़े सरकारी ट्यूबवेल को चालू करने के लिए कोई ठोस कारवाई नही की गई।जिसका देन है कि आज धान, मक्का, सहित विभिन्न फसलों के खेतों में धूल उड़ रहा है। किसान मौसम और सरकार के बेरुखी का मार झेल रहे हैं।

### बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के अध्यक्ष ने केन्द्रीय मंत्री का अभिनंदन किया

गया।औद्योगिक विकास एवं व्यापारिक संगठन सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के 62वीं वार्षिक आमसभा सह सम्मान समारोह में गोपाल पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने एमएसएमई मंत्रालय विभाग भारत सरकार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी का अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए अभिवादन किया है। मांझी ने आभार व्यक्त करते हुए अगस्त माह में बुनकर क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है।

### रेड क्रॉस के सौजन्य से मगध कैंब्रिज स्कूल, केंदुई में रक्तदान का आयोजन

गया।रेड क्रॉस, गया के सौजन्य से मगध कैंब्रिज स्कूल, केंदुई में रक्तदान का आयोजन किया गया है। रेड क्रॉस, गया के चेयरमैन उपेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व एवम ब्लड सेंटर के संयोजक डा. प्रदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुल 13 यूनिट रक्तदान किया गया है।इस विद्यालय के निदेशक दिलीप कुमार सिंह, प्रशासक क्षितिज आनंद, प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद, उप प्रधानाचार्य कंचन सिंह उपस्थित थे।रेड क्रॉस, ब्लड सेंटर से डा. प्रदीप अग्रवाल, डा. राम नरेंद्र प्रसाद, टेक्नीशियन मो. हसनैन, मनंजय, धीरज, मधु कुमारी राम कुमार मेहता, राम बरन के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ है।

### इनरव्हील क्लब गया ने डीएवी रोटरी में जाकर वैक्सीन के बारे में जानकारी दिलाई

गया।सर्वाईकल कैंसर एक बहुत ही भयानक बीमारी है जो महिलाओं में होती है। इनरव्हील क्लब गया ने इस बीमारी को इस वैच्शीन की मदद से आप कैसे अपनी बचिओं को बचा सकते है। इस कार्य हेतु पहल कर रही है। इनरव्हील क्लब गया ने शहर की डी ए वी रोटरी में जाकर डॉ वर्षा श्रीवास्तव के द्वारा वैक्सीन के बारे में जानकारी दिलाई है। और इसके रोक थाम में वैक्सीन की अहमियत बताई है।उन्होंने बताया कि सही समय पर यह वेक्सीन लगवा कर हम अपनी बचिओ को सुरक्षित रख सकते हैं।इस मौके पर स्कूल के सभी बचों के साथ शिक्षिका भी मौजूद रहीं हैं।इनरव्हील क्लब गया कि अध्यक्षा तृप्ति गुप्ता ने बताया की डिस्ट्रीक्ट गोल के अनुसार हमारा क्लब सर्वाइकल कैंसर के रोक के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है इस मौके पर पीडीवी अंजनापोद्दार, पीडीसी किरण प्रकाश एवं अनामिका सिन्हा, कोमल धानुका भी समील रहीं है। क्लब की अध्यक्षा तृप्ति गुप्ता ने स्कूल के प्रिंसिपल चिन्मय घोष तथा संयुक्त मैन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

# जे पी स्मारक रमना मैदान के पास चार सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय किया गया धरना का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। सर्वदलीय संघर्ष समिति के द्वारा जे पी स्मारक रमना मैदान के पास चार सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। चार सूत्री मांगों में मुख्य रूप से नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विकास कार्यो का घोर अभाव, अन्चल कार्यालय में दाखिल खारीज, परिमार्जन एवं अन्य कार्यों में कमीशनखोरी, बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट खसोट एवं बिजली आपूर्ति का घोर कमी एवं सदर अस्पताल में कर्मियों का बुरा बर्ताव एवम जन सुविधाओं का घोर अभाव। संघर्ष समिति के सदस्य श्री कमलेश तिवारी जी ने बताया कि नगर निगम में कमीशन खोरी चरम सीमा पर है जिसमें अधिकारी के साथ-साथ सभी कर्मी भी लिपट है।

अमरेन्द्र राजेश जी ने बोला की नगर आयुक्त का अनुशासनहीनता एवं उनका रवैया वार्ड सदस्यों के प्रति सम्मान जनक नहीं है । वही संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार मानव जी ने कहा कि सिर्फ नगर निगम में ही नहीं बल्कि अनचल कार्यालय में भी दाखिल खारिज, परिमार्जन एवं उनके अन्य कार्यों में बिना पैसा का कोई काम नहीं हो रहा है । ब्रजेश यादव ने कहा की अभी हाल के ही दिनों में कई दलाल कमीशन खोरी का मोलभाव करने के अपराध में डीएम के द्वारा जेल भेजा गया है। श्रीधर तिवारी ने कहा कि सिर्फ प्रखंड कार्यालय में ही नहीं बल्कि डी सीएलआर का ऑफिस भी उससे अछूता नहीं है वहाँ भी घोर लूट पाट है । इस टाइप का गोरख धंधा सभी ऑफिस में चल रहा है। वरिष्ठ साथी आशुतोष सिंह ने कहा कि इन दोनों विभागों के अलावा बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों से भारी रकम का लूट किया जा रहा है। पूर्व वार्ड पार्षद अमरेन्द्र चौबे ने कहा कि कस्टमर केयर का नंबर लगता नहीं है। लाख दावा करने के बाद भी सभी उपभोक्ता बहुत ही परेशान है आखिर आदमी जाए तो किसके पास जाए । ऊपर से लेकर नीचे तक सभी लोग अनियमितता में लिप्त है ।

डीएम साहब को इसमें दखल देकर सर्विस को दुरुस्त करने की जरूरत है। वरिष्ठ साथी जितेंद्र शुक्ला जी ने बताया कि अभी हम सदर अस्पताल गए थे और वहां के कर्मियों का बर्ताव देखकर मैं बहुत ही हतप्रभ था। सीटी स्कैन, एक्सरे मशीन सभी खराब स्थिति में है जब जाओ तो सारे जांच बाहर कराना पड़ता है। एक दो दवा के अलावा सभी दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती है तो ऐसी मॉडल हॉस्पिटल होने से क्या फायदा की जनता को निजी अस्पताल में ही जाना पड़े। वही वही सदस्य पूर्व वार्ड पार्षद सोनू पासवान जी ने कहा कि चार सूत्री मांगों के अलावा एक और हमारी मांग है की भोजपुर को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। बबलू सिंह ने बताया पानी का घोर अभाव के चलते किसान त्रस्त है। अनिरुद्ध सिंह ने बोला की अभी हम पांच सूत्री मांगों को लेकर डीएम साहब को विज्ञापन देंगे । उसके बाद भी अगर सुधार नहीं होता है तो हम लोग चरणबद आंदोलन करेंगे

।इस एक दिवसीय धरना में मुख्य रूप से अभिनव कुमार, प्रकाश कुमार, अजय कुमार सुमन, नितेश उपाध्याय, निकेश पांडे, जितेंद्र चौधरी, रंजन कुमार, उपेंद्र कुमार पांडे, प्रकाश बजरंगी, पंकज सिंह, सुनील श्रीवास्तव, विजय मेहता, कृष्ण बिहारी सिंह, सुनील पाठक, गुंजन कुमार, सज्जन कुमार, प्रेम पाठक, कृष्ण कुमार तिवारी एवं सैकडो साथी मौजूद थे।अंत में पूर्व विधायक भाई दिनेश के साथ ज़िला पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया जिसपर उनहोनें बोला की कल से निगम में और बाकी जगहों पर जाँच की शुरूआत कराते हैं और उचित कार्यवाई करने का आश्वासन दिया और 15 अगस्त के बाद फिर से मिल कर इनसब मुद्दों पर प्रगति की जानकारी के लिए बुलाया है ।

# आधार कार्ड के अभाव में किसी बच्चे का नामांकन नहीं रोकें : अहसन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। आधार कार्ड के अभाव में किसी बच्चे का नामांकन नहीं रोकें। अगर विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अनामांकित बच्चों की सूचना मिलती है तो शिक्षक विशेष पहल करके शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराएं। प्रयास करें कि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहे। उपरोक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने आज उदवंतनगर के चैराई मध्य विद्यालय में बिहार महादलित विकास मिशन के सौजन्य से नई आशा द्वारा संचालित सेतु केंद्र के बच्चों के बीच वस्त्र सह पाठ्य सामग्री वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। जिला शिक्षा अधीक्षक श्री हसन ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि 06 से 14 आयु वर्ग के एक-एक बच्चा विद्यालय में दाखिल हो और उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बिना आधार कार्ड वाले बच्चों का नामांकन के पश्चात आधार कार्ड बनवाकर तथा माता-पिता के खाता स्कूल के ई शिक्षा पोर्टल पर लोड करा दें ताकि नव नामांकित बच्चों को भी समय से छात्रवृत्ति एवं पोशाक राशि सहित सरकार द्वारा देय तमाम सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि दक्ष कार्यक्रम एवं विशेष कक्षा का लाभ कमजोर बच्चों को देकर उन्हें सामान्य बच्चों के समकक्ष लाने का प्रयास किया जाए। नई आशा के संरक्षक डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि चैराई महादलित टोला के करीब 50 बच्चों को सेतु केंद्र के माध्यम से टोला में पढ़ाकर विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है।

# ज्ञान ज्योति नटखट जोन में सावन ग्रीन डे के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ज्ञान ज्योति नटखट जोन में सावन और ग्रीन डे का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया, जिससे छात्र- छात्राओंऔर शिक्षिकाओं में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। इसका मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने छात्रों को सांस्कृतिक परंपराओं और पर्यावरण जागरूकता से जोड़ना था। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए, हरे फलों, हरी सब्जियों और भगवान शंकर जी के वेश में स्कूल में भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों और बच्चों की उत्साही भागीदारी ने स्कूल के वातावरण को और भी खुशनुमा बना दिया। पवित्र सावन महीने का सम्मान करने के लिए, कई छात्र-छात्रवों ने भगवान शंकर व पार्वती जी का वेश धारण किया, पारंपरिक पोशाक और आभूषणों के साथ। इससे न केवल सांस्कृतिक प्रशंसा की भावना विकसित हुई, बल्कि बच्चों को अपनी धरोहर के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानने और जुड़ने का अवसर भी मिला। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, कई छात्र विभिन्न हरे फलों और सब्जियों के रूप में सजकर आए। इस थीम का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ भोजन और पर्यावरण की देखभाल के महत्व के बारे में सिखाना था। यह उत्सव सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय जागरूकता पर महत्वपूर्ण सबक को खूबसूरती से मिलाता है।" कार्यकम के सफलता हेतु अरिहंत बिजय जैन और जिनवाणी जैन ने सहयोग किया। इस आयोजन को छात्रों और समर्पित शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिक्षकों, जिनमें सोनाली, सिमरदीप, प्रिया, ऋषिधा, प्रियन्का, स्वेता रंजन, सरिता,जाया और दिव्या के साथ साथ अभिभावक भी शामिल हैं, ने इस आयोजन का विस्तारपूर्वक समन्वय किया, जिससे प्रत्येक बच्चे के लिए यह एक यादगार अनुभव बन गया। इस कार्यक्रम में अथर्व, शानविका, अर्चिशा, आरोही, सुमेद, अभिजीत, अभिज्ञान, नव्या, आव्या, शुभी, ओजस्वी आदि छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन और ग्रीन डे का उत्सव एक शानदार सफलता थी, जिसने छात्रों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा और उनके सांस्कृतिक और पर्यावरणीय मूल्यों की समझ को बढ़ावा दिया। स्कूल भविष्य में भी ऐसे समृद्ध और आनंदमय कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए तत्पर है।

# अधिवक्ताओं की 18 सूत्री मांग को लेकर आरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कार्यालय कक्ष को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अधिवक्ताओं की 18 सूत्री मांग को लेकर आरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदरणीय श्री राकेश कुमार मिश्रा जी के कार्यालय कक्ष को एक ज्ञापन सैकड़ो अधिवक्ताओं का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन में आदरणीय श्री मिश्रा जी से अधिवक्ताओं के हित में 18 सूत्री मांगों को पूरा करने के संबंध में आग्रह किया गया है।एडवोकेट एसोसिएशन के बिल्डिंग के क्षतिग्रस्त होने के कारण अधिवक्ताओं के जीवन का खतरा बढ़ चुका है तत्काल एडवोकेट एसोसिएशन के बिल्डिंग की मरम्मत की आवश्यकता है । एडवोकेट एसोसिएशन में बैठने वाले अधिवक्ताओं को एक स्वच्छ लैट्रिन एवं बाथरूम एवं पीने के स्वच्छ पानी वाटर प्यूरीफायर के साथ मुहैया कराने की जरूरत है जिसे तत्काल रूप से अधिवक्ताओं को मुहैया कराई जाए एडवोकेट एसोसिएशन के बिल्डिंग में जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए ताकि लाइन काटने के बाद बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से की जा सके। एडवोकेट एसोसिएशन कैंपस में बेलबॉन्ड व वकालनामा, हाजिरी की बिक्री सुनिश्चित की जाए एडवोकेट एसोसिएशन के कैंपस में नाजायज रूप से अनावश्यक गाड़ियों का अंबार लगने पर रोक लगाई जाए एडवोकेट एसोसिएशन के कैंपस से जिलाधिकारी कार्यालय के कैंपस में जाने का पूर्व निर्धारित रास्ता जो वर्तमान में बंद है।

# पथ प्रदर्शक का मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत सत्रहवां रक्तदान शिविर दुगार्पुर में आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




औरंगाबाद। रक्तदान क्षेत्र में पूरे देश में क्रांति लाने के उद्देश्य से औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक के सचिव रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा मिशन रक्तदान हिंदुस्तान अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत रक्तदान के प्रति देश के युवाओं को जागरूक करने के लिए भिन्न भिन्न प्रदेशों के अलग अलग शहरों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सातवां राज्य का सत्रहवां रक्तदान शिविर पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में आयोजित किया गया।आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय दुगार्पुर एवं अनुप्रेरणा संस्था दुगार्पुर के सहयोग से हेल्थ वर्ल्ड हॉस्पिटल ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में ग्यारह लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।शिविर का उद्घाटन आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मलय कुमार साहू, बैंक अधिकारी अनूप कुमार मिश्रा, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह एवं अनुप्रेरणा संस्था के पार्थव प्रतीम राय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

# औरंगाबाद के साहित्यकार पलामू में लोकार्पण समारोह के साक्षी बने

प्रात : किरण संवाददाता




औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों ने पलामू के धरती पर जाकर वहां के मिट्टी के सोंधी महक से सजी हुई साहित्यिक सरिता को उत्सर्जित करती मुक्तक पंचामृत काव्य के लोकार्पण के साक्षी बने। औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,पर्यावरण साहित्य के पुरोधा डॉ रामाधार सिंह ने झारखंड के प्रसिद्ध साहित्यकार राकेश कुमार संपादित मुक्तक पंचामृत लोकार्पण के मौके पर औरंगाबाद एवं बिहार के मगध के धरती की आवाज बनकर पलामू के काव्य अमृत को उत्सर्जित किया। डाल्टनगंज के जमुने अवस्थित माता द्रौपदी नामधारी गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के प्रांगण में साहित्य भारती पलामू के सान्निध्य में राकेश कुमार,नीरज पाठक, रीना प्रेम दुबे,अनुज पाठक,रमेश कुमार सिंह रचित मुक्तक पंचामृत काव्य के लोकार्पण के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी कुमार मनीष अरविंद की गरिमामई उपस्थिति रही। लोकार्पण समारोह कीअध्यक्षता शिक्षाविद् प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्र ने किया।जबकि संचालन की जिम्मेवारी प्रसिद्ध कवि एवं लेखक विद्या वैभव भारद्वाज द्वारा निभाई गई।इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता का प्रसार होना चाहिए।कुमार मनीष अरविंद ने कहा कि पलामू की सकारात्मक रचनाधर्मिता बहुत ही संतोषदायक है।डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि पलामू का साहित्य जन जन से जुड़ी हुई है। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि काव्य प्रणयन एक साधना युक्त सारस्वत अनुष्ठान होता है।डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि मुक्तक पंचामृत पर्यावरण का सार तत्व है।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो सुभाष चंद्र मिश्र ने कहा कि कवि अपनी रचना से समाज के दृष्टिकोण को बदल सकता है। विषय प्रवेश प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया।राष्ट्रीय सेवा मंच के अध्यक्ष प्रिय रंजन पाठक एवं सचिव प्रेम प्रकाश दुबे ने सभी आगत अतिथियों को सम्मानित किया।वहीं सरस्वती वंदना रामप्रवेश पंडित द्वारा किया।स्वागत भाषण उमेश कुमार पाठक द्वारा किया गया। मौके पर रामाधार सिंह,दिवाकर झा,श्रीधर प्रसाद द्विवेदी,हरिवंश प्रभात सहित अन्य उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन धनंजय पाठक ने किया।

# गया शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी सेविका,मोवीलाइजर, आशा का जीप कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ



गया।भारत सरकार के द्वारा गया जिला को गेभी ग्लोबल एलायंस फार इमुनाईजेशन के तरत चयन किया गया है, गेवी का उद्देश्य जीप जिरो डोज इमपिलेशन प्रोगाम , अर्थात वैसे बच्चे जो अपना पहला जन्म दिन मना लिया और पेंटा -1 या डिपिटि कन्टेंट वैक्सीन नहीं पड़ा है, जब कि बच्चे के जन्म के 45 दिन पर पेंटा -1 लग जाना चाहिये, इस कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी डॉ एम ई हक विस्तार रुप से जीप के बारे मे जानकारी दिया गया है। गया शहरी क्षेत्र के डब्लु एच ओ मानिटर ने बताया कि शहरी में टिकाकरण सुढीकरण एवं सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया है।सरकार के द्वारा 12 जानलेवा बिमारी से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण किया जा रहा है।जानलेवा बिमारी -तपेदिक, पोलियो, गलगोटु, कुकर, खांसी, टेटनस, मैनजाईटिस, नमुनिया, खसरा,रूबेला,दिमागी बुखार , डाइरिया से बचाव के लिए गया शहरी क्षेत्र में 420 सत्र पर प्रत्येक माह आयोजित किया जाता है।इस कार्यशाला में टिकाकरण का समय सारणी,घर घर सर्वे,डियु लिस्ट,युविन पोर्टल,के साथ साथ एफ आर ,भी पि डी सर्विलेंस के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ राजीव अम्बषट ने बताया कि जीप कार्यशाला के आयोजन चार सत्र में किया गया, सेविका ,आशा ,मोवीलाइजर को जीप के बारे मे जानकारी दिया गया वैसे बच्चे जो एक वर्ष आयु पूरी होने तक पेंटा वन से वंचित हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जाएगा, सरकार के द्वारा 12 जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण नियमित रूप से हो रहा है, जिसकी समीक्षा प्रत्येक शनिवार को समाज कल्याण,स्वास्थ्य विभाग के साथ की जाती है, 12 जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जो टीकाकरण हो रहा है वह काफी कीमती है वैक्सीन है और आज बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने में काफी मददगार साबित हो रहा है मैं सभी से अपील करता हूं कि आप सभी नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर अपने बच्चों को समय सारणी के साथ टीकाकरण अवश्य कराया है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की आम सभा में मंत्री ने कहा एयरलाइंस सेवा जल्द

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गया चेम्बर्स आफ कोमर्स की 62 वी वार्षिक आमसभा गया के रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, विशिष्ट अतिथि के रुप बिहार सरकार के मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने नव निर्वाचित चेम्बर्स आफ कामर्स के 2024-25 के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभांरभ राष्ट्रगाण से किया गया है,आये हुए लोगों के लिए गणेश स्तुति से किया गया, फिर स्वागत गाण किया गया है।इस मंच का संचालन डॉ अनुप केडिया ने किया है। उषा डालमिया द्वारा केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया है।अनुप केडिया द्वारा संबोधन में कहा कि आप सभी सम्मानित अतिथि को चेम्बर्स आफ कोमर्स द्वारा स्वागत है। चेम्बर्स आफ कोमर्स एक पंजिकृत संस्था होती है ।एक साल की रुप रेखा,आय व्यय के बारे में आम सभा कि जाती है। भारत सरकार के द्वारा नरेंद्र मोदी द्वारा गया जी द्वारा जो सौगात दिया गया है। उसके लिए आभार व्यक्त करने के लिए किया जा रहा है है बजट तो हर साल आती है गया के बारे मे देखते थे हमलोग सोचते थी की बिहार मे कितनी बाते होती है इस बार के बजट मे खुशी का मोहाल बना है जिस व्यक्ति के कारण खुशी मिली है उसके प्रति आभार व्यक्त करने का है। जीतन राम मांझी संसद बनने पर आप पुरे क्षेत्र का का मान सम्मान बढाया है आपके गया संसदीय क्षेत्र के सपने पुरे हो रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक जोहरी है जो आप जैसे विकासशील पुरुष को मंत्रिमण्डल में जोड़ा है।

# सांसद ने नवादा, बरबीघा में अल्ट्रा मेगा सौर प्लांट लगाने की उर्जा मंत्री से की मांग

गया।भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने दिल्ली में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से शिष्टाचार मुलाकात कर नवादा और बरबीघा में अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा परियोजना के तहत सोलर एनर्जी कोऑपरेशन ऑफ इंडिया एसईसीआई द्वारा सोलर पार्क के निर्माण का आग्रह किया है।सांसद विवेक ठाकुर ने कहा नवादा में बिजली की काफी समस्या है। इसके समाधान के लिए निरंतर हर स्तर पर प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा सोलर पार्क के निर्माण से नवादा लोक सभा में बिजली की समस्या से निजात मिलेगी और इससे नवादावासियों को बहुत राहत मिलेगी।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विवेक ठाकुर के आग्रह पर सोलर पार्क के निर्माण को लेकर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव को टीम भेजकर फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने हेतु निर्देशित किया है।

# पितृपक्ष मेला के जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यो पर समीक्षा की गई

प्रात : किरण संवाददाता



गया। इस वर्ष पितृपक्ष मेला 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित रखेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष के अपेक्षा और अधिक तीर्थयात्रियों की आने की पूरी संभावना है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के उद्देश्य से किये जा रहे तैयारियों का समीक्षा जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने कोषांगवार किया है।

उन्होंने सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभी से ही अपने कोषांग में अधीनस्थ पदाधिकारी, अभियंता एवं संबंधित नामित स्वमं सेवी सम्मानित व्यक्तियों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए, जो भी कमियां पायी जाती है उसे युद्धस्तर में ठीक करवाये, ताकि मेला अवधि में पितृपक्ष मेला की खूबसूरती में और चार चांद लग जाये।आज मुख्य रूप से मेल क्षेत्र के जलापूर्ति एवं स्वच्छता कोषांग के कार्यो पर समीक्षा की गई।* पेयजल एवं स्वच्छता कोषांग के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि सभी आवासन अस्थल एवं पुलिस आवासन स्थल पर अभी से ही घूम घूम कर पितृपक्ष मेला में किए जाने वाली व्यवस्थाओं का आकलन कर लें। उन्होंने कहा कि आवासन स्थलों पर पहले से स्थापित टॉयलेट तथा पेयजल की व्यवस्था जो स्थापित है उसे मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। साथी कितनी संख्या में अस्थाई टॉयलेट एवं स्नानागार बनाने की आवश्यकता है इसका आकलन कर लें।उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी आवासन स्थल पर पानी निकासी हेतु एक सेपरेट टीम नामित रखें जिससे किसी भी आवासन स्थल में जलजमाव की स्थिति रहने पर उसे तुरंत साफ करवाया जा सके। सभी पार्किंग स्थल पर पर्याप्त टॉयलेट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करावे।जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पीएचडी को निर्देश दिया है कि रामशिला, प्रेतशिला, गोदावरी तालाबों को विशेष रूप से पानी सफाई व्यवस्था रखें। आगे बताया गया कि देवघाट पर कुल 52 शौचालय नगर निगम के हैं सभी को मरूमती किया जा रहा है देवघाट पर चेंजिंग रूम एवं झरना की मरामाती पीएचडी विभाग द्वारा की जा रही है जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सीता कुंड में भी टॉयलेट, पेयजल, चेंजिंग रूम इत्यादि की व्यवस्था का आकलन कर लें। नगर निगम को निर्देश दिया है कि सूर्यकुंड तालाब, बैतरणी तालाब एवं ब्रह्मशत तालाब के पानी को सफाई की व्यवस्था रखें। उन्होंने निर्देश दिया है कि जितने भी सरोवर हैं जहां पिंडदान इत्यादि का कार्य होते हैं उन सभी तालाबों में लगे काई को साफ करवाए ताकि कहीं फिसलने की कोई घटना नहीं हो सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि संवाद सदन समिति के अधीनस्थ जितने भी ठहराव स्थल हैं एवं उनके अधीन जो भी स्वामित्व है उन सभी का निरीक्षण करेंगे एवं उन स्थलों में पेयजल टॉयलेट एवं सफाई की व्यवस्था का आकलन करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करवाये।जिला पदाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिया है कि पितृपक्ष मेला के दौरान अचानक भारी बरसात नहीं हो इस दृष्टिकोण से भी पूरी तैयारी रखनी होगी। कहीं जल जमाव की स्थिति होने पर तुरंत पानी निकासी की व्यवस्था रखनी होगी।

# जिलास्तरीय रेड रन मैराथन-2024 प्रतियोगिता का आयोजन



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई रेड रिबन क्लब द्वारा कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रियंका कुमारी के निर्देशन तथा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना से आये रिसोर्स पर्सन्स असीम झा एवं अभिषेक कुमार के संयोजन में एचआईवी एड्स पर जागरूकता हेतु जिला स्तरीय रेड रन मैराथन प्रतियोगिता-2024 का आयोजन गाँधी मैदान अवस्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम में किया गया है, जिसमें गया जिले के 6 महाविद्यालयों एवं सीयूएसबी, गया के 10-10 प्रतिभागियों ने 5 छात्राएँ एवं 5 छात्र भाग लिया है। रेड रन मैराथन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की शानदार प्रतिभागिता रही। मैराथन दौड़ में जिले के सात शैक्षणिक संस्थानों से कुल 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों में प्रथम पाँच स्थानों पर क्रमशः एसएनसिन्हा कॉलेज, टिकारी के सौरभ राज एवं प्रवीण कुमार, गया कॉलेज, गया के राहुल कुमार एवं कुनाल आर्या तथा एएम कॉलेज, गया के रामू कुमार रहे। छात्राओं में प्रथम पाँच स्थानों पर क्रमशः एसएन सिन्हा कॉलेज की सिन्धु कुमारी, एएम कॉलेज की ज्योति कुमारी, एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी की स्वीटी कुमारी एवं काजल कुमारी तथा जीबीएम कॉलेज, गया की पूजा कुमारी रहीं। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि जिलास्तर पर चयनित इन 10 प्रतिभागियों में से छात्र और छात्रा दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित विजेता अगस्त माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रेड रन मैराथन प्रतियोगिता के उपरांत कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सभी विजेताओं को प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी एवं उपस्थित एनएसएस प्रोग्राम अफिसर्स मंचासीन प्रोफेसर्स द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र, संबल पत्रिका, बुक सेट्स, तथा एड्स जागरूकता लीफलेट्स प्रदान किये गये। सभी प्रोग्राम ऑफिसर्स एवं प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिये गये है। रिसोर्स पर्सन्स झा एवं कुमार ने सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को एचआईवी वाइरस को फैलने से रोकने तथा एड्स रोग से बचने के उपाय बतलाये।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तहत तीन मत्स्य पालकों के मोटरसाईकिल सह आईस बॉक्स का किया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत तीन मत्स्य पालकों के बीच मोटरसाईकिल सह आईस बॉक्स का वितरण किया गया। इस दौरान योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलेवासियों को स्वच्छ, ताजी एवं गुणवतायुक्त मछलियाँ उपलब्ध कराने के मद्देनजर यह योजना चलाई जा रही है। उनके द्वारा बताया गया कि शिकारमारी के पश्चात मछली का सेल्फ लाईफ कम हो जाता है, जिसे मोटरसाईकिल सह आईस बॉक्स की मदद से मछलियों को ताजी एवं गुणवतापूर्ण रखते हुए द्रुतगामी गति से जिलेवासियों को उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत मोटर साईकिल सह आईस बॉक्स की कुल इकाई लागत 75000 रूपया निर्धारित है, जिसमें अन्य वर्ग को इकाई लागत का 40 प्रतिशत एवं महिला वर्ग तथा अनुसूचित जाति के मत्स्य कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदानित दर पर वाहन उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से अधिक से अधिक मत्स्य पालक जुड़े एवं इसका लाभ उठायें। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित थे।



## टॉप फिल्म मेकर्स के साथ काम करने पर बोले अली फजल, यह सपना सच होने जैसा

बॉलीवुड के पसंदीदा कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल इन दिनों पैरेंटहुड लाइफ एंजॉय कर रहे हैं। कपल ने 16 जुलाई को परिवार में बेबी गर्ल का वेलकम किया। अली फजल जहां पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में बने हुए हैं। इन दिनों उनकी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। अली फजल जल्द ही लाहौर 1947, मेट्रो इन दिनों और ठग लाइफ जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। इन फिल्मों में काम करके वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं और आमिर खान, राजकुमार संतोषी, मणिरत्नम तथा अनुराग बसु जैसे कलाकारों के साथ काम करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर द्वारा निर्मित और संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म लाहौर 1947 के बारे में अली ने कहा, आमिर खान के साथ काम करना सम्मान की बात है। वह न केवल शानदार एक्टर हैं, बल्कि बेहतरीन प्रोड्यूसर भी हैं। राजकुमार संतोषी का डायरेक्शन फिल्म में यूनीक पर्सपेक्टिव लाता है। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। अली सुपरस्टार कमल हासन के साथ ठग लाइफ में स्क्रीन स्पेस शेयर करते दिखेंगे। इसका डायरेक्शन मणिरत्नम ने किया है। एक्टर ने कहा, मणिरत्नम एक मास्टर स्टोरीटेलर हैं, जिनकी फिल्मों ने भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है। आर्ट को लेकर उनका विजन और डेडिकेशन प्रेरणादायक है। उनके बैनर तले ठग लाइफ से जुड़ना सौभाग्य की बात है। अनुराग बसु की तारीफ करते हुए अली ने कहा- अनुराग बसु की स्टोरीटेलिंग बेजोड़ है। ह्यूमन इमोशन्स और रिलेशनशिप को बारीकियों को दर्शकों के सामने पेश करने की उनकी कला बिल्कुल हटकर है। उनके साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। एक्टर ने आगे कहा, मैं ऐसे दिग्गज फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हूं। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रहा हूं। यह मौका एक आशीर्वाद की तरह हैं, और मैं हर एक किरदार को निभाने में अपना बेस्ट दूंगा। बता दें कि अली फजल वेब सीरीज रक्त ब्रह्मांड को लेकर भी इंटरनेट पर छाए हुए हैं। इस सीरीज में वह साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। यह सीरीज एक पीरियड फैंटेसी थ्रिलर ड्रामा होगी।



## तमन्ना भाटिया 800 जूनियर आर्टिस्ट्स के साथ शूट करेंगी क्लाइमेक्स !

पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया, जो स्त्री 2 से आज की रात गाने पर देशभर की जनता को डांस फ्लोर पर आने के लिए उत्साहित कर रहीं हैं। अपनी आपकमिंग फिल्म ओडेला 2 के एक इंटेन्स क्लाइमेक्स सीक्वेंस की शूटिंग के लिए तैयार हो रही हैं। यह सीक्वेंस हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी में शूट किया जाएगा, जहां मेकर्स ने एक विशाल मंदिर का सेट बनाया है। एक्ट्रेस 800 जूनियर आर्टिस्ट के साथ इस सीन की शूटिंग करती नजर आएंगी। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर भी शेयर किया, जिसका अनावरण हैदराबाद बोनालू के अवसर पर किया गया। पोस्टर में तमन्ना को साड़ी पहने हुए और सिर पर बोनम उठाए हुए दिखाया गया है। एक्ट्रेस को ओडेला 2 में शानदार प्रदर्शन देने के लिए कड़ी ट्रेनिंग और रिहर्सल से गुजरना पड़ा है, जो इस साल रिलीज होने वाली है।

यह फिल्म तमन्ना के लिए दूसरी थिएट्रिकल रिलीज है, जिन्होंने तमिल ब्लॉकबस्टर अरनमनई 4 के साथ 2024 की शुरुआत की। तमिल बॉक्स ऑफिस के रफ पैच को खत्म करने वाली इस फिल्म ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की, जिससे बॉक्स ऑफिस पर तमन्ना की क्षमता साबित हुई।

फिलहाल, तमन्ना के गाने आज की रात ने बॉडीपॉजिटिविटी पर चर्चा शुरू कर दी है, जिसमें लोग एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। अपनी बैक-टू-बैक सफलताओं से मिडास टच साबित करने वाली एक्ट्रेस इस साल कई प्रोजेक्ट्स में अपने अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। ओडेला 2 के अलावा वह ओटीटी प्रोजेक्ट डेयरिंग पार्टनर्स और हिंदी फिल्म वेदा में नजर आएंगी।



## जानबूझकर शादी की फोटोज शेयर नहीं की, नहीं चाहती थी लोग जजमेंट दें

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने इसी साल 23 जून को डेनमार्क के बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बो से शादी की। यह एक सीक्रेट वेडिंग थी। अब हाल ही में तापसी ने बताया है कि उन्होंने इसलिए गुपचुप तरीके से शादी की थी, क्योंकि वो नहीं चाहती थीं कि बाहरी लोग शादी पर जजमेंट दें। तापसी ने बताया कि उनकी शादी में सिर्फ 100-125 लोग थे, जिनमें परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल थे। उन्होंने बताया कि शादी में नो-फोन पॉलिसी वाला सिस्टम नहीं था, बस उन्होंने सबसे रिक्वेस्ट की थी कि कोई भी शादी की तस्वीर बाहर शेयर ना करे। फीवर एफएम से बातचीत में तापसी से मैथियास बो के साथ शादी के बारे में पूछा गया। जवाब में तापसी ने कहा कि उन्हें यह कहा जाना पसंद नहीं है कि वो उसकी हो गई। उन्होंने आगे कहा- हमने बस एक शानदार पार्टी करने और अपने रिश्ते को सेलिब्रेट करने का फैसला किया था। इसी वजह से हमने गेस्ट लिस्ट बहुत टाइट रखी थी।

### शादी में 100-125 शामिल हुए थे

तापसी ने बताया कि उनकी शादी में सिर्फ 100-125 लोग शामिल थे, जो इंडिया और डेनमार्क के रहने वाले थे। इस बारे में वे कहती हैं- जो लोग शादी में शामिल हुए थे, वो पिछले 10 साल से मेरे और मैथियास की लाइफ का हिस्सा रहे हैं। तापसी ने आगे शादी की तस्वीर ना शेयर करने पर बात की। उन्होंने कहा- शादी बहुत पर्सनल होती है। मैं अपनी शादी में किसी तरह का प्रेशर नहीं चाहती थी। मैं किसी फिल्म शूट पर नहीं थी। मैं नहीं चाहती थी कि शादी की तस्वीर सामने आने पर लोग तरह-तरह की बातें करें। इसी वजह से मैंने सबसे रिक्वेस्ट की कि शादी से जुड़ी कोई भी तस्वीर बाहर ना आए। हालांकि, मैंने किसी भी मेहमान का फोन जब्त नहीं कराया था और ना ही कोई सिक्योरिटी वाले को हायर किया था।

### शादी में सिर्फ परिवार वाले और करीबी दोस्त मौजूद थे

तापसी ने कहा कि उन्होंने शादी में प्राइवेसी बरकरार करने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत नहीं की थी। उन्होंने कहा- यह सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि मैंने शादी में केवल उन लोगों को शामिल करने का फैसला किया था, जो हमें सीधे तौर पर जानते थे। शादी में सिर्फ आर्गनाइजर, दोस्त और परिवार वाले थे।

### उनके लिए दुख होता है जो मैथियास को नहीं जानते

बातचीत के दौरान तापसी ने उन लोगों का भी जिक्र किया जिन्हें नहीं पता कि उनके पति कौन हैं। उन्होंने कहा- मुझे उन लोगों के लिए दुख होता है कि जो उन्हें (मैथियास बो) नहीं जानते। मैं उन लोगों को बताना भी नहीं चाहती हूं, क्योंकि वो ना तो एक क्रिकेटर हैं और ना ही बड़े बिजनेसमैन, इसलिए लोग जानने के लिए इच्छुक नहीं होते हैं। वो शायद दुनिया में बैडमिंटन खेल में सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं।



## अर्जुन रामपाल ने शुरू की आदित्य धर की फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने कई हिट फिल्मों में काम कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इन दिनों वह अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। उन्होंने उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के मशहूर डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। सोमवार को, अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में एक्टर मेकअप चेयर पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट, पैंट और सनग्लासेस पहना हुआ है। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, शूटिंग शुरू हो गयी है..... इसके लिए बेहद एक्साइटेड हूं। हैशटैग बैंकॉक, फिल्मिंग, बीटीएस। फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर. माधवन और अक्षय खन्ना लीड रोल में हैं। इस प्रोजेक्ट के अलावा, अर्जुन के पास द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव भी है। यह फिल्म एक पीरियड वॉर रोमांटिक ड्रामा है, जो कोरेगांव की ऐतिहासिक लड़ाई की घटनाओं को दर्शाती है। इसमें वह योद्धा सिद्धनक महार इनामदार की भूमिका निभाएंगे, जो महार रेजिमेंट के एक भारतीय सैनिक थे। फिल्म में दिगांगना सूर्यवंशी हैं। रमेश थेटे द्वारा अपने बैनर रमेश थेटे फिल्म्स के तहत निर्देशित और निर्मित, यह फिल्म 1 जनवरी, 1818 की लड़ाई पर आधारित है, जिसमें ब्रिटिश सेना के 800 महाराष्ट्रियन दलितों ने पेशवाओं के नेतृत्व वाली 28,000 की सेना को हराया था। एक्टर के बारे में बात करें तो बता दें कि अर्जुन रामपाल का जन्म 26 नवंबर 1972 में मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ था। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से अपनी पढ़ाई की। इस दौरान वह मॉडलिंग भी करते थे। उन्होंने साल 2001 में फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म के लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स मिले।



## कोटेशन गैंग में नजर आएगी सनी लियोनी

सनी लियोनी अपकमिंग फिल्म कोटेशन गैंग को लेकर सुर्खियों में हैं, फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फिल्ममेकर्स ने फिल्म की रिलीजिंग डेट से पर्दा उठाया है। यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि कोटेशन गैंग पहले जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब नई रिलीज डेट 30 अगस्त तय की गई है। यह तीन भाषाओं हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म में जैकी श्रॉफ, प्रियामणि, सारा अर्जुन, अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन अहम रोल में हैं। सनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट की घोषणा की, साथ ही फिल्म में उनके इंटेंस अवतार को दिखाने वाला एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया। एक्ट्रेस ने लिखा, मुझे यह अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है! अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। कोटेशन गैंग की शूटिंग कश्मीर, मुंबई और चेन्नई में की गई है। पिछले महीने, सनी ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसमें चेक शर्ट और स्कर्ट में नजर आईं थी। उन्होंने फिल्म के लिए ग्लैमरस अवतार को छोड़ खुद को ग्रामीण माफिया सदस्य की भूमिका में ढाला।

फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी किया जा चुका है, जिसकी शुरुआत एक डायलॉग से होती है- गैंग का मेंबर बनना आसान नहीं हैं... यह गैंग वॉर पर आधारित कहानी है, जिसमें जैकी श्रॉफ खूंखार अवतार में नजर आए। वहीं सनी का किरदार दर्शकों को चौंकाने वाला है। ट्रेलर में सनी की एंट्री बेहद खतरनाक तरीके से होती हैं, वह हथियार लेकर दूसरे गैंग के लीडर को मारने जाती हैं। सनी का किरदार रोंगटे खड़े कर देने वाला है। सनी के बारे में बात करें तो वह यूथ-बेस्ड रियलिटी शो स्प्लिट्सविला 15 को होस्ट कर रही हैं। उनके पास रंगीला, वीरमादेवी, कोका कोला, हेलेन और यूआई जैसी फिल्में भी हैं। सनी ने 2011 में सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए बिग बॉस में हिस्सा लिया था। शो से निकलने के बाद उन्हें फिल्म जिस्म 2 के लिए कास्ट किया गया।



## समीर सोनी ने फिल्म इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई बताई

बागबान एक्टर समीर सोनी ने हाल ही में एक्टिंग की दुनिया की कड़वी सच्चाई पर बात की है। उन्होंने बताया कि किसी भी शख्स को गुड लुक्स के आधार पर इस प्रोफेशन में नहीं आना चाहिए। समीर ने आगे राजेश खन्ना का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा एक वक्त लड़कियों के बीच राजेश खन्ना की ऐसी दीवानगी थी कि वे उनकी काम को चूमा करती थीं। वहीं डाउनफॉल के बाद सेट पर कोई राजेश खन्ना के पास बात भी नहीं करने जाता था। इंटरव्यू में समीर ने कहा- एक फिल्म बनाने में 100 दिन लगते हैं। एक एक्टर की असल जिंदगी क्या होती है, क्या कभी किसी ने पूछा? नवाजुद्दीन सिद्दीकी चौकीदार थे और यह हकीकत है, झूठ नहीं है। एक समय था जब लड़कियां राजेश खन्ना की कार रोकती थीं और उसे चूमती थीं। फिर एक समय आया जब सेट पर उनसे कोई नमस्ते तक नहीं करता था। किसी एक्टर का पतन उनके स्टारडम से ज्यादा लंबा होता है। समीर ने उन लोगों को एडवाइस दी जो सिर्फ ग्लैमर के लिए एक्टर बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग स्टारडम के चकाचौंध में अंधें हो जाते है। लेकिन किसी को यह नहीं दिखता कि एक एक्टर को पूरी जर्नी में किन हालातों से गुजरना पड़ता है। इस बारे में वे कहते हैं- आपको पता होना चाहिए कि आप एक्टर क्यों बनना चाहते हैं। अगर सिर्फ ग्लैमर के लिए एक्टर बनना चाहते हैं, तो मत बनिए। `किन आप सच में एक्टर बनने का रिस्क लेना चाहते हैं, तो बैठिए मत, रोइए मत और 4-5 साल अपनी लाइफ का बर्बाद करने के लिए तैयार हो जाइए। वजह यह है कि अगर आपके सामने छोटी भी परेशानी आ जाएगी तो आप उसे भागना चाहेंगे। आप जो ग्लैमर देखते हैं, आपको पता होना चाहिए कि उसके पीछे की सच्चाई क्या है। समीर ने कहा कि जिन लोगों को लगता है कि वे अच्छे लुक्स की वजह से एक्टर बन सकते हैं, उन्हें रियलिटी चेक की बहुत जरूरत है। इस बारे में वे कहते हैं- लोगों को लगता है कि अगर उनके पास सिक्स पैक है, वे अच्छे दिखते हैं, तो वे एक्टर बन सकते हैं। लेकिन क्या लोगों को यह पता है कि काम मिलने से पहले एक्टर के पास 6-8 महीने रेंट चुकाने तक के पैसे भी नहीं होते। यही सच्चाई है। जब आप कैमरे के सामने एक्टिंग इसलिए करते हैं क्योंकि आपको उससे प्यार है, तब मान लीजिए कि आपको कभी 10 महीने खाली पेट भी रहना पड़ सकता है।

## सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करना चाहती हैं पूजा बत्रा

बॉलीवुड एक्ट्रेस और ब्यूटी क्वीन रह चुकीं पूजा बत्रा अब बॉलीवुड में कमबैक करना चाहती हैं। पिछली बार उन्हें साल 2021 में स्क्रीन पर देखा गया था। वो स्क्वायड फिल्म में नजर आई थीं। एक्ट्रेस का कहना है कि अगर उन्हें अगर सही मौका मिलता है, तो वह बड़े पर्दे पर वापसी करना चाहेंगी। पूजा ने सिंगर पूनम झा द्वारा गाए गए ट्रैक नशे में हाई के लॉन्च इवेंट के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका में अपने काम में काफी बिजी रही हूं, लेकिन मैं कमबैक करने के लिए तैयार हूं। अगर सही मौका मिलता है, तो मैं सिल्वर स्क्रीन पर वापस आने और अपने फैंस से फिर से जुड़ने के लिए एक्साइटेड हूं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा अपने दिल की सुनती है। पूजा ने कहा कि मुझे लगता है कि हर किसी को ऐसा करना चाहिए। इस कॉम्पिटेटिव दुनिया में, अपने पैशन को खोना आसान है, लेकिन पूनम का नया गाना यह साबित करता है कि अपने दिल की सुनने की कोई उम्र नहीं होती।उन्होंने कहा कि पूनम और उनकी टीम को इस गाने के लिए बधाई। मुझे यकीन है कि यह पूरे साल पार्टी का पसंदीदा गाना बना रहेगा। मैं अपने सभी फैंस से कहना चाहती हूं कि अपने पैशन को अपनाएं और अपने सपनों पर काम करें, क्योंकि यही लाइफ में सबसे ज्यादा मायने रखता है।






## संक्षिप्त समाचार

### रुशिल डेकोर लिमिटेड ने ग्लोबल प्रेजेंस को मजबूत करने के लिए नॉर्थ अमेरिकी मार्केट में विस्तार किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** इको-फ्रेंडली एमडीएफ, लैमिनेट्स, पीवीसी और डब्ल्यूपीसी की लीडिंग मैन्युफैक्चरर, रुशिल डेकोर लिमिटेड (बीएसईः 533470, एनएसई) नॉर्थ अमेरिकी मार्केट में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है, जो इसकी ग्लोबल ग्रोथ स्ट्रेटजी में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। रुशिल डेकोर पहले से ही 50 से अधिक देशों में पहुंच रहा है, इसका लक्ष्य लैमिनेट्स और एमडीएफ के लिए दुनिया के सबसे बड़े बाज़ारों में से एक का लाभ उठाना है। यह स्ट्रेटिजिक मूव 6 से 9 अगस्त, 2024 तक अटलांटा में इंटरनेशनल वुडवर्किंग फेयर में कंपनी की भागीदारी के साथ मेल खाता है।

### मुफिन ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड फंड जुटाने पर विचार करेगी

**मुंबई, एजेंसी।** मुफिन ग्रीन फाइनेंस लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए फाइनेंसिंग करती है, ने घोषणा की है कि इसका बोर्ड 30 जुलाई को निजी प्लेसमेंट के जरिए बिना सूचीबद्ध, सुरक्षित, गैर-परिवर्तनीय (नॉन कनवर्टेबल) डिबेंचर जारी करके फंड जुटाने पर विचार करेगा। इससे पहले, कंपनी ने गैर-परिवर्तनीय(नॉन कनवर्टेबल) डिबेंचर आवंटित करने की घोषणा की थी, जिसमें कुल 22 करोड़ रुपये जुटाए गए थे।कंपनी उत्तर भारत के 14 राज्यों में मौजूद है, जिसमें दो, तीन और चार पहिया ईवी के लिए फाइनेंसिंग विकल्प हैं। कंपनी का मानना है कि दक्षिण भारत के राज्यों में पहुंचने से उसे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड बोर्ड ने वारंट्स के आवंटन को मंजूरी दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मार्केट्स में ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड बासमती और नॉन-बासमती राइस और अन्य उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के व्यवसाय में लगी सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि इसकी बोर्ड ने एफपीआई नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज़ फंड पीसीसी-टचस्टोन सहित विभिन्न प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर/पब्लिक ग्रुप एंटिटीज़ (संस्थाओं) को प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर कन्वर्टिबल वारंट्स के आवंटन को मंजूरी दे दी है। हाल ही में, कंपनी ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेस में क्रांति लाने के लिए बूमिट्रा ओ2सी टेक इंडिया के साथ साझेदारी की है।

### सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने मिजोरम और नई दिल्ली में 2 नए एक्सक्लूसिव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड, भारत के कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में अग्रणी, गर्व से मिजोरम और नई दिल्ली में दो नए एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर्स खोलने की घोषणा करता है। ये ओपनिंग विविध बाज़ारों को अपनाने, प्रमुख क्षेत्रों में अपनी पहुंच का विस्तार करने और विभिन्न बाज़ारों में अपनी रीच, क्वॉलिटी और इनोवेशन के प्रति अपने कमिटमेंट को रिफ्लेक्ट करने के लिए सेलेकोर की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाते हैं। मिजोरम एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर सेलेकोर के फुटप्रिंट को भारत की उत्तरपूर्वी सीमा तक फैलाता है, जो अत्याधुनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स की पेशकश करने के लिए ज्योग्राफिकल अंतराल को भरता है। यह एक्सपेंशन अपने फ्रैंचाइज़-बेस्ड मॉडल के द्वारा लोकल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देते हुए, देश-भर में उपभोक्ताओं की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करता है। यद्यपि नई दिल्ली में एक एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर खोलना सेलेकोर अर्बन मार्केट्स की ओर स्ट्रेटिजिक शिफ्ट का प्रतिनिधित्व करता है ।

# मिनिमम बैलेंस पेनल्टी पर सरकारी बैकों ने काटी आपकी जेब, पांच साल में कमा लिए 8,500 करोड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अकाउंट में मिनिमम बैलेंस मेंटेन नहीं होने पर बैंक ग्राहकों से जुर्माना वसूलते हैं। देश के सरकारी बैंकों ने पिछले पांच साल में मिनिमम बैलेंस पेनल्टी से 8,500 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने फाइनेंशियल ईयर 2020 से ही मिनिमम बैलेंस पेनल्टी वसूलना बंद कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद पिछले पांच साल में सरकारी बैंकों की मिनिमम बैलेंस पेनल्टी की राशि 38 फीसदी बढ़ गई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है।



इसके मुताबिक सरकारी बैंकों ने फाइनेंशियल ईयर 2020 से 2024 के दौरान मिनिमम बैलेंस पेनल्टी के रूप में 8,500 करोड़ रुपये कलेक्ट किए। जानकारी के मुताबिक 11 सरकारी बैंकों में से छह ने मिनिमम क्वार्टरली एवरेज बैलेंस मेंटेन नहीं होने पर वसूली की जबकि चार बैंकों में मिनिमम एवरेज मंथली बैंलेस नहीं होने पर ग्राहकों पर जुर्माना लगाया। ग्राहकों के लिए मिनिमम बैलेंस की लिमिट शहरों और गांवों में अलग-अलग है। उदाहरण के लिए पंजाब नेशनल बैंक के शहरी ग्राहकों के लिए सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम तिमाही औसत बैलेंस 2,000 रुपये है। कस्बों के लिए यह 1,000 रुपये और गांवों के लिए 500 रुपये है। मिनिमम बैलेंस नहीं होने पर शहरों में 250 रुपये, कस्बों में 150 रुपये और गांवों में 100 रुपये तक काटे जा सकते हैं।

चौधरी ने कहा कि बैंकों को अकाउंट्स खोलते समय ग्राहकों को मिनिमम बैलेंस के बारे में बताना चाहिए। अगर ग्राहक मिनिमम बैलेंस मेंटेन नहीं करता है तो बैंकों को जुर्माने के बारे में ग्राहक को बताना चाहिए। एसबीआई ने 2019-20 में मिनिमम बैलेंस पेनल्टी से 640 करोड़ रुपये कमाए थे। लेकिन उसके बाद बैंक ने यह प्रैक्टिस बंद कर दी। 2023-24 में पंजाब नेशनल बैंक ने इस पेनल्टी से 633 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 387 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक ने 369 करोड़ रुपये, केनरा बैंक ने 284 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ इंडिया ने 194 करोड़ रुपये कमाए।

## 75 पर जा सकता है एनर्जी का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर में आज मंगलवार को भी 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। कंपनी के शेयर आज 68.25 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। बता दें कि यह सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर में बढ़त का लगातार सातवां दिन है। शेयरों में इस तेजी के पीछे जून तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, पवन टरबाइन निर्माता द्वारा जून तिमाही की आय घोषित करने के बाद से छह कारोबारी 7 कारोबारी सेशंस में यह स्टॉक 25 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। सुजलॉन ने 22 जुलाई को बाजार बंद होने के बाद अपने जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की थी और उस दिन भी स्टॉक 1 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ था। मंगलवार को सुजलॉन एनर्जी में कई ब्लॉक डील हुई हैं। इन ब्लॉक सौदों में कंपनी के 21.9 लाख शेयर या 0.4 प्रतिशत इक्विटी का आदान-प्रदान हुआ है, जिसकी वैल्यू लगभग 90 करोड़ बताई जा रही है। बता दें कि यह ट्रांजैक्शन 68 प्रति शेयर की औसत कीमत पर हुई है। सुजलॉन एनर्जी ने हाल ही में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 302 करोड़ रुपये की शानदार बढ़ोतरी दर्ज की।

# फिर 200 रुपये के पार अनिल अंबानी का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों ने पिछले दिनों आई तेज गिरावट के बाद अच्छी वापसी की है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर फिर से 200 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को करीब 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 205.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में पिछले 4 साल में 2100 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 308 रुपये है। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 143.70 रुपये है।

### 99 प्रतिशत से ज्यादा टूटने के बाद शेयरों में कमाल की तेजी

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में पिछले कुछ साल में तगड़ी उठा-पटक देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 4 जनवरी 2008 को 2510.35 रुपये पर थे। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर इस लेवल से 99 पर्सेंट से ज्यादा टूटकर 27 मार्च 2020 को 9.20 रुपये पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई 2024 को 205.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में पिछले 4 साल से कुछ ज्यादा समय में 2100 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर पिछले 3 साल में 167 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी के शेयर 30 जुलाई 2021 को 76.45 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई 2024 को 205.70 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर इस साल 5 जून को अपने 52 हफ्ते के लो लेवल 143.70 रुपये पर पहुंच गए थे। इस लेवल से कंपनी के शेयरों में 40 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। पिछले 5 दिन में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 16 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में करीब 12 पर्सेंट की गिरावट आई है।

# रेल कंपनी को मिला 739 करोड़ रुपये का काम

### कंपनी के शेयरों ने 1 लाख रुपये के बनाए हैं 49 लाख रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेल कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में अच्छी तेजी है। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर मंगलवार को करीब 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 626.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में यह तेजी एक बड़ा ऑर्डर मिलने से आई है। रेल विकास निगम, हिमाचल प्रदेश में एक प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है।

रेल विकास निगम लिमिटेड ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि वह हिमाचल प्रदेश के सेंट्रल जोन में डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर के डिवेलपमेंट के लिए लोएस्ट बिडर (रु1) के रूप में उभरी है। रेल कंपनी को मिला यह प्रोजेक्ट 739 करोड़ रुपये का है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीने में पूरा किया जाना है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने एक्सचेंजों को यह भी बताया है कि 8 अगस्त को उसकी बोर्ड मीटिंग है, जिसमें जून 2024 तिमाही के नतीजों पर विचार किया जाएगा।



### 1 लाख रुपये के बना दिए 49 लाख रुपये

रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों ने 4 साल से कुछ ज्यादा समय में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। रेल कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 12.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई 2024 को 626.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने इस अवधि में 4750 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 27 मार्च 2020 को रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू करीब 49 लाख रुपये होती।

### एक साल में 400 प्रतिशत से ज्यादा चढ़े हैं कंपनी के शेयर

रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर पिछले एक साल में 400 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। रेल कंपनी के शेयर 31 जुलाई 2023 को 124.10 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई 2024 को 626.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, इस साल अब तक रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 240 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है।

## आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, पहले दिन ही निवेशकों का पैसा लगभग डबल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड की शेयर बाजार में धमाकेदार आगाज हुआ है। कंपनी के शेयर 90 प्रतिशत के प्रीमिमय के साथ 79.80 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। जबकि इस आईपीओ का प्राइस बैंड महज 42 रुपये प्रति शेयर था। बता दें, कंपनी ग्रे मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही थी। तभी से लग रहा था कि आईपीओ की लिस्टिंग शानदार हो सकती है। ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 60 रुपये के प्रीमियम पर लिस्ट हुआ था।

आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि शानदार लिस्टिंग के बाद भी शेयर डिमांड में है। इसी वजह से कंपनी के शेयरों में कुछ ही देर के बाद 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। अपर सर्किट लगने के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 83.75 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है।

आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इक्विटी की बिक्री पर निर्भर है। आईपीओ के जरिए कंपनी ने 44.10 लाख शेयर जारी किए हैं। रिटेल निवेशकों और एनआईआई की तरफ से मिले मजबूत रिस्पॉन्स की वजह से यह आईपीओ 600 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया था। बीते कुछ सालों के दौरान वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स ने 30 प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है। जिसकी वैल्यू 104.86 करोड़ रुपये थी। 13 जुलाई 2024 तक कंपनी 15 अलग-अलग प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थी। जिसकी कीमत 338.80 करोड़ रुपये है।

### कंपनी की आर्थिक स्थिति कैसी है

कंपनी की आर्थिक स्थिति की बात करें तो पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल रेवन्यू 114 करोड़ रुपये का रहा था। जबकि इस दौरान कंपनी ने 6.14 करोड़ रुपये का प्रॉफिट बनाया था।

## द सॉलिटेयर्स फेस्टिवल ऑफ इंडिया के लिए डिवाइन सॉलिटेयर्स ने अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ मिलाया हाथ

**भोपाल।** डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी का एक प्रमुख ब्रांड, डिवाइन सॉलिटेयर्स अगस्त के फीके महीने में कुछ चमक बिखेरने के साथ-साथ आने वाले त्यौहारों और शादियों के मौसम की धमाकेदार शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब यह ब्रांड 2024 में लगातार तीसरे साल द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया के साथ भारत में डायमंड सॉलिटेयर के प्रचार-प्रसार के लिए सबसे बड़े आयोजन की शुरुआत करने जा रहा है– और इस बार अभिनेत्री वाणी कपूर ब्रांड एंबेसडर होंगी!

वॉर, शुद्ध देसी रोमांस और बेफिक्रे जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अदाकारा, वाणी कपूर की मौजूदगी से इस साल का यह कार्यक्रम कामयाबी का परचम लहराने वाला है। वाणी अपने साथ स्टार मैजिक का तड़का लेकर आई हैं, जिनके इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 8



मिलियन है। इसमें ज्यादातर भारत के सशक्त युवा शामिल हैं, जो इस साल के कैंपेन को चर्चा का विषय बना देंगे। इस फेस्टिवल में सभी मूल्यवान ग्राहकों को बेहद शानदार तरीके से प्रोत्साहन देने के लिए, डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी की हर खरीद पर सुनिश्चित उपहार पाने का मौका दिया जा रहा है। ज्वैलरी की हर खरीद पर 11, 17 और 24 अगस्त को होने वाले साप्ताहिक लकी ड्रॉ का कूपन दिया जाएगा।

## उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वैल्स लिमिटेड का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के ज्वेलरी बाजार की एक विशिष्ट ब्रांड, उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वैल्स लिमिटेड ने 31 जुलाई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा अपर बैंड पर 69.50 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.इश्यू से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉर्पोरेट कार्यों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 30 जुलाई 2024 को खुलेगी. रिटेल अभिदान के लिए इश्यू 31 जुलाई 2024 को खुल रहा है और 2 अगस्त 2024 को बंद होगा. इश्यू की लीड मैनेजर चॉइस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वैल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमोटर, श्री पंकजकुमार एच. जगावत ने कहा, हम हमारे आगामी आईपीओ की घोषणा करते हुए अति हर्षित हैं.

## पोको पर मार्वल मैडनेस छाई; भारत में पोको एफ6 का डेडपूल लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कंज़्यूमर टेक स्पेस में तेजी से वृद्धि करते हुए, पोको ने आज मार्वल स्टूडियोज़ के साथ अपने आकर्षक गठबंधन के अंतर्गत भारत में पोको एफ6 का डेडपूल लिमिटेड एडिशन पेश किया। यह एक्सक्लुसिव साझेदारी डेडपूल फ्रैंचाईज़ी की तीसरी फिल्म, डेडपूर एंड वोल्वेराईन के थिएटर में रिलीज़ होने से पहले की गई है। डेडपूल सीरीज़ की अपार लोकप्रियता और फैंस के उत्साह के बीच देश में यह लॉन्च मार्वल फैन्स का जोश बढ़ा देगा।




डेडपूल लिमिटेड एडिशन पोको एफ6 पोको की इनोवेटिव भावना और मार्वल की दिलकश दुनिया की पुष्टि करता है। हर विशेषता पर पूरा ध्यान देकर बनाए गए इस स्पेशल एडिशन के स्मार्टफोन में एक आकर्षक कस्टम डिज़ाईन द्वारा डेडपूल और वोल्वेराईन को विशेष सम्मान दिया गया है। इस डिवाईस के एक्सटीरियर में डेडपूल की प्रतिष्ठित रेड एवं ब्लैक कलर स्कीम दी गई है ।

## भारत में गैलेक्सी एआई पावर्ड गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 को शानदार रिस्पॉन्स मिला

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज घोषणा की कि जो ग्राहक भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और ैलेक्सी जेड फ्लिप6 के लिए प्री-बुकिंग कर चुके हैं, उन्हें समय से पहले डिलीवरी मिलेगी। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और ैलेक्सी जेड फ्लिप6 ने पिछले फोल्डेबल फोन्स की तुलना में सिर्फ 24 घंटों में 40 प्रतिशत ज्यादा प्री-ऑर्डर हासिल किए हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के लिए प्री-ऑर्डर भारत और बाकी दुनिया में 10 जुलाई को शुरू हुए। ये नए




स्मार्टफोन 24 जुलाई, 2024 से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए अन्य डिवाइस - गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा, गैलेक्सी वॉच7, गैलेक्सी बड्स3 प्रो और गैलेक्सी बड्स3 भी मिलेंगे। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजू पुलन ने कहा, ''हम भारत में अपने नए फोल्डेबल्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और ैलेक्सी जेड फ्लिप6 को लेकर उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया से बहुत खुश हैं।

## मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए शानदार परिणाम घोषित किए

**अहमदाबाद एजेंसी।** मंगलम ग्लोबल एंटरप्राइज लिमिटेड ग्रुप मंगलम का कृषि व्यवसाय, ने 25 जुलाई, 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। तिमाही वित्तीय हाइलाइट्स (समेकित): परिचालन से राजस्वः 679.97 करोड़ रुपये (110 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि) एबिटा 15.52 करोड़ रुपये (30 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि) कर पूर्व लाभ : 7.69 करोड़ रुपये (73 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि) कर पश्चात लाभ : 6.01 करोड़ रुपये (31 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि) प्रति शेयर आय (डाइल्यूटेड): 0.41 रुपये 30 जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही के लिए, कंपनी ने परिचालन से 679.97 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 110 प्रतिशत अधिक है। एबिटा (अन्य आय सहित) में 30 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की पहली तिमाही के 11.97 करोड़ रुपये से बढ़कर इस वर्ष की पहली तिमाही में 15.52 करोड़ रुपये हो गया।

### दक्षिण एशिया में एसएसीई-स्किल्ड वर्कफोर्स को तैयार करने के लिए

## 790,000 ईयू-फंडेड मिशन में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी भी शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा, ईयू-फंडेड 'नॉलेज डेवलपमेंट फॉर सर्कुलर इकोनॉमी ट्रांज़िशन' प्रोजेक्ट के माध्यम से पूरे दक्षिण एशिया में एडवांस सर्कुलर इकोनॉमी से संबंधित विचारों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रणी प्रयास का नेतृत्व कर रहा है। प्रोजेक्ट 'नॉलेज डेवलपमेंट फॉर सर्कुलर इकोनॉमी ट्रांज़िशन' के तहत दरअसल छह भागीदार संस्थानों के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों को एक साथ लाने का प्रयास



किया जाता है। ये संस्थान हैं- यूनिवर्सिटी ऑफ़ जैवस्काइला (फ़िनलैंड), एफएच जोआनम गेसेलशाफ्ट एमबीएच (ऑस्ट्रिया), बिमटेक (भारत), निरमा यूनिवर्सिटी (भारत), प्रिंस ऑफ़ सोंगक्ला यूनिवर्सिटी (थाईलैंड), और पेयप यूनिवर्सिटी (थाईलैंड)। यूनिवर्सिटी ऑफ़ जैवस्काइला के डॉ. भावेश सरना इस अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि भारत से नेशनल लीड के रूप में बिमटेक की डॉ. वीनू शर्मा इसका नेतृत्व कर रही हैं।



पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद मनु भाकर ने कहा

## मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है

**शैटोरॉक्स (एजेंसी)।** निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनने की उपलब्धि हासिल करने पर कहा कि वह बहुत आभारी महसूस कर रही हैं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में 13 शॉट के बाद दक्षिण कोरिया पर 16-10 की जीत दर्ज करने के बाद मनु और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने कहा, मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है। यह उपलब्धि हासिल करने पर मैं बहुत आभारी महसूस कर रही हूं। यह सिर्फ आशीर्वाद है। सभी आशीर्वाद और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पेरिस खेलों में यह मनु और भारत का दूसरा पदक था। 22 वर्षीय मनु के पास महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेने पर तीसरा पदक जीतने का भी मौका है।

### ओलंपिक में पदक जीतने वाले अन्य निशानेबाज

राज्यवर्धन सिंह राठौर - एथेंस 2004,
अभिनव बिंद्रा - बीजिंग 2008
विजय कुमार - लंदन 2012
गगन नारंग - लंदन 2012
मनु भाकर - पेरिस 2024

**...जो भी हो हम स्वीकार करेंगे** – कांस्य पदक के प्लेऑफ में ली वोनहो और ओह ये जिन की दक्षिण कोरियाई टीम ने पहली सीरीज जीती। हालांकि भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए 8-2 की बढ़त बना ली। कोरिया ने वापसी की और मैच के दूसरे हाफ में रोमांचक मोड़ लिया, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त को कभी नहीं खोया और जीत सुनिश्चित की।

# 34 साल बाद भारत 2025 में टी20 एशिया कप की मेजबानी करेगा

### बांग्लादेश 2027 में करेगा आयोजन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत 2025 में टी-20 फॉर्मेट में मेंस एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह 2026 में देश में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेला जाएगा। भारत को मेंस एशिया कप के इतिहास में दूसरी बार मेजबानी मिली है। इससे पहले, 1990 में मिली थी।इसके बाद एशिया कप 2027 की मेजबानी बांग्लादेश करेगा। यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसी साल (2027 में) साउथ अफ्रीकी सरजमीं पर वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। एशिया क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की ओर से जारी किए गए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) डॉक्यूमेंट के मुताबिक, भारत 2025 में मेंस एशिया कप की मेजबानी करेगा, जो टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। वहीं, 2027 का एशिया कप बांग्लादेश की मेजबानी में होगा। 2027 का एशिया कप वनडे फॉर्मेट में ही होगा।

### भारत सबसे सफल टीम

एशिया कप का आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल (एससी) करती है। भारत ने रिकॉर्ड 8 बार एशिया कप अपने नाम किया है। इनमें 7 बार यह वनडे फॉर्मेट में और 1 बार टी-20 फॉर्मेट में हुआ। भारत के बाद श्रीलंका सबसे कामयाब टीम है। वह 6 बार यह ट्रॉफी जीती है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान है। वह 2 बार यह टाइटल जीता है।




### पिछला एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में खेला गया

एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'हाईब्रिड मॉडल' पर की थी। भारत ने तब पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था और इसके अधिकतर मैच श्रीलंका में खेले गए थे।

### भारत में अब तक एक ही बार क्यों हुआ एशिया कप

भारत और पाकिस्तान के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं इसलिए भारत और पाकिस्तान दोनों में बहुत कम एशिया कप हुए हैं। 2023 से पहले इन दोनों देशों में एक-एक एशिया कप ही हुआ। 2023 में पाकिस्तान को मेजबानी मिली तो भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई। भारत के मैच और फाइनल श्रीलंका में कराए गए। श्रीलंका और बांग्लादेश द्बष्ट्ट की पॉलिटिक्स में भारत को सपोर्ट करते हैं। एशिया कप के जरिए ब्रष्टष्ट्ठ इन दो पार्टनर देशों को बड़े टूर्नामेंट होस्ट करने का मौका देता रहा है।

### बांग्लादेश ने सबसे ज्यादा 5 बार एशिया कप की मेजबानी की

भारत ने अब तक सिर्फ एक बार एशिया कप की मेजबानी की है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी सबसे ज्यादा 5 बार बांग्लादेश ने की है। सबसे पहले बार एशिया कप साल 1984 में यूएई में खेला गया था। यूएई और श्रीलंका ने 4-4 बार एशिया कप का आयोजन किया है। पाकिस्तान-भारत को बार 1-1 मेजबानी मिली है। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से पिछले एशिया कप का आयोजन किया था। ऐसा दूसरी बार होगा जब एशिया कप की मेजबानी भारत करने जा रहा है। भारत को एशिया कप की मेजबानी मिलने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान टीम भारत खेलने आएगी। भारत ने पिछले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। जिसके बाद एशिया कप 2023 हाईब्रिड मॉडल में खेला गया था। टीम इंडिया सुरक्षा संबंधी खतरों की वजह से पाकिस्तान नहीं जाती है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था।

## नौकायन खिलाड़ी बलराज फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में नौकायन में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि बलराज पंवार पुरूषों की एकल स्कल में अपनी हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे और अब 13वें से 24वें स्थान के लिए खेलेंगे। 25 वर्ष के पंवार ने क्वार्टर फाइनल में चौथी हीट में सात मिनट और 5.10 सेकंड का समय निकाला। वह सेमी फाइनल सी.डी में खिसक गए जिसके मायने हैं कि ये खिलाड़ी 13वें से 24वें स्थान के लिए उतरेंगे। पंवार रेपेचेज दौर की रेस में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। वह शनिवार को पहले दौर की हीट रेस में चौथे स्थान पर रहकर रेपेचेज में पहुंचे थे। चार क्वार्टर फाइनल हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ी सेमीफाइनल ए.बी में पहुंचे जो पदक के लिए मुकाबला करेंगे।




## सरबजोत सिंह ने गोल्ड जीतकर की थी करियर की शुरुआत, कांस्य पदक जीतने में निभाई आदर्श भूमिका




**चेटौरॉक्स (फ्रांस) (एजेंसी)।** मनु भाकर ने धैर्य का परिचय दिया जबकि सरबजोत सिंह ने आदर्श खिलाड़ी की भूमिका निभाई जिससे इस जोड़ी ने मंगलवार को यहां ओलंपिक में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कोरियाई टीम को 16-10 से हराकर देश को इस चतुष्कोणीय शोपीस में दूसरा पदक दिलाया। सरबजोत सिंह का जन्म 30 सितम्बर 2001 को हुआ था। सरबजोत हरियाणा के बरारा ब्लॉक के अंबाला के धीन गांव से हैं। वह किसान जतिंदर सिंह और गृहिणी हरदीप कौर के बेटे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर 10 स्थित डीएवी कॉलेज से पढ़ाई की है। वह सेंट्रल फीनिक्स क्लब में अंबाला कैंट स्थित एआर शूटिंग अकादमी के कोच अभिषेक राणा के अधीन प्रशिक्षण लेते हैं।

### 2019 में गोल्ड से करियर की शुरुआत

सरबजोत के होनहार करियर की शुरुआत 2019 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ हुई थी। उन्होंने हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर प्रभावित करना जारी रखा। अब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मनु भाकर के कांस्य जीता।

## मनिका बत्रा ने फ्रांस की प्रीथिका पवाडे को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत की अनुभवी खिलाड़ी मनिका बत्रा ने ओलंपिक टेबल टेनिस स्पर्धा के अंतिम 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे को सीधे गेमों मे शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से जीत दर्ज की। वह ओलंपिक टेबल टेनिस के अंतिम-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।



मनिका को पहले गेम में बाएं हाथ की खिलाड़ी के खिलाफ सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई और यह काफी करीबी मुकाबला रहा। मनिका ने अखिरी तीन अंक अपने नाम कर इसे 11-9 से जीता। दूसरे गेम की शुरुआत में भी मुकाबला काफी करीबी था लेकिन 6-6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई मौका नहीं दिया और 11-6 से वह जीत गई। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम की लय तीसरे गेम में जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई लेकिन प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9-10 कर दिया।

प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गई और मनिका ने 11-9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6-2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत को 10-4 में बदल कर छह मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रीथिका तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन मनिका ने चौथे अंक को भुनाकर मैच अपने नाम किया। प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका की भिड़ंत जापान की आठवीं वरीय हिरोनो मियू और हांगकांग की झू चेंगझू के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

## मैग्नस कार्लसन ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रांड स्लैम के लिए 12 मिलियन डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जान हेनरिक बुएटनर ने घोषणा की कि उन्होंने वीसी लेफ्ट लेन कैपिटल से 12 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। इस नई टूर्नामेंट सीरीज में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों को आकर्षक प्रारूप में पेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य शतरंज की दुनिया में क्रांति लाना है। नए टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि .1 मिलियन प्रति इवेंट – फ्रीस्टाइल शतरंज, मैग्नस कार्लसन और जान हेनरिक बुएटनर द्वारा स्थापित एक नई पहल है, इसी वर्ष की शुरूआत में पहली फ्री स्टाइल शतरंज स्पर्धा आयोजित हुई थी जिसे खुद कार्लसन नें जीता था। इस सीरीज में 25 सुपर ग्रांड मास्टर्स शामिल होंगे, जिनकी रेटिंग 2725 से ऊपर है। मैग्नस कार्लसन द्वारा चुने गए नौ सुपर ग्रांड मास्टर्स विशेष रूप से इस ग्रांड स्लैम सीरीज में खेलेंगे। सभी टूर्नामेंट चुनिन्दा अच्छे स्थलों में आयोजित किए जाएंगे और खेल फिशर रैंडम प्रारूप में होंगे।

## सीन नदी में पानी की गुणवत्ता पर चिंता बरकरार, पुरुष ट्रायथलॉन स्थगित

**पेरिस (एजेंसी)।** सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिताओं के कारण मंगलवार को होने वाली पुरुष ओलंपिक ट्रायथलॉन को स्थगित कर दिया गया है। सीन नदी पर इस खेल की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। आयोजकों ने कहा कि वे पुरुषों की ट्रायथलॉन को बुधवार को आयोजित करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं की प्रतियोगिता भी बुधवार को निर्धारित है, लेकिन इन दोनों का आयोजन पानी की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा।



मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार, बुधवार और गुरुवार की शाम को तूफान आ सकता है जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। भारी बारिश के कारण आमतौर पर सीन नदी में बैक्टीरिया का स्तर बढ़ जाता है। शुक्रवार को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के दौरान पेरिस में भारी बारिश हुई और शनिवार को भी बारिश जारी रही। सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिंता के कारण ही रविवार और सोमवार को ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

## बोपन्ना का 22 साल बाद संन्यास

### पेरिस ओलिंपिक मेंस डबल्स के पहले दौर में हारे, कहा- यह देश के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट था

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक के मेंस डबल्स के पहले दौर में रविवार को हार के बाद भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा कर दी। 44 साल के बोपन्ना 22 साल से भारत के लिए खेल रहे थे। उन्होंने 2002 में देश के लिए डेब्यू किया था।रविवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने 5-7, 6-2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।वे 6 ग्रैंड स्लेम के मेंस डबल्स मैच में फाइनलिस्ट रहे। 2017 में मिक्स्ड डबल में फ्रेंच ओपन, 2024 में मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं।पेरिस ओलंपिक से पहले बोपन्ना ने आखिरी बार एशियन गेम्स 2023 में भारत के लिए शिरकत की थी, जिसमें उन्होंने मिक्स्ड डबल्स में रुतुजा भोसले के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

**यह मेरा आखिरी इवेंट था** –पहले राउंड में हार के बाद बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने मीडिया से कहा, यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी इवेंट होगा। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं कहां हूं और अब, जब तक यह चलता रहेगा, मैं टेनिस सर्किट का आनंद लेता रहूंगा। मैं जहां हूं, उसके लिए यह पहले से ही एक बड़ा बोनस है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। 2002 से अपने डेब्यू से और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना। मुझे इस पर बेहद गर्व है।



**बोपन्ना ने लंदन 2012 में ओलंपिक डेब्यू किया** – बोपन्ना का यह तीसरा ओलिंपिक था। बोपन्ना ने अपना ओलंपिक डेब्यू लंदन 2012 में किया, जहां वह मेंस डबल्स के लिए महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। रियो 2016 में बोपन्ना और सानिया मिर्जा मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल मैच हारने के बाद चौथे स्थान पर रहे। बोपन्ना टोक्यो 2020 ओलंपिक में जगह नहीं बना सके।

**बोपन्ना ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी** – इस साल की शुरुआत में बोपन्ना 43 साल और नौ महीने की उम्र में अपने साथी मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन की जीत के बाद टेनिस के ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 की जीत बोपन्ना का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल था। उन्होंने 2017 में फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स जीता था। बोपन्ना और एबडेन ने पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी।

**सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर-1** बोपन्ना इस साल 29 जनवरी को आई एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बने थे। उस समय बोपन्ना 43 साल के थे। वे 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। फिलहाल उनकी ,एटीपी रैंकिंग 4 है।

## ओलिंपिक टैली में जापान नंबर 1

### 6 गोल्ड समेत 12 मेडल जीते, भारत के नाम दो ब्रॉन्ज

**पेरिस (एजेंसी)।** ओलिंपिक मेडल टैली में जापान की टीम 6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर वन है। दूसरे पर फ्रांस और तीसरे नंबर पर चीन है। मंगलवार को मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट के ब्रॉन्ज मेडल मैच में कोरिया को 16–10 से हराया। इसी के साथ भारत के नाम दो मेडल हो गए हैं।

**पेरिस ओलिंपिक 2024 : मेडल टैली**

| | | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | इंडिया | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 1 | जापान | 6 | 2 | 4 | 12 |
| 2 | फ्रांस | 5 | 8 | 3 | 16 |
| 3 | चीन | 5 | 5 | 2 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| 5 | कोरिया | 5 | 3 | 1 | 9 |

## संक्षिप्त समाचार

### राम पथ की जांच चाहते हैं अवधेश प्रसाद, बोले- अयोध्या में जमीन खरीद में हुईं धांधली

**फैजाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फैजाबाद से समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने अयोध्या में हुए जमीन के सौदों की जांच की मांग की है। उन्होंने साल 2019 में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में हुईं डील्स की जांच के लिए एक कमेटी भी गठित किए जाने की मांग की है। उन्होंने सौदों में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा है कि प्रोजेक्ट्स के कारण लोगों के घर तोड़ दिए गए इसलिए अयोध्या की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को नकार दिया। सोमवार को बजट को लेकर हो रही चर्चा में प्रसाद ने कहा कि कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में बड़े स्तर पर जमीन की बिक्री हुई थी। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, उन्होंने कहा, अनियमितताएं हुईं हैं। 2 करोड़ रुपये की कीमत की एक जमीन 18 करोड़ रुपये में बिकी है। इसके खरीदने वाले भाजपा के लोगों के अलावा कोई और नहीं है। उन्होंने किसानों को तबाह कर दिया इसलिए जनता नाराज है। उन्होंने राम पथ, एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स समेत कई अन्य निर्माणों की जांच की भी मांग की है। सांसद ने कहा, स्थिति साफ हो सके इसलिए उस रिपोर्ट को संसद के पटल पर रखा जाना चाहिए। प्रसाद का कहना है कि सत्तारूढ़ दल ने अयोध्या के लोगों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में न ही अयोध्या न ही उत्तर प्रदेश का जिक्र कहीं भी आया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोजेक्ट्स के कारण अयोध्या में घर तोड़े गए इसलिए जनता ने भाजपा को नकार दिया। उन्होंने कहा, राम पथ हो या एयरोड्रोम हो या कोई भी अन्य निर्माण हो, बुलडोजर का इस्तेमाल कर लोगों के घर तोड़ दिए गए। इसलिए भाजपा को पूरी तरह नकार दिया गया है। सपा सांसद ने यह भी कहा कि ओबीसी निषाद समुदाय की बस्ती को तोड़कर दुकानें बनाई गईं हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि इन दुकानों को करोड़पति लोगों को दे दिया गया। उन्होंने 2027 में राज्य में और 2029 में लोकसभा चुनाव में भाजपा के हारने का दावा किया है।

### राजस्थान में राशन का गेहूं लेने वालों को भी मिलेगा 450 में सिलेंडर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के सीएम भजनलाल ने घोषणा की है कि राजस्थान में 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की योजना का दायरा अब और बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान कई नई घोषणाएं की। उन्होंने बड़े शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ाकर 1000 इलेक्ट्रिक बस चलाने का ऐलान किया. इसके साथ ही सीएम शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए राज्य में 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की योजना का दायरा बढ़ा दिया। पहले राजस्थान में प्रधानमंत्री उवला योजना और बीपीएल श्रेणी के परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलता था। जिसका दायरा बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अब राज्य में सभी राशन का गेहूं लेने वाले परिवारों मतलब एनएफएसए का लाभ लेने वालों को भी 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कच्ची बस्तियों में रहने वाले परिवार को पक्का मकान बनवाने के लिए एक लाख रुपये सहायता दी जाएगी. इसका लाभ उन लोगों को मिलेगा, जिनके खुद के पक्के घर नहीं हैं।

### 15 अगस्त को बाबुओं का लाल किला पहुंचना जरूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम से दूरी बनाने वाले बाबुओं की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। खबर है कि कैबिनेट सचिव ने हाल ही में साफ कर दिया है कि लाल किले पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से अधिकारियों की गैरमौजूदगी को गंभीरता से लिया जाएगा। भारत इस साल आजादी का 78 वर्ष मनाने जा रहा है। अंग्रेजी की सदियों तक गुलामी के बाद देश को 15 अगस्त 1947 में आजादी मिली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार्यक्रम में मौजूद रहने को लेकर कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने सभी सचिवों को पत्र लिखा है। इसमें सभी अधिकारियों की कार्यक्रम में मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# कर्नाटक सरकार में होगा बड़ा फेरबदल!

## दिल्ली में महामंथन, डीके शिवकुमार पर भी हो सकता है फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के बाद से बीजेपी कांग्रेस सरकार पर ज्यादा ही हमलावर है। बीजेपी और जेडीएस के विपक्ष से निपटने के लिए दिल्ली में मंगलवार को महामंथन होने वाला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कई सीनियर नेता आगे की रणनीति तय करेंगे। जानकारी के मुताबिक कर्नाटक सरकार में बड़े फेरबदल पर भी फैसला किया जा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कर्नाटक सरकार में कुछ मंत्रियों के पोर्टफोलियो में भी परिवर्तन किया जा सकता है। मंत्रिमंडल में बदलाव की चर्चा काफी दिनों से चल रही है। महर्षि वाल्मीकि एसटी डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन के 84 करोड़ से ज्यादा रुपये के अवैध ट्रांसफर को लेकर ईडी कार्रवाई कर रही है। इस जांच में विधायक बी नागेंद्र की



गिरफ्तारी हो चुकी है और उन्हें मंत्रिपद से भी हटा दिया गया है। बीजेपी लगतारा सीएम सिद्धारमैया का इस्तीफा मांग रही है। दरअसल वित्त मंत्रालय सिद्धारमैया के ही पास है और अवैध ट्रांजैक्शन का मामला उनके विभाग से जुड़ा हुआ है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अगर वित्तीय मामलों में गड़बड़ी हो रहीथी तो पुलिस या फिर बैंक के अधिकारियों को इस घोटाले की जानकारी क्यों नहीं दी गई। अवैध रूप से सरकारी फंड के पैसे प्राइवेट अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। इस बैठक में कांग्रेस नेतृत्व कर्नटाक में बीजेपी-जेडीएस से निपटने का प्लान तैयार कर कता है। दरअसल सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग को लेकर बीजेपी एक सप्ताह की पदयात्रा करने जा रही है। बीजेपी का आरोप है कि मैसूर अर्बन डिवेलपमेंट अथॉरिटी ने करोड़ों के प्लॉट नियमों का उल्लंघन करते हुए आवंटित कर दिए। इसमें मुख्यमंत्री के रिश्तेदार भी शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से कर्नाटक सरकार डिफेंस मोड में हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के खाते में केवल 9 सीटें ही आई थीं। वहीं बीजेपी-जेडीएस गठबंधन ने 21 सीटों पर जीत हासिल की। अब विधानसभा में भी बीजेपी-जेडीएस जमकर सरकार को घेर रही हैं और सीएम का इस्तीफा मांग रही हैं। कर्नाटक में जल्द ही स्थानीय चुनाव भी होने जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठन में भी बदलाव करना चाहती है। वहीं चर्चा यह भी है कि डीके शिवकुमार को कर्नाटक कांग्रेस चीफ के पद से हटाया जा सकता है। दरअसल कुछ नेताओं का कहना हैकि वन मैन वन पोस्ट के नियम का पालन होना चाहिए। वहीं पार्टी के अंदर उन मंत्रियों का भी विरोध हो रहा है जो जिनके विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

### शाहिद अग्निवीरों पर राहुल गांधी के दावे को रक्षा मंत्रालय ने बताया गलत, मुआवजे पर दिया पूरा विवरण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर वाले दावे को रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने खारिज किया है। यह कहा गया कि मिलिट्री सर्विस के दौरान जान गंवाने वाले किसी भी अग्निवीर के परिवार को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जाती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इसमें बीमा और दूसरी मदें भी शामिल हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने आज लोकसभा में कहा कि रक्षा मंत्री ने कहा था कि शहीद अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। मगर, उनकी बात गलत थी। उन्होंने कहा, उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, अगर मिलिट्री सर्विस के दौरान किसी अग्निवीर की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिजनों को 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलती है। इसमें 48 लाख रुपये का बीमा है, जिस पर अग्निवीर से कोई भुगतान नहीं लिया जाता है। 44 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सेवा निधि पैकेज लगभग 11.70 लाख रुपये और सर्विस की शेष अवधि के लिए वेतन भी शामिल है। इसके अलावा, अग्निवीरों को 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर भी मिलता है, जिसे लेकर सरकार ने कई बैंकों के साथ समझौता किया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को किसी भी प्रीमियम का भुगतान करने की जरूरत नहीं होती है।

## रेल हादसों पर ममता का केंद्र पर करारा प्रहार, कहा- आपकी संवेदनहीनता कब खत्म होगी



**कोलकाता, एजेंसी।** देश में लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल में आज सुबह एक और विनाशकारी ट्रेन दुर्घटना हुई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने की खबर हैं। इससे पहले लगातार रेल हादसे हो रहे हैं। रविवार को ही बिहार में संपर्क क्रांति दो हिस्सों में टूट कर अलग हो गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। इससे पहले ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे की एक वीभत्स तस्वीर सामने आ गई थी जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। ममता ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि एक और विनाशकारी रेल दुर्घटना, हावड़ा- मुंबई मेल आज सुबह झारखंड़ के चक्रधरपुर मंडल में पटरी से उतर गई, जिसके कारण कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए हैं। मैं गंभीरता से पूछती हूं, क्या यही शासन व्यवस्था है? लगभग हर हफ्ते दुःस्वप्नों का यह सिलसिला,रेल पटरियों पर मौतों और चोटों का यह अंतहीन सिलसिला कब तक हम इसे सहन करेंगे? क्या भारत सरकार की संवेदनहीनता का कोई अंत नहीं होगा? ममता बनर्जी यूपीए 2 की सरकार में रेल मंत्री रह चुकी हैं और उनको रेल मंत्रालय चलाने का काफी अनुभव भी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है। भारतीय रेल में लोगों की परेशानी लगातार सामने आ रही है, आए दिन लोग अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रेनों की भीड़ को लेकर पोस्ट करते रहते हैं जिस पर भी सोशल मीडिया और विपक्षी नेता रेल मंत्री पर इस्तीफा देने का दवाब बनाने लगते हैं।

## अमरनाथ यात्रा : 31 दिनों में 4.66 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू , एजेंसी।**
29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 1,477 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। इसी के साथ अब तक अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 4.66 लाख हो गई है। अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी। यह 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। मंगलवार को 1,477 तीर्थयात्रियों का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया, 377 यात्रियों को लेकर 13 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3.25 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 1,100 यात्रियों को लेकर 39 वाहनों का दूसरा सुरक्षा काफिला भी उसी समय दक्षिण कश्मीर के नुनवान



(पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दोनों काफिलों के आज दोपहर से पहले घाटी में पहुंचने की उम्मीद है। सीएपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के असाधारण सुरक्षा इंतजामों के कारण इस साल यात्रा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से चल रही है।

गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती-बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है। जिससे बाबा बर्फानी तक पहुंचने में 4 से 5 दिन लग जाते हैं। दूसरा मार्ग बालटाल का है।

## डोनाल्ड ट्रंप का भारतवंशी नेता पर वार- राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन से भी खराब उम्मीदवार हैं कमला हैरिस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उप राष्ट्रपति और चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कमला हैरिस राष्ट्रपति जो बाइडन से भी खराब उम्मीदवार हैं। वहीं बाइडन की तुलना में कहीं अधिक कट्टर वामपंथी हैं। हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार ट्रंप ने एक साक्षात्कार में कई सवाल उठाए। ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता था कि वह मुझसे थोड़ी छोटी हैं। मगर वह तो 60 साल की है। छोटी उम्र में वह बड़े खेल की बात कर रही हैं। मगर उनका खेल पहले से ही बहुत खराब है। वह सीमा पार से आई हैं, लेकिन यह दिखाने की कोशिश करती हैं कि ऐसा कुछ नहीं है। वह पुलिस को बदनाम करना चाहती थी। वह सीमाओं को खोलने और किसी को भी देश में आकर बसने और नागरिकता देना चाहते हैं। यह बहुत बुरी हालत है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कभी ऐसी स्थिति नहीं थी। हमारे देश में 20 मिलियन लोग बाहरी देशों से आए हैं। अब यह आंकड़ा बढ़ गया है। इससे देश तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रंप ने एक बार



फिर डेमोक्रेटिक पार्टी पर बाइडन के खिलाफ तख्तापटल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अमेरिका के राष्ट्रपति का तख्तापलट किया। वे बाइडन के पास गए और कहा आप जा रहे हैं। आप सर्वे में काफी नीचे हैं। यह बिल्कुल ऐसा हुआ कि जिसके साथ आप लड़ाई में हैं और जीतने की ओर हैं। अचानक उसको बदलकर किसी और को लड़ाई मे भेज दिया जाता है। पार्टी ने बाइडन को हटा दिया। उनको पिछली बार बेशक 14 मिलियन वोट मिले, लेकिन फिर भी उन्हें बाहर कर दिया गया। अब वह कुछ कहना चाहता है। वह खाली बैठा है और उसके पास कोई काम नहीं है, कोई बात करने वाला नहीं है। पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति का ऐसे तख्ता पलट हुआ है। ट्रंप ने कहा कि वह हैरिस के साथ जरूर डिबेट करेंगे, क्योंकि अगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो यह गंभीर मुद्दा बन जाएगा। इसके बाद हैरिस फॉर प्रेसिडेंट अभियान ने ट्रंप से हैरिस से बहस करने के लिए कहा। हैरिस के लिए राष्ट्रपति के प्रवक्ता अम्मार मौसा ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप उपराष्ट्रपति हैरिस से बहस पर सीधा जवाब क्यों नहीं देंगे? वह डरे हुए हैं। उनको बहस में महिलाओं पर हुए हमलों, अमेरिका में चुनाव करने के बयान पर जवाब देना होगा। क्या ट्रंप आ सकते हैं? गौरतलब है, कुछ दिन पहले यानी 21 जुलाई को 81 साल के जो बाइडन ने चुनावी दौड़ से बाहर होने का एलान कर सबको चौंका दिया था। हालांकि, राष्ट्रपति बाइडन ने 59 साल की कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया था।

### कोयला खदान ढहने से हुआ बड़ा हादसा, मलबे में दबकर पांच लोगों की मौत

हनोई, एजेंसी। उत्तरी वियतनाम में एक बड़ा हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कोयला खदान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। यह हादसा सोमवार को क्वांग निन्ह में एक कोयला खदान में हुआ। जानकारी के लिए बता दें कि ये देश का सबसे बड़ा कोयला खनन क्षेत्र है। पीपुल्स कमेटी ने एक बयान में कहा, दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। बता दें कि ये पहला ऐसा हादसा नहीं है, वियतनाम में इससे पहले भी कई हादसे हुए हैं। इससे पहले पिछले साल अगस्त में वियतनाम के खनन केंद्र क्वांग निन्ह में एक कोयला खदान ढहने से एक बड़ा हादसा हो गया था। सरकारी थान निएन ने इस बात की जानकारी दी है।

## बीमारी से जूझ रहा खूंखार तानाशाह किम जोंग उन, उत्तराधिकारी घोषित करने की तैयारी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन इन दिनों मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। किम का वजन काफी ज्यादा बढ़ गया है और इसकी वजह से उन्हें हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी समस्याएं हो रही हैं। दक्षिण कोरिया की स्पाई एजेंसी ने इस बात की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि किम जोन उन के अधिकारी विदेश से नई दवाएं मंगाने के बारे में सोच रहे हैं। ताकि तानाशाह का बेहतर ढंग से इलाज किया जा सके। रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी गई है कि किम के उत्तराधिकारी के तौर पर उनकी बेटी को तैयार किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें खास ट्रेनिंग भी दी जा रही है।



उत्तरी कोरिया के तानाशाह शासक, 40 वर्षीय किम जोंग उन को बहुत ज्यादा शराब पीने और स्मोकिंग की आदतें हैं। इसके अलावा उनके परिवार में हार्ट प्रॉब्लम की भी हिस्ट्री है। जानकार बताते हैं कि साल 2021 में किम जोंग उन ने अपना वजन काफी घटा लिया था। इसके पीछे सख्त डाइट प्लान को वजह माना गया था। लेकिन किम की हालिया तस्वीरों में यह साफ नजर आ रहा है कि उनका वजन काफी ज्यादा बढ़ गया है। किम के वजन की चर्चाएं काफी तेज हैं और उन्होंने अभी तक आधिकारिक रूप से अपने उत्तराधिकारी की घोषणा नहीं की है।

अब बताया जा रहा है कि उनकी सबसे छोटी बेटी को किम के उत्तराधिकारी के तौर पर ट्रेनिंग दी जा रही है। तानाशाह की इस बेटी का नाम किम जू ए है। उसकी उम्र अभी मात्र 12 साल बताई जा रही है। फिलहाल उसको लेकर बहुत ज्यादा गोपनीयता बरती जा रही है। 2013 में किम जू ए सबसे पहली बार सामने आई थी। तब केवल अनुमान लगाए जा रहे थे कि वह किम जोंग उन की उत्तराधिकारी बनेगी। हालांकि इसके बाद से वह पिता के साथ कई इवेंट्स में हिस्सा ले चुकी है।

# ब्रिटेन में चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत, नौ घायल

**लंदन, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के साउथपॉर्ट (मर्सीसाइड) में सोमवार को चाकू के हमले में दो बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमले में नौ लोग भी घायल हुए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चीफ कांस्टेबल सेरेना कैनेडी ने बताया कि हमले में घायल हुए नौ लोगों में से छह की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया, सात से ग्यारह साल के बच्चे टेलर स्विफ्ट योगा एंड डांस वर्कशॉप में क्लास ले रहे थे, तभी अचानक एक हमलावर आया और उन पर हमला कर दिया। दो वयस्क जो बच्चों को बचाने की कोशिश कर रहे थे, वह भी घायल हो गए। लंकाशायर के बैंक्स से एक 17 साल के लड़के को हत्या और हत्या के प्रयास के शक में गिरफ्तार किया गया है। हमले के पीछे की मंशा अभी स्पष्ट नहीं है। जांच अभी शुरुआती चरण में है। पुलिस ने चाकूबाजी की इस घटना को एक बड़ी घटना घोषित किया है। फिलहाल, इसे आतंकवाद से संबंधित नहीं माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यह हमला सच में भयानक है। हमले से लोगों को दुख है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने सुबह करीब 11.50 बजे साउथपोर्ट के हार्ट स्ट्रीट पर हुए हमले के संदिग्ध को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उत्तर पश्चिमी एंबुलेंस सेवा ने कहा कि उसके कर्मचारियों ने आठ घायलों का इलाज किया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। एक महिला ने बताया कि उसने मदद के लिए एक मां की चीख सुनी, उसकी बेटी को चाकू मारा गया था।

नाम न बताने की शर्त पर महिला ने बीबीसी को बताया कि मां ने कहा कि उसकी बेटी बमुश्किल होश में थी। हार्ट स्ट्रीट पर एक दुकान के मालिक ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उसने सात से दस बच्चों को खून से लथपथ देखा। उन सभी की उम्र लगभग दस वर्ष थी। उसने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को उस इमारत से बाहर निकाला, जहां हमला हुआ था। उसने यह भी कहा कि उसे बताया गया कि




हमलावर एक टैक्सी में आया था और उसके पास एक चाकू था।

मौके पर पहुंचे स्थानीय पत्रकार टिम जॉनसन, ने बताया कि यह घटना होप ऑफ हार्ट चिल्ड्रन क्लब में हुई। बीबीसी के अनुसार, घायल बच्चों के माता-पिता उनके पीछे भाग रहे थे। यह भयानक था।

### वाणिज्यिक अंतरिक्ष में चीन की तेजी, वैश्विक सुरक्षा को खतरा

**बीजिंग, एजेंसी।** असफलताओं के बीच, चीन का वाणिज्यिक अंतरिक्ष उद्योग धीरे-धीरे वैश्विक मंच पर एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। एक चीनी रॉकेट स्टार्ट अप को एक और लॉन्च विफलता का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक मौसम पूर्वानुमान और भूकंप की भविष्यवाणी के लिए एक वाणिज्यिक समूह के हिस्से के रूप में तीन उपग्रहों का नुकसान हुआ। हाइपरबोला-1- आईस्पेस द्वारा निर्मित 24-मीटर (79 फीट) ऊंचा ठोस ईंधन वाला रॉकेट - हाल ही में सुबह उत्तर पश्चिमी चीन के गोबी रेगिस्तान में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण के साथ एक और झटका लगा। ये विफलताएं अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं, फिर भी इनसे वाणिज्यिक अंतरिक्ष कंपनियों का उत्साह कम नहीं हुआ है। सरकारी समर्थन, निजी पूंजी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के मिश्रण का लाभ उठाते हुए, उद्योग पश्चिमी प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए आक्रामक रूप से प्रयास कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129